ઢ્ભ્ક્ષ લાભ્ક્ષ

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | शनिवार, 11 मई, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-131

## घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल को जमानत

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला, न्याय के औचित्य पर सवाल

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

शराब नीति घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर मामलों में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमानत का पुरजोर विरोध किया और अदालत के समक्ष हलफनामा दाखिल कर कहा कि चुनाव में प्रचार करने के नाम पर जमानत कानून सम्मत नहीं है। चुनाव प्रचार किसी भी विचाराधीन कैदी का मौलिक अधिकार नहीं होता। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा था कि अपराध करने वाला एक सामान्य व्यक्ति हो या मुख्यमंत्री, दोनों में कोई फर्क नहीं होता। लिहाजा, किसी खास अपराधी के खास सलूक नहीं किया जा सकता। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को दरकिनार कर दिया और अरविंद केजरीवाल को एक जून तक के लिए जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से पूरा देश हतप्रभ है। देश के लोग कानून और न्याय के औचित्य पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट के जज संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा था कि वह केजरीवाल को अंतरिम राहत पर शुक्रवार को आदेश पारित कर सकते हैं। केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने हलफनामे में कहा था, इस बात को ध्यान में रखना प्रासंगिक है



कि चुनाव के लिए प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक, यहां तक कि

### चुनाव-प्रचार कैदी का मौलिक अधिकार नहीं, फिर भी दे दी जमानत ! सुप्रीम कोर्ट के फैसले से दूसरे कैदी भी उठा सकते हैं कानूनी फायदा

यह कानूनी अधिकार भी नहीं है। उपरोक्त तथ्यात्मक और कानूनी दलीलों के मद्देनजर अंतरिम जमानत के आग्रह को खारिज कर दिया जाना चाहिए क्योंकि यह कानून के स्थापित सिद्धांतों के विपरीत होगा जो संविधान की मूल विशेषता है।

केवल राजनीतिक चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देना समानता के नियम के खिलाफ होगा और भेदभावपूर्ण होगा क्योंकि प्रत्येक नागरिक का कार्य/व्यवसाय/पेशा या गतिविधि उसके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है।

ईडी ने कहा था कि ऐसा समझना संभव नहीं होगा कि एक छोटे किसान या व्यापारी का काम किसी उस राजनीतिक नेता के प्रचार से कम महत्वपूर्ण है जो स्वीकार करता है कि वह चुनाव नहीं लड़ रहा है। इसने कहा कि यदि केजरीवाल को उनकी पार्टी के लिए लोकसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए एक राजनीतिक होने के कारण कोई अंतरिम राहत दी जाती है, तो इसमें कोई दो राय नहीं है कि जेल में बंद सभी राजनीतिक यह दावा करते हुए समान राहत की मांग करेंगे कि वे भी इस श्रेणी में आते हैं।

## फिर से उजागर हुई कांग्रेस और पाकिस्तान की 'दोस्ती'

## कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने फिर दिया बेजा बयान

# पाकिस्तान की इज्जत करो नहीं तो बम मार देगा

### अब सारे स्तर पार कर रहा कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

पाकिस्तानी नेता ने राहुल गांधी की प्रशंसा की और खुलेआम यह ख्वाहिश जाहिर की कि भारत में नरेंद्र मोदी की सरकार न बने। पाकिस्तान के साथ कांग्रेस पार्टी की परस्पर समझदारी (अंडरस्टैंडिंग) एक बार फिर जगजाहिर हुई जब कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने भारत सरकार को यह ताकीद की कि वह पाकिस्तान को सम्मान दे। मणिशंकर अय्यर ने भारत को धमकी भी दी कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। अब देशवासियों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि मणिशंकर भारतीय है या पाकिस्तानी? अगर वह इस तरह निरंतर पाकिस्तान-परस्त बयानबाजी देने का राष्ट्रद्रोह कर रहा है तो भारत सरकार उसके खिलाफ देश-निकाले की कार्रवाई क्यों नहीं कर रही?

मणिशंकर अय्यर के ऐसे भारत विरोधी बयान पर देश में राजनीतिक सामाजिक भूचाल खड़ा होना स्वाभाविक है। अय्यर के बयान को भारत सरकार के खिलाफ पाकिस्तान की चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है और अय्यर को पाकिस्तान के प्रवक्ता के बतौर। मणिशंकर अय्यर ने



पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत करते हुए कहा है कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि उसके पास एटम बम है। अय्यर ने चेतावनी देने के अंदाज में कहा, भारत को पाकिस्तान की इज्जत करनी चाहिए, क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। अगर हम उनकी इज्जत नहीं करेंगे, बातचीत नहीं करेंगे तो वे भारत के खिलाफ एटम बम का इस्तेमाल करने के बारे में सोचेंगे। मस्कुलर नीति दिखाने वाले भारत को यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान के पास भी कहुटा (रावलपिंडी) में मसल (परमाणु बम) है। भारत सरकार को चेतावनी देने वाले मणिशंकर अय्यर के इस बयान से कांग्रेस और पाकिस्तान के बीच आपसी समझदारी की एक बार फिर पुष्टि हुई है। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है।

आप विस्तार से देखिए मणिशंकर अय्यर ने क्या कहा। अय्यर ने कहा, पाकिस्तान एक संप्रभु मुल्क है। उनकी इज्जत है। उनकी इज्जत को कायम रखते हुए उनसे जितनी बात करनी है करो। लेकिन बात तो करो। बंदूक लेकर आप घूम रहे हो। उससे क्या हल मिला। कुछ नहीं। तनाव बढ़ता जाता है। कोई भी पागल वहां आ जाए तो क्या होगा देश का। उनके पास एटम बम है। हमारे पास भी है। लेकिन किसी पागल ने हमारे बम को लाहौर स्टेशन में छोड़ा तो आठ सेकेंड के अंदर उसकी रेडियो एक्टिविटी अमृतसर पहुंचेगी। आप उसको इस्तेमाल करने से रोको। लेकिन आपने उससे बात की, उसको इज्जत दी तो तभी जाकर वह अपने बम के बारे में नहीं सोचेंगे। मगर आपने उसको ठुकरा दिया तो फिर क्या होगा। दुनिया का विश्व गुरु बनना हो तो यह जरूरी है दिखाने के लिए कि जितना भी खराब हो हमारा समस्या पाकिस्तान के साथ, उसका हल निकालने के लिए हम मेहनत कर रहे है।

### अय्यर के मुंह से पहले भी निकलती रही हैं ऐसी ही गंदगी

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान-प्रेमी बयानों को लेकर विवादों में रहने वाले कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर का ताजा बयान कोई नया नहीं है। वह पहले भी पाकिस्तानियों की तारीफ में कसीदे पढ़ते रहे हैं। अय्यर ने पाकिस्तान जाकर यहां तक कह दिया है कि भारत हिंदू राष्ट्र में तब्दील होना चाहता है। अय्यर ने पाकिस्तानी लोगों को सबसे ज्यादा दोस्ताना बताया था। लाहौर के अलहमरा में फैज महोत्सव के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने कहा था, मैं एक्सपीरियंस से कह सकता हूं कि पाकिस्तानी ऐसे लोग हैं, जो शायद दूसरे पक्ष के रिएक्ट करने पर ओवररिएक्ट करते हैं। अगर हम दोस्ताना हैं, तो वे बहुत ज्यादा दोस्ताना होते हैं। अगर हम दुश्मनी दिखाते हैं, तो वे और भी ज्यादा दुश्मनी दिखाते हैं। अय्यर ने यहां तक कहा था कि पाकिस्तान के साथ सद्भावना की जरूरत है, लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार से सद्भावना की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

### महाराष्ट्र के नंदुरबार में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# 'औरंगजेबों' से हाथ मिलाने वाले मुझे देते हैं धमकी

**नंदुरबार (महाराष्ट्र), 10 मई (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नंदुरबार में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने संजय राउत के आपत्तिजनक बयान का भी जिक्र किया। राउत ने पीएम मोदी को जिंदा दफन करने की बात कही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कल ही शिवसेना वालों को गरीब से कितनी नफरत है, ये इन्होंने फिर बताया है। ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है मोदी तेरी कब्र खुदेगी, दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं। खुद औरंगजेबों के साथ मिल गए और मुझे कहते हैं कि औरंगजेब की तरह दफ्न कर देंगे।




**मुझे जिंदा क्या, मरने के बाद भी दफन नहीं कर पाओगे**


पीएम ने कहा, तुष्टिकरण के लिए ऐसी भाषा बोली जा रही है। इनको सपने दिख रहे हैं कि मोदी को जमीन में गाड़ देंगे। इनकी सियासी जमीन खिसक चुकी है। इनको पता नहीं है कि देश की माताएं-बहनें मोदी की रक्षा करेंगी। माताएं-बहनें ही मोदी की रक्षक हैं। ये मातृ शक्ति मेरा रक्षा कवच है। मुझ पर मातृ शक्ति का इतना आशीर्वाद है कि ये लोग चाहकर भी मोदी को जीते जी तो क्या, मरने के बाद भी जमीन में नहीं गाड़ पाएंगे।

अहमदनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए संजय राउत ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और औरंगजेब का जन्म गुजरात में हुआ था। राउत ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को उद्योगपति करार देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह भी गुजरात में ही पैदा हुए हैं। राउत ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म महाराष्ट्र में हुआ, इसलिए महाराष्ट्र का अपना इतिहास है। इस औरंगजेब का जन्म गुजरात में हुआ, इतिहास देख लें। दाहोद गांव में उसका जन्म हुआ था। ध्यान रखें कि एक बार औरंगजेब को हमने महाराष्ट्र से बाहर किया था। 27 साल औरंगजेब महाराष्ट्र जीतने के लिए लड़ता रहा। आखिर में उसी औरंगजेब को गाड़कर हमने उसकी कब्र बना दी।

### कार्टून कॉर्नर




### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 75,180/-
(प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 86,419/-
(प्रति किलोग्राम)

### शेयर मार्केट



बीएसई : 72,664.47
+260.30 +0.36% ↑

एनएसई :22,055.20
97.70 (0.44%) ↑

### पुंछ और राजौरी को ग्रस रहा इस्लामिक-आतंकवाद

## 41 महीनों में 41 सैनिक और 15 नागरिक मारे गए



**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 10 मई।**

आतंकवाद अब राजौरी और पुंछ जिलों में कहर बरपा रहा है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद कश्मीर में सुरक्षाबलों का दबाव बढ़ा तो आतंकियों ने राजौरी और पुंछ को अपना नया ठिकाना इसलिए बना लिया। अधिकारी भ्रम पाले हुए थे कि एलओसी से सटे यह दोनों जिले आतंकवाद मुक्त हो चुके हैं तथा शांति लौट चुकी है। लेकिन यह उनका भ्रम ही साबित हुआ।

पिछले हफ्ते आतंकी हमले में पहली बार एक वायुसैनिक की मौत हुई। 21 दिसम्बर 2023 को आतंकियों ने पांच जवानों की हत्या कर दी थी।

इसके साथ ही पिछले 41 महीनों में एलओसी से सटे राजौरी और पुंछ जिलों में मरने वाले सैनिकों का आंकड़ा 41 पार कर चुका है। इसी अवधि में 15 नागरिकों की जानें भी आतंकी ले चुके हैं।

## ऊड़ी में नारको मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन तस्कर गिरफ्तार




करोड़ों का नशीला पदार्थ और लाखों की नकदी बरामद

**जम्मू, 10 मई (एजेंसियां)।**

पुलिस ने नारको मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए बृहस्पतिवार को तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7800 किलो का नशीला पदार्थ व 12,63,500 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि नशे की यह सामग्री पाकिस्तान से तस्करी कर लाई गई थी। इम मामले में कुछ और बड़ी मछलियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आमोद अशोक नागपुरे ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बुधवार को उड़ी थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि चुरुंडा निवासी महमूद अहमद नजर और धनिसेदान का रहने वाला सज्जाद अहमद नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दोनों संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। दोनों ने बताया कि उन्होंने चुरंदा में नशीला पदार्थ और नकदी छिपाई है। खुलासे के बाद, मजिस्ट्रेट के साथ एक पुलिस दल ने घटनास्थल की तलाशी ली और प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया।

## अपना ओपन-एजेंडा लेकर सामने आए दो 'सुविख्यात' जज और पत्रकार

## नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी को आमने-सामने की बहस का दिया प्रस्ताव

# यह सुनियोजित षडंयत्र का हिस्सा तो नहीं..!

### प्रस्ताव में वे सारे मुद्दे शामिल, जो टुकड़े-टुकड़े गैंग का एजेंडा रहा है

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

व्यक्तित्व-संकट से जूझ रहे राहुल गांधी अब अपना कद बड़ा दिखाने की मनोवैज्ञानिक संतुष्टि के लिए कुछ गैर-राजनीतिक बड़े लोगों का सहारा ले रहे हैं। जब उनके दिग्दर्शक सैम पित्रोदा उन्हें बड़ा-बड़ा करते-करते खुद ही छटो हो गए, तब राहुल ने दो जजों और एक बड़े स्वनामधन्य पत्रकार का सहारा लिया है। दो जजों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी को एक मंच पर बहस करने का प्रस्ताव दिया है, ताकि लोगों को यह लग सके कि राहुल गांधी का कद (व्यक्तित्व) नरेंद्र मोदी के बराबर है। यह हास्यास्पद प्रस्ताव भेजने वाली विभूतियां हैं सुप्रीम के पूर्व न्यायाधीश मदन बी लोकुर और दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एपी शाह। और इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाने वाले पत्रकार हैं अंग्रेजी दैनिक द हिंदू के एन राम। आप समझ ही गए होंगे इन तीनों शख्सियतों की लाइन और लेंथ। अपनी लाइन और लेंथ के लिए ये लोग काफी अर्से से सुविख्यात हैं। इन दो न्यायाधीशों के भी अपने इतिहास हैं। ये न्यायिक-सक्रियता जिसे अंग्रेजी में ज्यूडिशियल-एक्टिविज्म कहते हैं, उसके लिए खासे नामी रहे हैं। इन दो पूर्व जजों और एक पत्रकार महोदय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर लोकसभा चुनाव के मुद्दों पर आमने-सामने सार्वजनिक बहस करने का प्रस्ताव दिया है। इस पत्र पर वरिष्ठ पत्रकार एन राम ने भी हस्ताक्षर किए हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मदन बी लोकुर और दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एपी शाह ने पत्र में लिखा है कि इस बहस से एक मिसाल कायम होगी और लोग दोनों नेताओं का पक्ष सीधे जान सकेंगे। इससे दोनों को लाभ होगा। चिट्ठी में कहा गया है, दुनिया हमारे चुनाव पर उत्सुकता से नजर रखती है, ऐसे में बेहतर होगा कि जनता दोनों पक्षों के सवाल-जवाब सुने।




### जयशंकर ने कहा, पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा

## पीओके वापस लेने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि देश का प्रत्येक सियासी दल उसकी वापसी के लिए प्रतिबद्ध है और यह वास्तव में हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। जयशंकर नई दिल्ली के गार्गी कॉलेज के छात्रों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, पीओके के बारे में मैं इतना ही कह सकता हूं कि संसद में एक प्रस्ताव है और इस देश का प्रत्येक राजनीतिक दल यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पीओके वापस भारत में मिले। यह हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को समाप्त करने का हवाला देते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि लोगों को पहले लगता था कि अनुच्छेद 370 को नहीं बदला जा सकता है।

# साउंड हीलिंग थैरेपी से पूरे शरीर को रख सकते हैं स्वस्थ: शैमरॉक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
आज के समय में हम जिस जीवन शैली में जी रहे हैं। ऐसे में शांति के कुछ पल चुराना थोड़ा मुश्किल है। तनाव से भरा हुआ सफर शरीर को भी तनाव से भर देता है। शांति पाने के लिए विभिन्न तरह के उपायों को अपनाने में साउंड हीलिंग थैरेपी से पूरे शरीर को हेल्दी रख सकते हैं। यह बात ड्रम्स इवेंट इंडिया के संस्थापक एवं प्रशिक्षक शैमरॉक ने जीतो चेप्टर बेंगलूरु नॉर्थ के अंतर्गत जीतो महिला विंग द्वारा अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित हीलिंग वेव्स ड्राइव इंटू साउंड थैरेपी कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि साउंड हीलिंग कई प्रकार से की जाती



है। जैसे मल्टीडाइमेंशनल म्यूजिक थैरेपी, हीलिंग विद वॉइस, बाय न्यूरल साउंड थेरेपी, साइकोजयोमेट्रिक म्यूजिक, नॉर्डऑफ-रॉबिन्स, हीलिंग विथ सिंगिंग बाउल, सोनिक एक्यूपंक्चर, ब्रेनवेव इनट्रेनमेंट आदि। इस चिकित्सा में विभिन्न नाद सुनकर, गाने के साथ गुनगुनाकर, संगीत की धुन पर झूमकर, मेडिटेशन, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट बजाकर आदि का इस्तेमाल बताया। यह मानसिक बीमारियों से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में उपयोगी है। मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ इम्यूनिटी को मजबूत और कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। सह-प्रशिक्षक एवं संस्थापक ट्रस्टी शिल्पी दास ने ध्वनि चिकित्सा से शुरुआत की, इसके लाभ और इसके पीछे के विज्ञान के बारे में बताया, विभिन्न प्रकार के उपकरणों के माध्यम से व्यायाम, शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने, मन को शांत करने और आत्मा को जागृत करने का अभ्यास करवाया। पूर्व में फेस योगी विशेषज्ञ मीनाक्षी जैन ने प्राथमिक योग क्रिया का अभ्यास करवाया। कार्यशाला का शुभारंभ नवकार मंत्र से हुआ। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया एवं आगामी मदर्स डे की सबको बधाई दी। सह-संयोजिका तनुजा मेहता ने प्रशिक्षकों डॉ. शैमरॉक और शिल्पी दास का परिचय दिया। प्रतिभागी लक्ष्मी बाफना, अनीता जैन, कविता, सोनिया ने अनुभव साझा किए। सीमा जैन, पूर्वी दसानी ने व्यवस्था में सहयोग किया। जीतो संस्था द्वारा उनका सम्मान किया गया। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफना, कार्यसमिति सदस्य मनीषा डोशी उपस्थित थी। कार्यशाला का संचालन संयोजिका सुष्मिता सेठिया ने किया। राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

## अक्षय तृतीया पर सालासर बालाजी मंदिर का निर्माण कार्य शुरू



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
शहर के बन्नेरघट्टा रोड के रांका कॉलोनी स्थित सालासर बालाजी मंदिर के भूखण्ड पर अक्षय तृतीया के शुभ पर्व पर श्री सालासर बालाजी सेवा समिति द्वारा मंदिर निर्माण का कार्य शुरू किया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद मुरारका, उपाध्यक्ष सतीश मित्तल, संजय शाह व मनित सोमानी ने पूजा कर निर्माण कार्य शुरु किया। मंदिर निर्माण का कार्य शुरू होने पर भक्तों ने उत्साह के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित होकर जय श्री बालाजी जय श्री राम का जयघोष किया।

## महिला मंडल द्वारा पौधे को सींचे पर कार्यशाला



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर के तत्व-ावधान में बुधवार को पौधे को सींचे कार्यशाला का आयोजन आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी उदितयशा जी के पावन सानिध्य में लक्ष्मीलाल, रोशनलाल कोठारी के निवास स्थान पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र से हुआ। तत्पश्चात मंडल की बहनों द्वारा प्रेरणा गीत का सुमधुर संघान किया गया। अध्यक्षा उषा चौधरी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि बचपन से ही बच्चों में संस्कारों का बीज बोना चाहिए। साध्वी उदितयशा जी ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से विषय पर फरमाते हुए कहा अभिभावकों को हमेशा जीवन में क्षमाभाव और कृतज्ञ भाव रखना चाहिए। माता की क्रिया से सही, गलत के संस्कार उसमें संप्रेषित होते हैं। वह गर्भ से ही माता के जरिए बाहरी दुनिया व संस्कारों से परिचित होता है, क्योंकि संस्कार और संगत का बच्चों पर बहुत असर होता है। प्रोविजनल जोनल ट्रेनर लता नवलखा ने बताया कि बच्चों की परवरिश में प्यार और स्नेह की नींव तथा बच्चों में जिम्मेदारी के गुण को विकसित करना चाहिए। बच्चों की प्रतिभाओं की पहचान करें और उनके सपनों को पूरा करने में हर संभव मदद करें। कार्यक्रम का संचालन सहमंत्री सरिता संचेती ने किया। संगठन मंत्री रंजीता बोथरा ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मंडल के सभी पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी सहित अन्य बहनों की भी उपस्थित रही।

## महिला पर यौन शोषण मामले में शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर करने वालों की तलाश शुरू

**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।**
हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा यौन शोषण के कथित कई मामलों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उन लोगों की पहचान करने के लिए जांच शुरू की है जिन्होंने कथित तौर पर एक महिला को फोन किया और उसे जद (एस) के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया। सूत्रों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। यह कदम राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के यह कहने के बाद आया है कि उसके पास पहुंची एक महिला शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसे 33 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था, जो जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधान मंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते और हासन से



लोकसभा उम्मीदवार हैं। सूत्रों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी के सिंह की अध्यक्षता वाली जांच टीम को महिला के बारे में तभी पता चला जब एनसीडब्ल्यू ने शिकायत एसआईटी को भेज दी। जांच टीम में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एसआईटी से किसी ने भी पहले उनसे संपर्क नहीं किया है और उन्होंने इस संबंध में उनके पास कोई शिकायत दर्ज नहीं की है।

# संत कवि बसव जयंती मनाई

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भोगादी स्थित रूपनगर के विनायक गणपति मंदिर के सभागार में जनसेवक युवा ब्रिगेड की ओर से संत कवि बसव जयंती मनाई गई। सर्व प्रथम तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए गए। बाद में सामाजिक क्षेत्रों में अपनी श्रेष्ठ सेवाएं देने पर (पर्यावरण एवं सामाजिक क्षेत्र) में पर्यावरण जागृती वैदिके के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित बन्नूर, (शिक्षा क्षेत्र) में प्रोफेसर साधना तंत्री, (स्वास्थ्य क्षेत्र) में एसइ गिरीश, (संगठन निर्वाचन क्षेत्र) में आर. महेश कुमार, (सामजिक क्षेत्र) में माया शॉन बाग को कायाकायोगी बसवश्री पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी महेंद्र सिंह राजप-ुरोहित ने बताया कि धर्मग्रंथों के एक-एक शब्द में अपार शक्ति छुपी हुई है। एक श्लोक का



संदेश जीवन में अपना लिया जाए तो भी जीवन में बदलाव देखा जा सकता है। हम तभी ऊंचे होते हैं जब बसवन्ना के सिद्धांत जीवन का आधार होते हैं। जब आत्मा में बसवन्ना बनने की भावना जगती है तो समाज में आदर्श बनकर जीने में मदद मिलती है। उन्होंने आगे बताया कि बसवन्ना के शब्दों को हमें दैनिक जीवन में उतारना चाहिए। हमें अपने कर्म और शब्दों को बदलना चाहिए। भक्ति भंडारी ने बसवन्ना के श्लोकों को जीवन की प्रेरणा के रूप में अपनाकर उनका अनुयायी बनने और समाज को एक अच्छा संदेश देने का आह्वान किया। कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डॉ. एसपी योगन्ना, होटल ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण गौड़ा,भाजपा नेता अरुण कुमार गौड़ा, विवेकानंद संस्थान की अध्यक्ष सविता गौड़ा, जनसेवक युवा ब्रिगेड के अध्यक्ष डी. राघवेंद्र, केएमपीके ट्रस्ट के अध्यक्ष विक्रम अयंगर, श्रीधर, प्रवीण कुमार, महादेव स्वामी आदि उपस्थित रहे।

# हवाईअड्डे पर 72.4 मिमी बारिश दर्ज होने के बाद उड़ानें हुई डायवर्ट

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
बेंगलुरु में गुरुवार को भारी बारिश के कारण केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) में पानी का रिसाव हुआ और इसके परिणामस्वरूप कई उड़ानों में देरी हुई और मार्ग बदलना पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बेंगलूरु हवाई अड्डे पर 72.4 मिमी की भारी बारिश हुई, जबकि शहर में केवल 24 घंटों में 14 मिमी बारिश दर्ज की गई। टर्मिनल 2 पर हुए नुकसान के बाद कम से



कम 17 उड़ानों को चेन्नई की ओर मोड़ दिया गया। भारी हवाओं और बारिश के कारण, हवाई अड्डे पर लैंडिंग पट्टी रात 9.35 बजे से 10.29 बजे के बीच पहुंच योग्य नहीं थी। तेरह घरेलू उड़ानें, तीन अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें और एक अंतरराष्ट्रीय कार्गो उड़ान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया गया। आईएमडी अधिकारियों के अनुसार, बारिश गुरुवार को सुबह 8.30 बजे से शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे के बीच दर्ज की गई। केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मौसम की स्थिति में सुधार होने के बाद उड़ानों को बेंगलूरु के लिए पुनर्निर्देशित किया गया। आईएमडी ने 13 मई तक बेंगलूरु के लिए पीली चेतावनी जारी की है, जो भारी बारिश का संकेत देती है।

## एनआईए ने प्रवीण नेट्टारू हत्याकांड में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को दक्षिण कन्नड़ जिले में भाजपा युवा मोर्चा के नेता प्रवीण नेट्टारू की हत्या में वांछित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान कोडागु जिले के सोमवारपेट के मोहम्मद मुस्तफा, जिसे मुस्तफा पाइचर, सिराज, जिसे इलियास के नाम से भी जाना जाता है, के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि मुस्तफा और इलियास दोनों को हासन जिले के सकलेशपुर के सिराज ने आश्रय दिया था। एनआईए के एक अधिकारी ने कहा मुस्तफा और इलियास को एनआईए ने



प्रवीण नेट्टारू हत्याकांड में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था, वहीं सिराज को उन्हें शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 26 जुलाई, 2022 को सुलिया तालुक के बेलारे गांव में अब प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कैडरों द्वारा नेट्टारू की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड से न सिर्फ जिले में बल्कि राज्य में भी स्थिति गंभीर हो गई थी। ऐसे में मामला एनआईए को सौंप दिया गया। एनआईए के अधिकारी, जिन्होंने पहले ही इस मामले के संबंध में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, अब शांतिनगर, सुल्या के निवासी मुस्तफा को गिरफ्तार कर लिया है, जो नेट्टारू हत्याकांड में चौथा आरोपी था।

# कोर्ट ने बेंगलूरु टर्फ क्लब में सट्टेबाजों के खिलाफ कर चोरी के मामले को रखा बरकरार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बेंगलूरु टर्फ क्लब में सक्रिय सट्टेबाजों द्वारा कथित कर चोरी से जुड़े एक मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि जांच के दौरान एकत्र किए गए सबूत संभावित संज्ञेय अपराध का संकेत देते हैं। न्यायमूर्ति एस विश्वजीत शेट्टी की पीठ ने सट्टेबाजों द्वारा दायर याचिका के जवाब में यह आदेश जारी किया। यह मामला जनवरी में कर्नाटक पुलिस अधिनियम, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी)



और कर्नाटक रेस बेटिंग अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था, जो सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के बाद हुआ था कि सट्टेबाज उचित पंजीकरण के बिना दांव स्वीकार कर रहे थे, जिससे कर चोरी हो रही थी। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने 3,45,74,040 रुपये जब्त किये। सट्टेबाजों के वकील ने तर्क दिया कि उनके पास लाइसेंस था। उन्होंने आईपीसी की धोखाधड़ी धारा की प्रयोज्यता पर सवाल उठाया और यह सुझाव दिया कि इसे अन्य प्रावधानों की गैर-संज्ञेय प्रकृति के कारण लागू किया गया था। वकील ने तर्क दिया कि कोई भी गलत काम जीएसटी अधिकारियों के दायरे में आता है। महाधिवक्ता शशिकिरण शेट्टी ने एकत्रित जीएसटी के लिए रसीदें जारी करने में सट्टेबाजों की विफलता और टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) के रिकॉर्ड की कमी का हवाला देते हुए इसका विरोध किया। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि यदि साक्ष्य प्रथम दृष्टया मामले का सुझाव देते हैं, तो अदालतों को जांच में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए। इसने एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर दंडात्मक प्रावधानों को लागू करने में जांच एजेंसी के विवेक पर जोर दिया।

## प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ एक और रेप का मामला दर्ज

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स वीडियो घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ एक और बलात्कार का मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि बचाई गई महिला जिसका कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना ने अपहरण कर लिया था, ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत न्यायाधीश के समक्ष अदालत में बयान दर्ज कराये हैं। एसआईटी ने चन्नरायपटना शहर के पास फार्महाउस की स्पॉट जांच



भी की है। पीड़िता ने कबूल किया था कि फार्महाउस में काम करने के दौरान प्रज्वल रेवन्ना ने उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया था। सूत्रों ने बताया कि 62 साल की पीड़िता का वीडियो यौन उत्पीड़न की पुष्टि करता है। जब प्रज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया जा रहा था तो उसे गिड़गिड़ाते, आरोपी के पैर छूते और रोते हुए देखा गया। वह यहां तक कहती सुनाई दे रही है कि उसने उसके परिवार के सभी सदस्यों को खाना खिलाया है और उसे उसके साथ ऐसा नहीं करना चाहिए।

# पेन ड्राइव मामले की जांच में न तो मैंने और न ही शिवकुमार ने कोई हस्तक्षेप किया: सीएम

### सीबीआई को जिम्मेदारी सौंपने की कोई जरूरत नहीं

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने स्पष्ट कर दिया है कि हासन के पेन ड्राइव मामले में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार या मेरा कोई हस्तक्षेप नहीं है और उन्हें एसआईटी जांच पर पूरा भरोसा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीबीआई को जिम्मेदारी सौंपने की कोई जरूरत नहीं है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पेन ड्राइव मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन हो चुका है।

मुझे हमारी पुलिस पर भरोसा है। मुझे विश्वास है कि वे कानूनी तरीके से जांच करेंगे और रिपोर्ट देंगे। इससे पहले कई मामले जांच के लिए सीबीआई को सौंपे गए थे। भाजपा शासनकाल में एक भी केस सीबीआई को नहीं सौंपा गया। भाजपा और देवेगौड़ा एक संगठन के तौर पर इसकी आलोचना करते थे। लेकिन अब उन्हें अचानक से सीबीआई से प्यार हो गया है। हमारी सरकार जांच में हस्तक्षेप नहीं करेगी। हमें विश्वास है कि एसआईटी निष्पक्ष और कानूनी तरीके से जांच करेगी। मैंने कभी पुलिस को कानून के खिलाफ काम करने को नहीं कहा। कहने के लिए कुछ भी नहीं। हमारी पुलिस एसआईटी में है। उन पर विश्वास रखें। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि वह सच्चाई का पता लगा लेंगे। अतीत में हमने कई मामले सीबीआई को दिए हैं। कम से कम एक को तो सजा हुई। इसका मतलब यह नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है।





पेन ड्राइव के मामले में कोई राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय दायरा नहीं है। जांच में कोई हस्तक्षेप नहीं है। हम अपनी पुलिस पर भरोसा कैसे नहीं कर सकते? क्या जांच के लिए समय नहीं दिया जाना चाहिए? पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के खिलाफ दर्ज अपहरण के मामले में कोई सबूत नहीं होने के आधार पर अग्रिम जमानत के लिए याचिका क्यों दायर की गई। कोर्ट ने जमानत अर्जी क्यों खारिज की? उन्होंने तर्क दिया कि इस आधार पर जमानत नहीं दी जानी चाहिए थी कि यह झूठी एफआईआर थी। आचार संहिता के कारण वे बसव जयंती के सरकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने बसवन्ना की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम बसवन्ना के आदर्शों को याद कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह सुझाव दिया गया कि एसएसएलसी परीक्षा परिणाम में मैसूरु को 5वें स्थान पर आना चाहिए। हालांकि यह इस पंक्ति में 7वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इसे और ऊंचे स्तर पर ले जाने की दिशा में कदम उठाया जायेगा। यह सराहनीय है कि मोरारजी आवासीय विद्यालय, मुधोल, बागलकोट के छात्र ने एसएसएलसी परीक्षा में राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने कामना की कि आवासीय विद्यालयों के और भी छात्र इसी तरह की उपलब्धि हासिल करें। 1994 में जब वे वित्त मंत्री थे, तब मोरारजी स्कूल इसलिए शुरू किये गये थे कि ग्रामीण इलाकों, दलितों, पिछड़े वर्गों और किसानों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उस मौके पर दलित संगठन नारे लगा रहे थे कि हमें सराय, महिला दुकानें नहीं चाहिए, आवासीय विद्यालय चाहिए। मैं दलित संघर्ष समिति से जुड़ा था। मैं स्वयं ग्रामीण क्षेत्र से था। इसलिए मैंने आवासीय विद्यालय शुरू किए। उन्होंने कहा, आज 900 से अधिक आवासीय विद्यालय हैं।

## शादी टूटने पर युवक ने नाबालिग लड़की का सिर काटा


**कोडागु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जिले में 16 वर्षीय लड़की की नाबालिग होने के कारण प्रस्तावित शादी रुक जाने के बाद 32 वर्षीय व्यक्ति ने बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। प्रकाश नामक आरोपी, जो घटनास्थल से भाग गया, ने कथित तौर पर मीना का सिर काट दिया और अपने साथ ले गया। घटना सुरलब्बी गांव की है। मीना ने अभी-अभी अपना एलसी (लीविंग सर्टिफिकेट) पूरा किया था और प्रकाश के साथ उसकी सगाई गुरुवार को तय हुई थी। हालाँकि, बाल विवाह के खिलाफ कानूनी प्रावधानों के कारण बाल कल्याण विभाग ने हस्तक्षेप किया और दोनों परिवारों को विवाह के खिलाफ परामर्श दिया। दोनों परिवार मीना के 18 साल के होने तक इंतजार करने पर सहमत हुए। इसके बावजूद, प्रकाश ने मीना के माता-पिता पर हमला किया, जिससे उसकी माँ गंभीर रूप से घायल हो गई, और फिर मीना को बाहर खींच लिया, जहाँ उसने उसका सिर काट दिया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और प्रकाश को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## बस और टैंकर की भिड़ंत में 20 घायल

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बेलतांगडी शहर के बाजार क्षेत्र में अय्यप्पा गुड़ी के पास एक निजी बस एक टैंकर से टकरा गई। दुर्घटना में बीस लोग घायल हो गए। निजी बस बेलतांगडी से करकला जा रही थी, जबकि टैंकर गुरुवायनाकेरे से बेलतांगडी जा रहा था। सौभाग्य से टैंकर से कोई रिसाव नहीं हुआ, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

घायल व्यक्तियों में बस चालक अरुण कुमार, कंडक्टर अबूबकर, टैंकर चालक सुंदर गौड़ा और यात्री कार्तिक, अब्दुल रहमान, यशोदा, विजया, वसंती, प्रीति, ममता, कल्याणी, पद्मावती, राघवेंद्र, नारायण कुलल, नागेश हेगड़े, शमीना, शाइमा और नारायण नायका शामिल हैं। टक्कर के प्रभाव के कारण बस 10 मीटर पीछे चली गई और सड़क अवरुद्ध हो गई। साथ ही एक ऑटो-रिक्शा को भी टक्कर मार दी। ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

## प्रदेश में 17 मई तक प्री-मानसून बारिश जारी रहने की संभावना



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के दक्षिणी भीतरी इलाकों के कई हिस्सों में भारी बारिश ने सूखे से परेशान किसानों के चेहरे पर हंसी ला दी। कृषि कार्य शुरू हो गए हैं। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक 17 मई तक राज्य में बारिश जारी रहेगी। अगले चार दिनों तक दक्षिणी भीतरी इलाकों में अच्छी बारिश की उम्मीद है। राजधानी बेंगलूरु, बेंगलूरु ग्रामीण, रामनगर समेत राज्य के दक्षिणी भीतरी इलाकों के कई हिस्सों में मध्यम बारिश हुई है। कुछ जगहों पर गरज, चमक और तूफान के साथ बारिश हुई तो कुछ जगहों पर भारी बारिश हुई। गुरुवार शाम बेंगलूरु में अच्छी बारिश हुई। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और शाम और रात में गरज, बिजली और तूफान के साथ अगले चार दिनों तक बारिश की संभावना है। तटीय, पहाड़ी और दक्षिणी भीतरी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। 12 मई से 17 मई तक दक्षिणी आंतरिक भाग में वर्षा बढ़ेगी। साथ ही इस दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में छिटपुट हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। दक्षिणी भीतरी इलाकों सहित राज्य के कुछ हिस्सों में एक सप्ताह से प्री-मॉनसून बारिश हो रही है और अधिकतम तापमान, जो औसत से लगभग तीन डिग्री ऊपर था, तेजी से गिर गया है। इससे भीषण गर्मी में भी ठंडा वातावरण बन गया है। गर्मी से बेहाल लोग खुश हैं। साथ ही मौसम भी सामान्य हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, कल्याण कर्नाटक में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। केवल विजयपुर, बागलकोट, कोप्पल जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। राज्य के लगभग सभी जिलों में अधिकतम तापमान 38 डिग्री से नीचे है। राजधानी बेंगलूरु में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है इसलिए अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस है।

### बसवेश्वर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

# कुमारस्वामी को पहले अपना घर ठीक करना चाहिए: शिवकुमार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि दुनिया की चिंता मत करो, कृपया अपना ख्याल रखो। उन्हें पहले अपना घर ठीक करना चाहिए। बसव जयंती के अवसर पर विधान सौधा परिसर में बसवेश्वर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने शुरुआत में पेन ड्राइव मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा मेरा काम कुमारस्वामी समेत जेडीएस नेताओं की राज्यपाल से मुलाकात कर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग का जवाब देना है।

यहां अन्य मुद्दों पर चर्चा करना उचित नहीं है। बसवन्ना ने क्या कहा? उन्होंने कहा तुम क्यों संसार का बोझ अपने ऊपर डालते हो, अपना काम स्वयं करो और अपने मन को प्रसन्न करते हो? जिम्मेदारी किसी और पर क्यों डालते रहें? यह आंतरिक पवित्रता है, यह खुली पवित्रता है। उन्होंने कहा, पहले अपने घर की मरम्मत करें। पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी ने डीके शिवकुमार को बसवन्ना की प्रतिज्ञा याद दिलाई। किसी और के बारे में क्यों बात करें। बसवन्ना ने कहा है कि दुनिया के लोगों के लिए संशोधन करो। आइए हम इसका पालन करें। उन्होंने कहा कि वह कुमारस्वामी को शुभकामनाएं देते हैं जिन्होंने राज्यपाल से शिकायत की है। बसवन्ना ने बसवकल्याण में पहली संसद का उद्घाटन किया। हम उसके आधार पर चल रहे हैं। बसवन्ना ने जाति और धर्म के बिना समानता की वकालत की। हमारे सरकारी कार्यक्रम समतामूलक समाज के निर्माण के पूरक हैं। राज्य सरकार ने सुझाव दिया है कि सभी कार्यालयों में बसवन्ना का चित्र रखा जाना चाहिए और बसव जयंती मनाई जानी चाहिए। बसवन्ना को राज्य का सांस्कृतिक नायक घोषित किया गया। उन्होंने साफ किया कि हम आंदोलन में भी बसवन्ना के सिद्धांतों का पालन कर रहे हैं। कार्यक्रम में विधान परिषद के सभापति बसवराज होराट्टी, मंत्री ईश्वर खंड्रे, पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी समेत कई लोग मौजूद थे। इससे पहले कुमारस्वामी ने आरोप लगाया था कि शिवकुमार ने कार्तिक को पढ़ाया था, जिसने प्रज्वल रेवन्ना के मोबाइल फोन से वीडियो को पेन ड्राइव में रिकॉर्ड किया था और उन्हें प्रसारित किया था, क्योंकि कार्तिक लंबे समय तक प्रज्वल रेवन्ना का ड्राइवर था। हासन सेक्स वीडियो और पेन ड्राइव घोटाले की सीबीआई जांच का आदेश देने के लिए राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में कुमारस्वामी की मांग पर पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा, मैं केवल शुभकामनाएं ही कह सकता हूं। क्योंकि उन्होंने आरोप लगाया था कि सिद्धरामैया सरकार द्वारा गठित एसआईटी निष्पक्ष नहीं हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि किसी भी पीड़ित महिला ने उसके पास कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है, उपमुख्यमंत्री ने कहा यह कुछ सांत्वना है कि एनसीडब्ल्यू ने कम से कम प्रतिक्रिया दी है और अपनी टिप्पणियां दी हैं। एनसीडब्ल्यू को जवाब देना हमारी जिम्मेदारी नहीं है क्योंकि जरूरत पड़ने पर पुलिस और जांच अधिकारी उचित जवाब देंगे।





### जीवन को खतरे से डरे हुए हैं

एसआईटी अधिकारियों के इस बयान पर एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए कि कोई भी पीड़ित महिला उनसे बात करने के लिए आगे नहीं आई है, उन्होंने कहा पीड़ित प्रभावशाली राजनीतिक नेताओं की धमकियों और उनके जीवन को खतरे से डरे हुए हैं। वे अपनी जान जोखिम में क्यों डालेंगे? अमेरिका के आईटी प्रमुख सैम पित्रोदा द्वारा दक्षिण भारतीयों की त्वचा के रंग पर नस्लवादी टिप्पणियों पर एक सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी विविधता में एकता के लिए जाना जाता है और कांग्रेस पार्टी धर्मनिरपेक्ष नीतियों के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस पार्टी के रुख पर किसी तरह का संदेह पालने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस सरकार बसवन्ना के सिद्धांतों और शिक्षाओं का पालन कर रही है। समान अधिकार और समान अवसर सरकार द्वारा पालन किया जाने वाला सिद्धांत है जिसका प्रचार बसवन्ना ने किया था। सरकार के सभी कार्यक्रम और गारंटी सिद्धांत पर आधारित हैं।

# हिंदू जनसंख्या में गिरावट एक चिंताजनक घटना: प्रह्लाद जोशी

### एक व्यापक अध्ययन किया जाना चाहिए

**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश में हिंदू आबादी में गिरावट एक बहुत ही चिंताजनक घटना है। यहां शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को अब जागना चाहिए और विकल्प चुनना चाहिए। भारत में हिंदुओं की घटती जनसंख्या के बारे में तत्काल कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता है। हालाँकि, उन्होंने राय दी कि एक व्यापक अध्ययन किया जाना चाहिए। जैसे-जैसे देश में हिंदुओं की आबादी घटेगी, समय के साथ लोकतंत्र भी बदल जाएगा। साथ ही जोशी ने इस बात पर भी गहरी चिंता जताई कि यह धर्मनिरपेक्ष नहीं रहेगा। भारत विश्व का एकमात्र धर्मनिरपेक्ष देश है। पक्का एक धर्मनिरपेक्ष देश है। धर्मनिरपेक्षता भारतीयों के खून और स्वभाव में है। उन्होंने कहा कि एक दिन यह खतरा हो सकता है कि भारत अनेकता में एकता देखने वाला देश है। यह एक ऐसा देश है जो विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों का पालन करने का निःशुल्क अवसर देता है। मंत्री जोशी ने उम्मीद जताई कि यह विरासत जारी रहनी चाहिए। यह मुख्य रूप से हिंदू देश है, इसमें सभी धर्म शामिल हैं। हालाँकि, अब हिंदुओं की संख्या घट रही है। जोशी ने चेतावनी दी कि सरकार और समाज को गंभीरता से चिंता करनी चाहिए। बसवन्ना के विचार का समाज बनाया जाना चाहिए। बसवन्ना, लोकतंत्र के प्रणेता, सामाजिक समानता के प्रणेता थे। जोशी ने बसव जयंती के अवसर पर कहा कि उनके विचार का सामाजिक निर्माण और प्रशासनिक व्यवस्था आज आनी है। इससे पहले भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि ने 1950 से 2015 के बीच हिंदू आबादी में गिरावट और मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी पर चिंता जताई थी। गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए, उन्होंने जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के कारण अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के निर्माण जैसे उदाहरणों की ओर इशारा करते हुए ऐसे बदलावों के ऐतिहासिक परिणामों को नजरअंदाज करने के खिलाफ चेतावनी दी। रवि ने इस बात पर जोर दिया कि जनसांख्यिकीय बदलाव से असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है और संविधान की स्थिरता को खतरा हो सकता है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि जनसंख्या जनसांख्यिकी में बदलाव जारी रहा, तो सांस्कृतिक और धार्मिक स्वतंत्रता का नुकसान हो सकता है, त्योहार और उत्सव विशिष्ट समूहों के नियंत्रण में आ जाएंगे।




### गौहत्या और लव जिहाद जैसे मुद्दों के अनियंत्रित होने पर भी चिंता

उन्होंने गौहत्या और लव जिहाद जैसे मुद्दों के अनियंत्रित होने पर भी चिंता जताई। इन चिंताओं के आलोक में, भाजपा नेता ने दो समाधान प्रस्तावित किये। सबसे पहले, उन्होंने धार्मिक रूपांतरणों को रोकने और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के खिलाफ प्रतिरोध को प्रोत्साहित करने के लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की वकालत की। दूसरे, उन्होंने इन मुद्दों के समाधान के लिए विधायी उपायों का आह्वान किया और सुझाव दिया कि सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाए जाने की जरूरत है। रवि ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे क्षेत्रों के ऐतिहासिक महत्व को भूलने के प्रति आगाह किया, जो कभी भारत का हिस्सा थे, और भारत के विभाजन की वास्तविकताओं और शरणार्थियों की दुर्दशा के बारे में भावी पीढ़ियों को शिक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने भविष्य में इसी तरह की चुनौतियों से बचने के लिए ऐतिहासिक घटनाओं को स्वीकार करने और उनसे सीखने के महत्व पर जोर दिया।

## बसवन्ना के सिद्धांतों का पालन करते हुए मोदी आगे बढ़े: विजयेंद्र



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बी.वाई. विजयेंद्र ने मलेश्वरम में स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय, जगन्नाथ भवन में शुक्रवार को आयोजित महान मानवतावादी श्री बसवेश्वर की जयंती कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने 12वीं शताब्दी में समतामूलक समाज के निर्माण का सपना देखने वाले जगज्योति बसवेश्वर, अन्ना बसवन्ना की जयंती पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पीड़ित समाज को न्याय दिलाने की आशा से काम किया है। यहां तक कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बसवन्ना के मार्गदर्शन पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बसवन्ना ने अपने वास्तविक जीवन के अनुभवों के माध्यम से आम लोगों तक एक संदेश पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि बसवन्ना के शब्द हमारे जीवन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस कार्यक्रम में विधान परिषद के पूर्व सदस्य एम.डी. लक्ष्मीनारायण, राज्य महासचिव पी. राजीव, राज्य सचिव तमेश गौड़ा, बेंगलूरु उत्तर जिला अध्यक्ष हरीश, नेता रामू, कार्यालय संयुक्त सचिव विश्वनाथ सहित पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# छत्तीसगढ़ में फिर हुई मुठभेड़, 12 नक्सली मारे गए

**बीजापुर (छत्तीसगढ़), 10 मई (एजेंसियां)।**
छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पीड़िया के जंगल में शुक्रवार की सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई जबरदस्त मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए। वहीं मुठभेड़ के दौरान दो जवानों के घायल होने की भी जानकारी मिल रही है। सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा की डीआरजी कोबरा की 210 बटालियन और एसटीएफ के जवानों की सर्चिंग जारी है। मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार भी बरामद।

जंगल मे मौजूद कई बड़े नक्सलियों को जवानों ने घेर रखा है। घटनास्थल से मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। तीन जिलों के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर हैं और 12 घंटे तक मुठभेड़ हुई है। बड़े नक्सल लीडर्स की मौजूदगी के हिंट पर ऑपरेशन लॉन्च किया गया है। बस्तर आईजी और डीआईजी समेत जिले के एसपी ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं।

जवानों को गंगालूर थाना क्षेत्र के पीड़िया इलाके में नक्सलियों के टॉप हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव समेत बड़े लीडर्स के जंगल में होने की सूचना मिली थी। नक्सलियों की इस कमेटी में डीकेएसजेडसी, डीवीसीएम व एसीएम कैडर के बड़े नक्सली भी मौजूद हैं। सूचना के बाद पड़ोसी जिले दंतेवाड़ा, सुकमा व बीजापुर से एसटीएफ, डीआरजी, सीआरपीएफ व कोबरा बटालियन के 1200 जवानों ने साझा अभियान चलाया।



जहां जंगल में शुक्रवार की सुबह हुई जबरदस्त मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया।
मुठभेड़ के दौरान आईईडी की चपेट में आने से 2 जवानों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। डीआरजी का एक और एक एसटीएफ का जवान घायल हुआ है। घायल जवानों को उपचार के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया है। नक्सली मुठभेड़ पर सीएम विष्णुदेव साय ने जवानों और अधिकारियों को बधाई दी है। सीएम ने कहा कि घटनास्थल से मारे गए नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हथियार, विस्फोटक और दैनिक उपयोग का समान भी बरामद किया गया है।

इससे 10 दिन पहले 30 अप्रैल को नारायणपुर मुठभेड़ में बस्तर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी थी। नक्सलियों और जवानों के बीच करीब 9 घंटे चली मुठभेड़ के बाद जवानों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए नक्सलियों में 3 महिला और 7 पुरुष माओवादी शामिल थे। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर 29 अप्रैल को जवान नारायणपुर और कांकेर जिले के बॉर्डर इलाके में सर्चिंग पर निकले हुए थे।

रात भर सर्चिंग के बाद 30 अप्रैल की सुबह अबूझमाड़ के टेकामेटा के जंगलों में डीआरजी और एसटीएफ़ के जवानों का सामना नक्सलियों से हो गया था। इससे पहले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दावा किया था कि छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नारायणपुर के अबूझमाड़ इलाके में मंगलवार सुबह डीआरजी और एसटीएफ के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गए। इनमें 3 महिला नक्सली शामिल थी।

## सशस्त्र पुलिस बलों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने के लिए रोडमैप तैयार

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**
रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सशस्त्र पुलिस बलों तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल जैसी एजेन्सियों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने को लेकर अब तक की गयी पहलों की समीक्षा के साथ साथ इस संबंध में अगले छह महीने के लिए एक रोडमैप भी तैयार किया है।

डीआरडीओ ने गुरुवार को यहां 8वीं प्रौद्योगिकी परिषद की बैठक में यह समीक्षा की। यह बैठक गृह मंत्रालय के तहत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), पुलिस और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) में डीआरडीओ की प्रौद्योगिकियों को शामिल करने की स्थिति की समीक्षा करने के लिए आयोजित की गई थी।

बैठक में पूरे देश के विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं ने वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया। इसमें प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी रही और इस संबंध में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गयी। इसके अलावा बैठक में अगले छह महीनों के लिए गतिविधियों से संबंधित एक रोडमैप भी तैयार किया गया।

इस बैठक के एक हिस्से के तहत डीआरडीओ की ओर से विकसित विभिन्न उत्पादों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इसमें हथियार प्रणाली, संचार, आंतरिक सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, भरण-पोषण आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। डीआरडीओ की महानिदेशक (उत्पादन, समन्वय और सेवा सहभागिता) चंद्रिका कौशिक ने बैठक की अध्यक्षता की।

इसमें बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, एनडीआरएफ, एनएसजी, असम राइफल्स, आईबी और दिल्ली पुलिस के पुलिस महानिरीक्षक मौजूद थे। इसके अलावा बैठक में गृह मंत्रालय की सलाहकार श्रीमती हरचरण कौर ने भी हिस्सा लिया।

डीआरडीओ आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में रक्षा सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के विकास में शामिल प्रमुख अनुसंधान संगठन है। गृह मंत्रालय के तहत केंद्रीय पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण में सहायता के लिए डीआरडीओ की ओर से विकसित प्रौद्योगिकियों व उत्पादों को इन बलों में शामिल करने के लिए साल 2012 में डीआरडीओ और गृह मंत्रालय के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे।

# ईसीआई ने खड़गे को लगाई फटकार, मतदान आंकड़ों पर आरोपों को किया खारिज

### कहा-ऐसी हरकतों से बाज आएं कांग्रेस अध्यक्ष,असत्य वक्तव्य मत दें

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**
चुनाव आयोग ने मौजूदा लोक सभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में विसंगति के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छह मई के पत्र में उठाए गए सवालों को आक्षेप और आरोप बताते हुए को शुक्रवार को खारिज कर दिया। आयोग ने खड़गे को भेजे गए विस्तृत जवाब में यह भी कहा है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी उस पत्र में संबंधित मुद्दे पर सवाल पूछने की आड़ में एक वक्तव्य दे दिया जो सार्वजनिक तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में असत्य है।

आयोग ने खड़गे को लिखा है कि सबकी आंखों के सामने कराए जा रहे चुनाव के बारे में उनका बयान आक्रामक है। इसलिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए अयोग आप के आक्षेपों, आरोपों को दो टूक खारिज करता है और आप को सलाह देता है कि आप इस तरह के बयान देने से बचें। खड़गे ने छह तारीख को आयोग को लिखे पत्र में छह सवाल उठाए थे और उस पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर डाल दिया था। आयोग ने कहा है कि पत्र में लिखा है कि इतिहास में पहली बार मतदान के अंतिम प्रतिशत आंकड़े जारी करने में देरी की गयी है और उसमें मीडिया की विभिन्न खबरों के हवाले से कहा गया है कि यह आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर आशंकाएं पैदा करता है।

आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष से कहा है कि आपने यह कहा है कि आयोग ने मतदान के आंकड़े जारी करने में अत्यधिक विलंब किया है और प्रारंभिक आंकड़ों की तुलना में अंतिम आंकड़ों में ऊंची वृद्धि हुई है जो ईवीएम को लेकर भी कुछ सवाल उठाते हैं। आयोग ने कहा है कि आप ने डाटा जारी करने के समय और उसमें वृद्धि को उन निर्वाचन क्षेत्रों के साथ जोड़ा है जहां सत्तारूढ दल ने 2019 में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था।

आप ने यह आरोप लगा दिया कि ये सब बातें चुनाव परिणाम को प्रभावित करने का प्रयास हैं। आयोग ने खड़गे को लिखा है कि उन्होंने अपने पत्र के विषय में जांच करने लायक तथ्यों और उच्चतम न्यायालय के पहले आ चुके स्पष्ट निणर्यों के बाद भी एक पक्षपात पूर्व कहानी प्रस्तुत करने की कोशिश की है। आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया के हर चरण में राजनीतिक दल भी जुड़े होते हैं इस लिए उन्हें हर मददान केंद्र और हर निर्वाचन क्षेत्र में मदाताओं की संख्या का पता होता है। उन्हें मदानकेंद्र वार मतदाता सूची उपलब्ध करायी जाती है। इसी तरह मतदान करने वालों की संख्या फार्म 17सी के रिकार्ड से अलग नहीं हो सकती । यह रिकार्ड प्रत्याशियों को मतदान खत्म होते ही उपलब्ध करा दिया जाता है। आयोग ने यह भी कहा है कि मतगणना के दिन ईवीएम के मतों का फार्म 17सी के आंकड़ों से मिलान किया जाता है।

आयोग ने कहा है कि उसे ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है कि किसी प्रत्याशी के एजेंट को मतदाता सूची या फार्म 17 सी का आंकड़ा नहीं उपलब्ध कराया गया है। मतदान के आंकड़े और आयोग द्वारा प्रकाशित मतदान के आंकड़ों के बारे में भी कोई शिकायत नहीं आयी है।

आयोग ने खड़गे को भेजे गए पत्र में 2019 के आम चुनाव के दौरान मतदान के अंतिम आंकड़ों के प्रकाशन में लगे सयम का विवरण भी दिया है। उदाहरण के लिए 11 अप्रैल 2019 को हुए मदतान का अपडेट 18 अप्रैल को (सात दिन बाद) जारी किए गया था जिसमें वोट प्रतिशत 69.4 प्रतिशत था। उसे छह मई को संशोधित कर 69.5 प्रतिशत और 19 मई को 69.61 प्रतिशत किया गया था।

## संसद में हो चुनाव आयोग के कामकाज पर चर्चा :चिदंबरम

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने कहा है कि चुनाव आयोग आलोचना से परे नहीं है और उसने कई काम किये है जिनके लिए उसकी आलोचना की जानी चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के विभिन्न चरणों के चुनाव में मतदान प्रतिशत में विलंब की आलोचना करने पर आयोग के खड़गे को फटकार लगाने से तिलमिलाए चिदंबरम ने चुनाव आयोग के कार्यों को लेकर चर्चा का आह्वान करते हुए कहा कि आयोग ने कई काम किए हैं और उसकी आलोचना की जानी चाहिए। आयोग को समझना चाहिए कि आलोचना से वह परे नहीं है।

उन्होंने ट्वीट कर कहा आयोग को याद रखना चाहिए कि वह आलोचना से परे नहीं है। उसने ऐसा बहुत कुछ किया है और बहुत कुछ नहीं किया है और इसके लिए आयोग आलोचना का पात्र है।

जब रिज़र्व बैंक, कैग, वित्त आयोग और अन्य संस्थानों की आलोचना हो सकती है तो आयोग को क्यों लगता है कि वह आलोचना से परे है। कांग्रेस नेता ने कहा संसद बैठे और उसमें आयोग की चूक पर पूरी चर्चा हो और बैठक में सभी राजनीतिक दल मौजूदा चुनाव आयोग के तहत चुनाव लड़ने के अपने अनुभव साझा करें। खडग़े के आयोग को लिखे पत्र को लेकर उन्होंने कहा, श्री खडगे ने अपने पत्र में वैध बिंदु उठाए थे और आयोग उनका खंडन कर सकता है लेकिन पत्र पर आपत्ति नहीं कि जा सकती है।

आयोग ने खडगे को कड़े शब्दों में पत्र लिखते हुए उनकी टिप्पणियों को खारिज कर किया है। खडगे ने मतदान के बाद जारी होने वाले मतदान प्रतिशत डेटा में संभावित विसंगति का आरोप लगाया था। आयोग ने उनकी आपत्तियों को बेहद अवांछनीय, अनुचित और तथ्यहीन करार दिया है।

## वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने नौसेना के कार्मिक प्रमुख का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**
वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने शुक्रवार को नौसेना के कार्मिक प्रमुख का कार्यभार ग्रहण कर लिया। वाइस एडमिरल भल्ला को एक जनवरी 1989 को नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 35 वर्षों के करियर में समुद्र और तट दोनों क्षेत्रों में कई विशेषज्ञ और संचालय नियुक्तियों पर सेवाएं दी हैं। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से संबंधित कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने कई प्रमुख युद्धपोतों पर एक विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया। इनमें आईएनएस निशंक, आईएनएस तारागिरी और आईएनएस ब्यास शामिल है। बाद में उन्हे समुद्र में अनेक चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण कमान संभालने का सौभाग्य मिला। पूर्वी कमान के प्रमुख के रूप में उन्होंने राष्ट्रपति के बेड़े की समीक्षा जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम और बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन-22 में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वाइस एडमिरल भल्ला को विशिष्ट सेवा के लिए अति विशिष्ट सेवा पदक, नौसेना पदक और नौसेना के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

## संदेशखाली पर महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय महिला आयोग ने पश्चिम बंगाल में संदेशखाली में यौन प्रताड़ना की शिकायतें वापस लेने के लिए महिलाओं को डराने धमकाने के मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है और इस पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

महिला आयोग ने शुक्रवार को यहां बताया कि आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने संदेशखाली मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के बीच में ही संदेशखाली की महिलाओं पर अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इन महिलाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है और धमकियां दी जा रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता संदेशखाली की महिलाओं को डरा धमका रहे हैं और शिकायतें वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं। इससे महिलाओं के बीच दहशत हो गयी है। निर्वाचन आयोग को इस मामले को प्राथमिकता से देखना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनावों के बीच महिलाओं पर शिकायतें वापस लेने के लिए दबाव नहीं बनाया जाए।

# सोरेन को नहीं मिली राहत, सुप्रीम कोर्ट अगले सप्ताह करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**
उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को भी कोई राहत नहीं दी और कहा कि उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर वह अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने इस मामले में तीन मई के उच्च न्यायालय के आदेश का संज्ञान लेते कहा कि श्री सोरेन की अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत में दायर याचिका (सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रहने की अवधि को देरी का आधार बनाकर दायर की गई थी) का अब कोई अर्थ नहीं रहा। पीठ ने अनुच्छेद 32 के तहत दायर उस याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती देने वाली श्री सोरेन की गुहार पर वह अगले सप्ताह विचार करेगी।

झारखंड उच्च न्यायालय ने श्री सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका तीन मई को खारिज कर दी थी।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 32 के तहत दायर श्री सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। साथ ही, शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि उच्च न्यायालय यदि चाहे तो छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह से पहले कोई आदेश पारित कर सकता है। न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने 29 अप्रैल को यह आदेश पारित करते हुए इस मामले को तब अगले छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।

शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में तब कहा था कि इस बीच (छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह के अंदर) झारखंड उच्च न्यायालय (जिसने इस मामले में 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था) चाहे तो कोई आदेश पारित कर सकता है। दो सदस्यीय शीर्ष अदालत की इस पीठ के समक्ष 28 अप्रैल को पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने 24



अप्रैल को भी झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता श्री सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी ओर से अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था। श्री सिब्बल ने पीठ के समक्ष 'विशेष उल्लेख' के दौरान कहा था कि इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय ने 27 और 28 फरवरी को की थी, लेकिन अभी तक (24 अप्रैल) कोई आदेश पारित नहीं किया गया है।

पीठ के समक्ष उन्होंने कहा था कि उच्च न्यायालय के आदेश पारित कराने में देरी का मतलब यह होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री लोकसभा चुनाव के दौरान जेल में ही रहेंगे। उन्होंने दलील दी थी कि उच्च न्यायालय की ओर से इस मामले में कोई आदेश पारित करने में देरी के बाद श्री सोरेन ने अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका दायर की थी। ईडी ने 31 जनवरी 2024 को श्री सोरेन को गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तारी के मद्देनजर उसी दिन उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। राज्य की एक विशेष अदालत ने एक फरवरी को उन्हें एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसकी अवधि समय-समय पर बढ़ाई गई। उन्होंने तब राहत की गुहार लगाते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। उनकी याचिका दो फरवरी को खारिज कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने तब (दो फरवरी को) याचिका खारिज करते हुए श्री सोरेन को अपनी जमानत के लिए झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा था। शीर्ष अदालत की पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे श्री सिब्बल से पूछा था, आपको उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाना चाहिए? अदालतें सभी के लिए खुली हैं। विशेष पीठ ने वकील से यह भी कहा था, उच्च न्यायालय भी संवैधानिक अदालतें हैं। यदि हम एक व्यक्ति को अनुमति देते हैं तो हमें सभी को अनुमति देनी होगी।

श्री सोरेन की ओर से वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने भी दलील दी थी। उन्होंने कहा था कि शीर्ष अदालत को मामले पर विचार करने का समवर्ती क्षेत्राधिकार मिला हुआ है। वहीं, श्री सिब्बल ने कहा था कि यह अदालत हमेशा अपने विवेक का इस्तेमाल कर सकती है। पीठ पर इन दलीलों का कोई असर नहीं पड़ा था और उसने श्री सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी याचिका में गुहार लगाते हुए अपनी गिरफ्तारी को अनुचित, मनमाना और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन घोषित करने का अनुरोध शीर्ष अदालत से किया था।

TIBCON CAPACITORS
It`s all about
SAVING ENERGY
AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

**मौसम बेंगलूरु**
अधिकतम : $32^0$
न्यूनतम : $22^0$

# रामलला के दर पर सपरिवार पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़





**अयोध्या, 10 मई (एजेंसियां)।**
उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने शुक्रवार को अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किये। उपराष्ट्रपति पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ अयोध्या में दर्शन पूजन करने पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उपराष्ट्रपति सीधे हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। उपराष्ट्रपति ने हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। राम जन्मभूमि परिसर के भव्यमंदिर में भगवान के बाल स्वरूप का दर्शन पूजन किया। अक्षय तृतीया के मौके पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भी वह सपत्नीक शामिल हुए। इसके बाद कुबेर टीला जाकर उन्होंने भगवान शिव के मंदिर में दर्शन और पूजा किया।

उप राष्ट्रपति शुक्रवार शाम करीब चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री/अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उपराष्ट्रपति का फूल माला से भव्य स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन कर रामलला की आरती उतारी। श्रीराम का दीदार कर वे भावविभोर हो गए। उनके स्वागत में मंदिर परिसर सहित पूरे गर्भगृह को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद कुबेर टीला पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार संग कुबेश्वर महादेव का विधि विधान से दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इससे पहले उन्होंने सरयू मैया की उतारी आरती। यहां उन्होंने 2100 बत्ती से आरती की। वहां से उपराष्ट्रपति सरयू आरती करने पहुंचे। उप राष्ट्रपति ने करीब आधे घंटे तक सरयू का दर्शन पूजन और आरती की।

# छठवें चरण में 14 सीटों के लिये 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में




**लखनऊ, 10 मई (एजेंसियां)।**
लोकसभा चुनाव के छठे चरण में उत्तर प्रदेश में 14 निर्वाचन क्षेत्रों के लिये होने वाले चुनाव में 162 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 25 मई को ईवीएम में कैद होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को बताया कि छठवें चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा गैंसड़ी विधानसभा उप चुनाव के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के बाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 311 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया जिनमें 147 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, 164 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये, जिसमें से 02 प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली। इस प्रकार अब कुल 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

इसी प्रकार बलरामपुर जिले की गैंसड़ी विधानसभा के लिये उपचुनाव में आठ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा, एक प्रत्याशी का नामांकन खारिज होने के बाद कुल 07 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव के छठे चरण में सुल्तानपुर लोकसभा सीट से भाजपा की मेनका संजय गांधी का मुकाबला समाजवादी पार्टी के रामभुआल निषाद से है जबकि प्रतापगढ़ में भाजपा के संगम लाल गुप्ता और सपा के डा एसपी सिंह के बीच सीधी लड़ाई है। प्रयागराज जिले की फूलपुर लोकसभा सीट के लिए 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इसमें सपा से अमर नाथ सिंह मौर्य, बसपा से जगन्नाथ पाल का मुकाबला भाजपा के प्रवीण पटेल से होगा।इलाहाबाद सीट पर भाजपा के नीरज त्रिपाठी का मुकाबला कांग्रेस के उज्ज्वल रमण सिंह से है। अम्बेडकर नगर में भाजपा से रितेश पाण्डेय को सपा के लालजी वर्मा से टक्कर मिल रही है। श्रावस्ती में 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इसमें बसपा से मुईनुद्दीन अहमद खां उर्फ हाजी दद्दन खां, सपा से राम शिरोमणि वर्मा और भाजपा से साकेत मिश्र के बीच मुकाबला है। डुमरियागंज सीट पर छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इसमें भाजपा के जगदम्बिका पाल की टक्कर बसपा के मु नदीम और सपा के भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी से है।

बस्ती में सपा से राम प्रसाद चौधरी, बसपा के लवकुश पटेल और भाजपा के हरीश चन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी के बीच दिलचस्प मुकाबला है। संत कबीर नगर में भाजपा से प्रवीन कुमार निषाद, बसपा से नदीम अशरफ और सपा से लक्ष्मीकांत पप्पू निषाद के बीच टक्कर देखने को मिल रही है। इसके अलावा आजमगढ़ लोकसभा सीट पर भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआऔर सपा के धर्मेन्द्र यादव के बीच सीधी टक्कर है। जौनपुर में भाजपा के कृपाशंकर सिंह सपा के बाबू सिंह कुशवाहा के बीच मुकाबला है। मछलीशहर और लालगंज में भी भाजपा की टक्कर सपा और बसपा उम्मीदवारों से है।

# मोदी के पीएम बनने पर देश में लागू होगी समान नागरिक संहिता: धामी



**सीतापुर, 10 मई (एजेंसियां)।**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक देश, एक प्रधान व एक विधान के नारे को लेकर बड़ा बयान दिया। धामी ने कहा कि उत्तराखंड में मां गंगा की गंगोत्री है। मां गंगा उत्तराखंड से निकलकर पूरे देश में बहती हैं। इस पवित्र भूमि से समान नागरिक संहिता लागू की गई।

उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है जहां पर सभी के लिए यह कानून लागू हुआ है। इस बार केंद्र में भाजपा की सरकार गठन होते ही पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में महोली में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 खत्म करके एक नया इतिहास रचा है। इस धारा को हटाने के लिए जो लोग खून खराबा होने की बात कहते थे लेकिन मोदी सरकार में बिना किसी विरोध के यह जम्मू से हटा दी गई।

# बरेली में किशोरी से गैंगरेप, हाथ पैर बांध ट्राली के नीचे फेंका



**बरेली, 10 मई (एजेंसियां)।**
जिले के फरीदपुर क्षेत्र में एक किशोरी के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद ट्राली से फेंकने की घटना सामने आई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार किशोरी का अपहरण कर उसके साथ पैर बांध कर दुष्कर्म किया गया। परिजनो ने किशोरी को बीती रात में तलाश किया लेकिन शुक्रवार को वह एक ट्रॉली के नीचे बेहोशी की हालत में मिली। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गये। कोतवाली में शुक्रवार को एक महिला समेत दो नामजद समेत एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।क्षेत्राधिकारी फरीदपुर गौरव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तहरीर पर दो नामजद समेत तीन लोगों पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही है। नामजद आरोपियों में एक महिला भी है। उन्होने बताया कि फरीदपुर में एक गांव में बीती रात एक महिला ने गांव के एक युवक से किशोरी की फोन पर बात करवाई और किशोरी फोन पर बात करते करते अपने मकान से बाहर रात्रि करीब साढे ग्यारह बजे चली गई। बताते है कि गांव के युवक किशोरी को घर से थोड़ी दूर ले गया वहां पर पहले से ही एक युवक और मौजूद था।

दोनों युवकों ने बारी बारी से किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और किशोरी के हाथ पैर बांध कर फरार हो गये।

बताते है कि भोर करीब साढे तीन बजे ट्रॉली के नीचे हाथ पैर बंधे बेहोशी की हालत में किशोरी पड़ी मिली। जब किशोरी को होश आया तो उसने परिवार वालों को पूरी घटना की जानकारी दी। किशोरी ने दो नाम बता दिये लेकिन एक व्यक्ति को नहीं पहचान सकी पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। रामसेवक, प्रभारी निरीक्षक थाना फरीदपुर ने बताया कि क्षेत्र में चार टीमें का काम कर रहीं हैं, जल्द ही आरोपी गिरफ्तार हो जायेंगे।

# रुद्राभिषेक कर सीएम योगी ने की प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना



**गोरखपुर, 10 मई (एजेंसियां)।**
स्वयंसिद्ध मुहूर्तों से सुसम्पन्न अक्षय तृतीया की पावन तिथि पर शुक्रवार प्रातः बेला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। सीएम ने सभी नागरिकों को अक्षय तृतीया की हार्दिक बधाई भी दी।

गोरखनाथ मंदिर स्थित पीठाधीश्वर आवास के प्रथम तल पर शक्तिपीठ में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दूर्वा, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद दूध एवं फलों के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अक्षय तृतीया पर्व पर सभी नागरिको को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा, सौभाग्य व समृद्धि के पावन पर्व अक्षय तृतीया की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। त्रिभुवन स्वामी भगवान श्री विष्णु जी एवं मां लक्ष्मी जी से प्रार्थना है कि सभी का जीवन सुख-शांति, सम्पन्नता व उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो।

अक्षय तृतीया के पावन तिथि को ही भगवान परशुराम का अवतरण भी हुआ था। यह तिथि परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को भगवान परशुराम जयंती की भी शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा, भगवान विष्णु के आ-वेशावतार, भक्ति, शक्ति एवं विद्वता के शाश्वत प्रतीक, भगवान श्री परशुराम की जयंती पर प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। अपने ज्ञान, शौर्य व तपोबल से न्याय की स्थापना करने वाले भगवान परशुराम को नमन।

महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने आए महाराष्ट्र से आए श्रद्धालुओं के एक बड़े समूह की नजर जैसे ही गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पड़ी तो समूह में शामिल लोग खुशी से झूम उठे।

सैकड़ो की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और योगी योगी के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। इन श्रद्धालुओं के उत्साह और उल्लास को देखते हुए मुख्यमंत्री उनके पास पहुंचे और अभिवादन कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों को निर्देशित किया कि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

# हमीरपुर में कार पलटने से तीन बाराती मरे, आठ घायल




**हमीरपुर, 10 मई (एजेंसियां)।**
जिले के जरिया क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बारातियों से भरी एसयूवी पलटने से दूल्हे की बहन और उसकी दो बेटियों की मृत्यु हो गयी जबकि आठ अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महोबा जिले में श्रीनगर थाना क्षेत्र के लाड़पुर गांव निवासी नीरज सिंह (40) अपने साले की बारात में पत्नी आरती (35), बेटी अनुष्का (8) और राधिका (6) के साथ जालौन जिले के गुरुइटौरा गांव आये थे। विवाह संपन्न होने के बाद सभी वापस लौट रहे थे कि क्षेत्र के चंडौत गांव के पास बोलेरो पलट गयी।

इस हादसे में आरती,अनुष्का और राधिका की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि चालक मलखान यादव, आकित सिंह, नीरज, दीपिका, अनन्या समेत आठ अन्य घायल हो गये। पुलिस ने मौके पर जाकर घायलों को सरीला सीएचसी में भर्ती कराया जिसमे अंकित व मलखान को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया गया है।

# मैं लिख कर दे सकता हूं इस बार पीएम नहीं बनेंगे मोदी: राहुल

*लखनऊ, 10 मई (एजेंसियां)।*
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाई को भाई से लड़ाने की कोशिश करते हैं लेकिन अब लोग समझ गए हैं। मैं लिख के दे सकता हूं कि इस बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। भाजपा की 180 से ज्यादा सीटें नहीं आने वाली हैं। अगर ईवीएम में गड़बड़ी की तो ही पीएम बन सकते हैं।




उन्होंने कहा कि जातीय जन-गणना से देश के 90 फीसदी लोगों को संसाधनों में हिस्सेदारी मिलेगी। 90 फीसदी लोगों को दबाया नहीं जा सकता है। संविधान लोगों को ताकत देता है। राहुल गांधी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से आयोजित राष्ट्रीय संविधान रक्षा और न्याय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सत्ता मेरे लिए नशा नहीं है। यह मेरे के लिए लोगों की मदद करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सुबह उठते हैं और सत्ता पाने के लिए जुट जाते हैं। मैं सत्ता के बीच में पैदा हुआ हूं इसलिए मैं सत्ता के लिए नहीं लोगों के लिए काम करना चाहता हूं।

# फर्रुखाबाद में अवैध हथियार फैक्ट्री पकड़ी, दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, 10 मई (एजेंसियां)।**
जिले के कपिल क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दो बदमाशों को धर दबोचा।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शुक्रवार को बताया कि मुखबिर से थाना क्षेत्र में नाजायज हथियारों की फैक्ट्री चलाई जाने की जानकारी मिली थी जिसके आधार पर गुर्जरपुर तिराहा के निकट नाकेबंदी कर फैक्ट्री में मौजूद दो बदमाशो को गिरफ्तार कर लिया गया।


उन्होने बताया कि मौके से 16 देसी तमंचे और एक रायफल के अलावा आठ अर्ध्द निर्मित तमंचो समेत हथियार बनाने के उपकरण

# पीलीभीत में डीसीएम पेड़ से टकराई, तीन मरे

**पीलीभीत, 10 मई (एजेंसियां)।**
जिले के गजरौला क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक के पेड़ से टकराने से उसमें सवार तीन यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 33 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आसाम नेशनल हाइवे-730 पर यात्रियों से भरा एक डीसीएम पेड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 33 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीलीभीत के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायलों में जिला लखीमपुर खीरी के थाना सिंघाई के गांव बथुआ निवासी आरती की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने बताया कि हादसा शुक्रवार सुबह करीब चार बजे हुआ। चालक को नींद की झपकी आने से हादसे की आशंका है। सभी यात्री मजदूरी करके मेरठ से लखीमपुर अपने घर वापस जा रहे थे। डीसीएम में करीब 40 लोग सवार थे। हादसे में डीसीएम चालक सरजीत (25) के अलावा समीना (30) और रेशमा (10) की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई घंटे की मशक्कत करने के बाद डीसीएम को काटकर उसके ड्राइवर का शव बाहर निकाला गया।

# किडनी समय रहते संभालें



एक अनुमान के अनुसार 100 मे से करीब 17 लोगों की किडनी बीमार है। बिगड़ती जीवनशैली के कारण पिछले 15 वर्षों में किडनी के रोगों में दोगुने का इजाफा हुआ है। चूंकि इसके लक्षण देर से पता चलते हैं, इसलिए विशेषज्ञ 35 के बाद नियमित जांच की सलाह देते हैं।

## सबक देने वाले वैज्ञानिक शोध

अमेरिकन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी नामक जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार अधिक मात्रा में मांसयुक्त आहार लेने वालों में किडनी फेल होने की आशंका कम मात्रा में मांस खाने वालों की तुलना में तीन गुनी अधिक होती है। शोधकर्ताओं ने मरीजों को आहार में मांस को सीमित करने और फल व सब्जियों का सेवन अधिक करने की सलाह दी है। यह भी सामने आया कि डाइटरी एसिड की उच्च मात्रा से किडनी के काम बंद होने की प्रक्रिया तेज हो जाती है।

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजिकल रिसर्च (आईआईटीआर) के एक शोध में यह भी पाया गया कि जरूरत से ज्यादा समय तक रसोई में रहना महिलाओं की सेहत के लिए खतरनाक है। जिन रसोईघरों में हर समय काम होता है, वहां देर तक गैस जलने से अमूमन तापमान 30 डिग्री तक पहुंच जाता है। लगातार गर्मी भरे माहौल में रहने और पीएएच मान के अधिक होने की वजह से किडनी पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए रसोई में वेंटिलेशन का खास इंतजाम होना चाहिए।

## किडनी में गड़बड़ी को इस क्रम से समझें

**पहला चरण:** शुरु में पेशाब की मात्रा और रंग में बदलाव दिखाई देता है। पर क्रिएटिनिन और ईजीएफआर का स्तर सामान्य होता है, इसलिए गड़बड़ी का पता आसानी से नहीं चलता। क्रिएटिनिन एक मेटाबॉलिक अपशिष्ट है, जिसे किडनी खून से अलग करती है और जो पेशाब के जरिए बाहर निकल जाता है। इसकी मात्रा खून में कम व पेशाब में ज्यादा होनी चाहिए। जांच में प्रोटीन की मात्रा हल्की-सी बढ़ी हुई हो सकती है।

**दूसरा चरण:** दूसरे स्तर पर क्रिएटिनिन तो सामान्य ही मिलता है, पर ईजीएफआर घटकर 90-60 हो जाता है। प्रोटीन की मात्रा बढ़ी होती है। शुगर और बीपी भी बढ़ा होता है।

**तीसरा चरण:** ईजीएफआर घटकर 60-30 के बीच आ जाता है। क्रिएटिनिन बढ़ने लगता है। इस स्तर पर किडनी की बीमारी का पता चल जाता है। खून की कमी, खुजली, ब्लडप्रेशर, पेशाब में यूरिया आदि के लक्षण स्पष्ट रहते हैं। इस स्तर पर जीवनशैली में सुधार करके किडनी को बचाया जा सकता है।

**चौथा चरण:** यहां क्रिएटिनिन बढ़कर 2-4 और ईजीएफआर घटकर 30-15 तक रहने लगता है। थोड़ी भी लापरवाही से डायलिसिस या ट्रांसप्लांट की नौबत आ जाती है।

**पांचवां चरण:** इस स्तर पर डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट के अलावा कोई उपाय नहीं रह जाता।

किडनी की बीमारी को साइलेंट किलर कहा जाता है। कारण कि शुरू में इसके लक्षण ज्यादा समझ में नहीं आते। खराबी 65 फीसदी से ऊपर हो जाए तो ही पता चलता है। वह भी जांच के जरिए ही सामने आता है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार सौ में से 17 लोगों की किडनी बीमार है। डायबिटीज के कारण तीस-चालीस फीसदी लोग किडनी फेल्योर के शिकार होते हैं। पंद्रह फीसदी लोग हाइपरटेंशन की वजह से इसकी चपेट में आते हैं। हर साल लगभग दो लाख लोग किडनी ट्रांसप्लांट की लाइन में होते हैं, पर बमुश्किल तीन हजार मरीजों को ही यह सहूलियत मिल पाती है।

मुट्ठी के आकार की किडनी शरीर के निचले हिस्से में कमर में दाएं व बाएं दोनों तरफ होती है। स्त्री-पुरुष दोनों में आकार लगभग समान होता है। एक खराब हो जाए तो भी दूसरी काम करती रहती है। इसका मुख्य काम है शरीर के विषैले तत्वों को पेशाब के रास्ते बाहर निकालना। हृदय द्वारा पंप किए गए रक्त का बीस फीसदी हिस्सा किडनी में आता है। किडनी यहां खून में मौजूद विषैले तत्वों को छानकर अलग कर देती है और खून साफ हो जाता है।

### ऐसे पहचानें

- » पेशाब करने में दिक्कत होना, अचानक से कम या ज्यादा आना
- » पेशाब के समय मूत्रनली में दर्द या जलन होना। ऐसा संक्रमण के कारण भी हो सकता है
- » पेशाब का रंग बदल कर गहरा हो जाना। ऐसा दवाओं के कारण भी होता है
- » पेशाब के रास्ते खून आना
- » पेशाब में ज्यादा झाग उठना
- » हाथ-पैरों में सूजन आना
- » अधिक थकान, कमजोरी, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी आना
- » मुंह से ज्यादा बदबू आना। रक्त में यूरिया की मात्रा बढ़ जाने के कारण ऐसा होता है
- » पीठ में निचले हिस्से में दर्द होना। यह पथरी का संकेत हो सकता है।

### डायलिसिस का खतरा

हर साल लगभग दो लाख मरीजों को डायलिसिस की जरूरत होती है। इनमें से सत्तर फीसदी मरीज उपचार शुरू करते हैं। उनमें से भी दो-तिहाई बीच में ही बंद कर देते हैं। या तो उन्हें डायलिसिस की सुविधा नहीं मिल पाती या वे खर्च नहीं उठा सकते। मुश्किल यह भी है कि सरकारी स्तर पर केवल दस फीसदी सुविधाएं उपलब्ध हैं और महानगरों तक सीमित हैं। हाल के दिनों में लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज, मेरठ के फार्माकोलॉजी विभाग में प्राचीन औषधीय महत्व के पौधे एलोवेरा पर एक शोध किया गया है। चूहों पर हुए इस शोध के अनुसार एलोवेरा किडनी के लिए फायदेमंद है। यह मरीज को डायलिसिस पर जाने से भी उबार सकता है।

## आम आदतें, जो किडनी खराब करती हैं

- » पेशाब रोकना- कम पानी पीना
- » बहुत ज्यादा नमक खाना,
- » हाई बीपी व शुगर के इलाज में लापरवाही, ज्यादा मात्रा में दर्द निवारक दवाएं लेना, सॉफ्ट ड्रिंक्स, सोडा और बहुत शराब पीना
- » विटामिन-डी की कमी
- » प्रोटीन, पोटैशियम, सोडियम, फॉस्फोरस वाले खाद्य पदार्थों का बहुत ज्यादा लेना
- » अनियमित जीवनशैली

## जब हो जाए गुर्दे में पथरी

छोटे आकार की पथरियां कई बार ज्यादा पानी पीने से ही मूत्र मार्ग से बाहर निकल जाती हैं। एलोपैथी के अलावा बड़ी पथरियों के लिए आयुर्वेद और होमियोपैथी में भी कारगर दवाएं हैं। पथरचिट्टा जड़ी, भूमि आंवला, कुलथी की दाल, खीरा, ककड़ी, गाजर का रस पथरी ठीक करने में मदद करते हैं। होमियोपैथी में लक्षणों के अनुसार दवाओं का चुनाव करने पर किडनी की पथरी आराम से ठीक हो जाती है।

## किडनी रहेगी सलामत

- » विटामिन-डी और विटामिन-बी 6 की आपूर्ति दुरुस्त हो तो किडनी की बेहतर सुरक्षा होती है। यदि पथरी की समस्या हो तो विटामिन-बी 6 का नियमित सेवन करें।
- » विटामिन-सी किडनी की सेहत के लिए अच्छा रहता है। नींबू-पानी, आंवला, संतरा आदि पर्याप्त लें।
- » किडनी स्वस्थ है तो पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। उसके बाद डॉक्टर की सलाह से पानी की मात्रा तय करें। कई स्थिति में ज्यादा पानी पीना नुकसानदेह भी हो सकता है।
- » नमक कम खाएं। कई बार नमक कम करने या बंद कर देने से किडनी को काफी राहत मिल जाती है।
- » प्रोटीन की मात्रा नियंत्रित रखें। शरीर के वजन के हिसाब से 0.5 से 0.8 मिलीग्राम प्रति किलो हर रोज के लिए काफी है।
- » खीरा, ककड़ी, गाजर, पत्तागोभी, लौकी, आलू और तरबूज का रस फायदेमंद होता है। सब्जियों में तोरी, घीया, टिंडा, धनिया, परवल, कच्चा पपीता, कच्चा केला, सेम, सहजन की फली खाना फायदेमंद रहता है।
- » अंगूर शरीर से विषाक्त तत्वों को बाहर करता है। रात में मुनक्के भिगोकर सवेरे उसका पानी पीना लाभ पहुंचाता है।
- » जामुन और करौंदा जैसे फल किडनी से यूरिक एसिड और यूरिया को बाहर निकालने में सहायता करते हैं।
- » दैनिक आहार में दही और छाछ शामिल करें। इससे मूत्र मार्ग के संक्रमण कम होते हैं।
- » सेब, पपीता, अनन्नास, अमरूद, बेर जैसे फल खाएं।
- » एक शोध में पाया गया है कि बेकिंग सोडा यानी सोडियम बाई कार्बोनेट किडनी को कई रोगों से बचाता है। बेकिंग सोडा के सेवन से रक्त में एसिडिटी की समस्या समाप्त हो जाती है, जो किडनी को बीमार बनाने का प्रमुख कारण है।
- » 35 के बाद वर्ष में कम से कम एक बार बीपी और शुगर की जांच कराएं। बीपी या डायबिटीज के लक्षण मिलने पर हर छह माह में यूरिन और खून की जांच कराएं।

## योग भी है फायदेमंद

योगासन में सुबह ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटी चक्रासन करें। दोपहर में मंडूक आसन, अर्ध मत्स्येन्द्र आसन, पश्चिमोत्तानासन, भुजंग व शशांक आसन और धनुरासन कर सकते हैं। इससे निचला हिस्सा और सेंट्रल नर्वस सिस्टम स्वस्थ रहता है। 10-15 मिनट कपालभाति प्राणायाम व मॉर्निंग वॉक जरूर करें। योग के अलावा समय से भोजन करें। सुबह 7 से 9 बजे के बीच नाश्ता करें। शाम को 7 बजे से पहले रात का भोजन कर लें। डायबिटीज के रोगियों को छोड़कर सभी को रात में एक गिलास दूध में एक चम्मच शहद डाल कर पीना चाहिए।



# हर वक्त नींद के आगोश में...?

कभी भी कहीं भी सो जाना। न जगह देखना, न मौका और न वक्त। हर वक्त नींद के आगोश में ही रहना। कितना भी सो लें, लेकिन हमेशा अनमना सा रहना। यह सब लक्षण नॉर्कोलेप्सी की ओर इशारा करने वाले हो सकते हैं। नार्कोलेप्सी नींद से जुड़ी एक ऐसी समस्या है जिसमें मरीज कभी भी अचानक सो जाता है, और अकसर वह अप्रत्याशित जगहों पर सो जाता है। इस



बीमारी में मरीज कभी भी बैठे- बैठे सो जाता है, यहां तक कि हंसते हुए या रोते हुए भी। कितना भी सो ले लेकिन ऐसा लगता है, जैसे वह सोया ही नहीं है। यह बीमारी ज्यादातर 15 से 25 साल की उम्र के लोगों को अपना शिकार बनाती है। यह बीमारी क्रॉनिक सेन्ट्रल नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है और यह दिमाग में मौजूद उन रसायनों को प्रभावित करती हैं जो सोने और जागने के चक्र को नियंत्रित करते हैं। नार्कोलेप्सी के मरीज हमेशा सुस्त महसूस करते हैं और उन्हें अधिक समय तक जागने में कठिनाई होती है। हालांकि अभी तक वैज्ञानिक इस बीमारी का ठोस कारण पता लगाने में असफल रहे हैं लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि अनुवांशिकी और वायरस के संयोग से ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। महिलाओं और पुरूषों दोनों में ही यह बीमारी सामान्य तौर पर पायी जाती हैं। इस बीमारी के लक्षण मरीज में लंबे समय से हो सकते हैं लेकिन बीमारी का पता बहुत दिनों बाद चलता है।

## नार्कोलेप्सी के लक्षण

**मुख्य लक्षण:** नार्कोलेप्सी के मुख्य लक्षण हैं, दिन में बहुत ज्यादा सुस्त महसूस करना और बिना समय के कहीं भी सो जाना।

**कैटाप्लैक्सी:** यह प्रक्रिया नींद से जुड़ी है जिसमें कि मांस पेशियां किसी होने वाले अटैक की भांति स्थिर हो जाती हैं।

**स्लीप पैरालिसिस:** ऐसा बहुत कम होता है जब कि व्यक्ति चल फिर भी नहीं पाता।

**हिप्नागोगिक या हिप्नोपौमपिक हैल्युसिनेशन:** यह वह स्थिति है जब मरीज अर्धनिद्रा में होता है और उसे डरावने सपने आते हैं जिन्हें वो हकीकत मान लेता है।


**आटोमैटिक बिहेवियर:** इस अवस्था में व्यक्ति नींद में होता है लेकिन वो ऐसे काम करता है जैसे वो जाग रहा हो। ऐसी स्थिति में व्यक्ति इलाज की ओर तब अग्रसर होता है जब उसे सुस्ती की वजह से कहीं भी नींद आ जाती है और इससे मरीज की दिनचर्या पूरी तरह से खराब हो जाती हैं।



## नार्कोलेप्सी का इलाज

जब फिजिशियन को यह अंदाज लगता है कि व्यक्ति नार्कोलेप्सी का शिकार हो सकता है तो वह उसे निद्रा विशेषज्ञ के पास जाने की सलाह देता है। ज्यादातर मामलों में मरीज को स्लीप सेन्टर में रखकर उसकी सोने की गतिविधियों को देखा जाता है। नार्कोलेप्सी का कोई इलाज नहीं है लेकिन कुछ दवाइयां लेकर और जीवनशैली में थोड़ा बदलाव लाकर मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। ऐसे व्यक्ति को अपने कर्मचारियों को और अपने अध्यापकों को इस बीमारी की सूचना दे देनी चाहिए ताकि उसके हिसाब से मरीज के लिए उचित व्यवस्था की जा सके। इसके अलावा मरीज को बहुत सावधान रहना चाहिए ताकि उसे अपनी बीमारी से कोई हानि ना पहुंच सके।

# क्या हैं एनीमिया के लक्षण, इसके कारण और बचाव के उपाय...




एनीमिया एक रक्त से संबंधित बीमारी है. ज्यादारत औरतें ही इसकी शिकार होती हैं. एनीमिया होने पर शरीर में आयरन की कमी हो जाती है और इसके चलते हीमोग्लोबिन बनना भी कम हो जाता है. इससे शरीर में खून की कमी हो जाती है. जब शरीर में हीमोग्लोबिन कम हो जाता है, तो नसों में ऑक्सीजन का प्रवाह भी कम होता है. इसी से पैदा होती है एनीमिया की समस्या. इससे खून में इसकी कमी हो जाती है और शरीर को जरूरी ऊर्जा भी नहीं मिल पाती.

हमारे शरीर लोह तत्व की कुल मात्रा शरीर के वजन के हिसाब से 3 से 5 ग्राम होती है. जब यह कम हो जाती है, तो खून बनना कम हो जाता है. एक अंदाजे के अनुसार भारत में करीब 60 फीसदी लोगों में एनीमिया पाया जाता है और इसमें ज्यादातर औरतें ही होती हैं.

### एनीमिया के लक्षण

- » हर समय थकान महसूस होना.
- » उठने-बैठने पर चक्कर आना.
- » त्वचा और आंखों में पीलापन.
- » दिल की असामान्य धड़कन.
- » सांस लेने मे तकलीफ.
- » तलवों और हथेलियों का ठंडा होना.

## क्यों होता है एनिमिया

- » एनिमिया का सबसे बड़ा कारण है शरीर में आयरन की कमी.
- » अगर आप खाने में कैल्शियम बहुत ज्यादा लेते हैं, तो यह भी एनिमिया का एक कारण साबित हो सकता है.
- » हरी सब्जियां न खाना.
- » शरीर से बहुत अधिक खून बह जाने से भी एनिमिया हो सकता है.

## एनीमिया से बचाव और इलाज

वास्तव में खून की कमी ही एनीमिया है. इसलिए इससे बचाव के लिए आहार में कुछ बदलाव करना काफी फायदेमंद साबित होता है. शरीर में आयरन की जरूरत को पूरा करने के लिए खाने में चकुंदर, गाजर, ट्मांटर और हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें.

जब भी घर पर सब्जी बनाएं, तो उसे लोहे की कढ़ाई में बनाएं. इससे खाने में आयरन की मात्रा काफी बढ़ जाती है.

खाने में गुड चने का इस्तेमाल करें. कोशिश करें की काला गुड खाने की आदत पड़े. यह हीमोक्लोबिन बनाने में बददगार होता है.

जैसा कि हम पहले बता चुके हैं अधिक कैल्शियम भी आयरन को कन्ज्यूम करने में रुकावट पैदा कर सकता है. इसलिए कैल्शियम को सामान्य मात्रा में लें या फिर एक बार अपने डॉक्टर से इस बारे में सलाह जरूर लें.

# दांतों को रखना है स्वस्थ तो सोने से पहले ब्रश करना न भूलें

दांतों को स्वस्थ रखने के लिए रात को ब्रश करना न भूलें। इसे करने से दांतों पर चिपका प्लाक निकल जाता है। यह बैक्टीरिया की एक पतली परत है जो दांतों में कैविटी और मसूड़ों में बीमारी पैदा कर देती है। अगर इस पर ध्यान न दिया जाए तो दांत कमजोर हो जाते हैं और गिरने लगते हैं। रात में सोने से पहले दांतों को एक बार जरुर ब्रश करें।

## 1. ब्रश न करने के नुकसान

ब्रश करने से दांतों में फंसे भोजन के टुकड़े निकल जाते हैं। यह प्लाक को निकालने में भी मददगार होता है जो की दांतों में बैक?टीरिया पैदा करता है। जिन आहारों में शक्कर की मात्रा ज्यादा हो उसे खाने के बाद ब्रश जरुर करें। ऐसे में अगर ब्रश न किया जाए तो दांत सड़ने लगते हैं।

## 2. क्यों होती है बीमारी

बदलते लाइफस्टाइल में गलत खान-पान के कारण भी इस समस्या का सामना करना पड़ता है। आजकल लोग फास्ट फूड खाना पसंद करते हैं और खाने के बाद दांत भी साफ नहीं करते। कई लोग रात को दूध पीते हैं और ब्रश करना जरूरी नहीं समझते। ऐसे में मुंह से आने वाली बदबू इस समस्या की शुरुआत है।

## 3. दांतों की सफाई

रात को सोने से पहले ब्रश करने की आदत डालें। अगर आप कुछ भी खाएं और ब्रश न भी करें पर कुल्ला जरुर करें। ब्रश को आगे-पीछे, ऊपर-नीचे और अंदर-बाहर धीरे-धीरे घुमाते हुए हल्के हाथों से करें। जीभ को साफ करना न भूलें।



## रेसिपी

### पनीर 65



**सामग्री**

पनीर-200 ग्राम, मैदा- ढ़ाई चम्मच, कॉर्न फ्लोर- तीन चम्मच, चावल का आटा- एक चम्मच, अदरक लहसून का पेस्ट- तीन चम्मच, चाट मसाला- आधा चम्मच, लाल मिर्च- एक चम्मच, धनिया पावडर- एक चम्मच, पानी- पांच चम्मच, तलने के लिए तेल- दो चम्मच, प्याज- एक बारीक कटा हुआ, कढ़ी पत्ता- आठ से दस, गाढ़ी दही- डेढ़ चम्मच, नमक- स्वादानुसार

**विधि**

पनीर को चौकोर टुकड़ों में कोट कर अलग कर लें. अब एक बर्तन में मैदा कॉर्न फ्लोर, चावल का आटा, सारे मसाले और नमक डाल कर मिक्स कर लें। लगभग पांच बड़ी चम्मच पानी डाल कर गाढ़ा घोल बना लें। अब इसमें पनीर के टुकड़ों को डाल लें ताकि पनीर में मिक्सचर लग जाए। एक कड़ाही में तेल गर्म कर लें। इसमें पनीर के टुकड़ों को सुनहरा, कुरकुरा होने तक तल लें। एक दूसरी कड़ाही में मध्यम आंच पर दो बड़े चम्मच तेल गर्म करके प्याज और कढ़ी पत्ता डाल कर भून लें। इसमें गाढ़ी दही, एक चौथाई बड़ी चम्मच लाल मिर्च पावडर और थोड़ा नमक डाल कर मिक्स करके एक मिनट तक पकने दें। तले हुए पनीर पकौड़े डाल कर दो तीन मिनट के लिए पकायें। अब गैस बंद कर इसे सर्व करें। पनीर 56 तैयार है।

### पनीर के लड्डू



**सामग्री**

200 ग्राम पनीर, 100 ग्राम नारियल (कसा हुआ), 2 चम्मच अखरोट की गिरी, 2टी स्पून पिस्ते के टुकड़े, 2 टी स्पून बादाम, 8-10 किशमिश, 8 पिसी हरी इलाइची, 100 ग्राम दूध, 500 ग्राम शक्कर। **सजाने के लिये:** सूखी मेवा को बारीक काट लें।

**विधि**

पनीर को कददूकस कर लें।एक कड़ाही में शक्कर, पनीर और नारियल को दूध में डालें गैस पर रखें और धीमी आंच करके मिश्रण को धीरे-धीरे एक बड़ी चम्मच से चलाते रहें ।मिश्रण गाढ़ा होने लगे तो उसमें किशमिश, बादाम, पिस्ता और अखरोट डालकर मिलाएं। अब हरी इलाइची को भी मिश्रण में मिलाकर कुछ देर तक चलाते रहें। इसके बाद गैस बंद कर दें और मिश्रण को थोड़ा ठंडा करके अपने हाथों से गोल-गोल पनीर के लड्डू तैयार कर लें।बारीक कटी सूखी मेवा से सजायें।

संपादकीय

# सीयू डिग्री में धर्मशाला फेल

**परिसर** की परिकल्पना में शिक्षा के प्राणों का फैसला कर रहा धर्मशाला केंद्रीय विश्वविद्यालय, अंततः डिग्रियां बांटने तक आ पहुंचा। सातवें दीक्षांत समारोह में 709 डिग्रियों का वृतांत और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आशीर्वाद पाकर कई प्रफुल्लित छात्र मिल जाएंगे, लेकिन इस धूप के सन्नाटे में कहीं जदरांगल का मतव्य उदास है। 'सीयू तेरी कश्ती कहां-पतवार कहां, तू सियासी मजमे में ख्वार हो गई।' पंद्रह साल का विश्वविद्यालय कई चुनावों की चाकरी करता हुआ भी राजनीतिक हिस्सों में अपनी किस्मत पर रो रहा है। तालीम अगर कहीं तकसीम हो सकती है, तो वह यहीं है, यहीं है और केंद्रीय विश्वविद्यालय की सियासत की हर कसौटी में है। मौजूदा चुनाव के धरातल पर देखें, तो केंद्रीय विश्वविद्यालय का जदरांगल परिसर कहीं खून के आंसू पीता हुआ दिखाई देगा। इसकी छाती पर मूंग दलते हुए कई नेता चुपचाप निकल गए और अंततः इसके बरअक्स देहरा परिसर बता रहा है कि असली माजरा वही है, वही है। ऐसे में धर्मशाला उपचुनाव की मुख्य सुर्खी जदरांगल परिसर को जितना जिंदा रखेगी, उतने ही लाभ की स्थिति में अब भाजपा के हो गए सुधीर शर्मा होंगे। काश ! विश्वविद्यालयों के अस्तित्व का सवाल कांगड़ा के शिक्षा इतिहास को अपमानित न करता। आश्चर्य यह कि जिस कांग्रेस ने कभी धूमल सरकार की पैरवी से धर्मशाला के परिसर को छीनकर यहां बसाया था, आज उसी की सरकार सवा साल से इस मुद्दे पर ईमानदार नजर नहीं आती। मसला वन विभाग को तीस करोड़ के हर्जाने का था, लेकिन सरकार ने ढाई सौ करोड़ के परिसर की जुबां बंद कर दी। देहरा में पौंग बांध के प्रवासी पक्षियों और बगल में वनखंडी के प्रस्तावित वन्य प्राणी विहार के साथ इमारतें बुलंद हो रही हैं, लेकिन अत्यंत परीक्षाओं के दौर से गुजर कर भी जदरांगल में केंद्रीय विश्वविद्यालय के अवशेष ढूंढे जा रहे हैं। बिना कारण शिक्षा की मौत की पताका इस स्थान की हकीकत धर्मशाला चुनाव को बता रही है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय के मुद्दे को हराने के लिए कांग्रेस बड़े जोर से उम्मीदवार खोज रही है। ऐसा कौनसा राजनीतिक सूरमा कांग्रेस के शिविर से सामने आएगा, जो केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे को परास्त कर देगा। न कोई कांग्रेसी नेता बोला और न ही इस विषय पर समूची पार्टी बोल पाई, जबकि स्थानीय जनता ने कई बार आंदोलन और अनशन किए। समाजसेवी अतुल भारद्वाज व उनकी टीम ने तब भी संघर्ष किया था जब धूमल सरकार ने पहली बार इससे धर्मशाला को बेदखल किया था और अब भी जब सुक्खू सरकार ने इसके निर्माण को लेकर संदेहास्पद भूमिका निभाई। आश्चर्य यह कि केंद्रीय विश्वविद्यालय राजनीति का जखीरा बनकर यह भूल गया कि उसका वास्तविक लक्ष्य है क्या। विश्वविद्यालय का जदरांगल परिसर अगर शिक्षा की मौत का कुआं है, तो वहां कई मुख्यमंत्री, कई विधायक और कई सांसद दोषी नजर आएंगे, लेकिन उस वकालत को जनता याद करेगी जब धर्मशाला के तत्कालीन विधायक किशन कपूर ने कहा था कि उनके हलके की यह औकात नहीं कि दो गज जमीन भी इसके लिए उपलब्ध हो। वैसे जिस शहर को कभी कांग्रेस सरकार ने हिमाचल की दूसरी राजधानी का दर्जा देते हुए यहां से विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आगाज किया, वहां अब सरकारें उसकी जेब से कभी मेडिकल कालेज, कभी केंद्रीय विश्वविद्यालय और कभी कार्यालयों को छीन रही हैं। राजनीति का वीभत्स चेहरा देखना हो तो धर्मशाला के जदरांगल में प्रस्तावित जमीन के हर खूंटे पर अनेक चेहरे मिल जाएंगे। आश्चर्य यह है कि ज्वालाजी जैसी विधानसभा में तीन डिग्री कालेज खुल सकते हैं या अनेक विधानसभा क्षेत्रों में दो-दो महाविद्यालय चला दिए जाते हैं, लेकिन धर्मशाला में अंग्रेजी हुकूमत से चल रहे महाविद्यालय व चिकित्सालय के महत्त्व को खत्म करके राजनीति जीतना चाहती है। पहले मेडिकल कालेज को छीनकर तसल्ली नहीं हुई, लेकिन अब ऐसा सारा हिसाब केंद्रीय विश्वविद्यालय को छीनने से पूरा होगा।

सातवें दीक्षांत समारोह में 709 डिग्रियों का वृतांत और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आशीर्वाद पाकर कई प्रफुल्लित छात्र मिल जाएंगे, लेकिन इस धूप के सन्नाटे में कहीं जदरांगल का मतव्य उदास है। 'सीयू तेरी कश्ती कहां-पतवार कहां, तू सियासी मजमे में ख्वार हो गई।' पंद्रह साल का विश्वविद्यालय कई चुनावों की चाकरी करता हुआ भी राजनीतिक हिस्सों में अपनी किस्मत पर रो रहा है। तालीम अगर कहीं तकसीम हो सकती है, तो वह यहीं है, यहीं है और केंद्रीय विश्वविद्यालय की सियासत की हर कसौटी में है। मौजूदा चुनाव के धरातल पर देखें, तो केंद्रीय विश्वविद्यालय का जदरांगल परिसर कहीं खून के आंसू पीता हुआ दिखाई देगा। इसकी छाती पर मूंग दलते हुए कई नेता चुपचाप निकल गए और अंतत: इसके बरअक्स देहरा परिसर बता रहा है कि असली माजरा वही है, वही है। ऐसे में धर्मशाला उपचुनाव की मुख्य सुर्खी जदरांगल परिसर को जितना जिंदा रखेगी, उतने ही लाभ की स्थिति में अब भाजपा के हो गए सुधीर शर्मा होंगे।

## भाजपा का नारा अबकी बार 400 पार' की असली जमीन उत्तर प्रदेश ही है

# पश्चिम बंगाल से उत्तर प्रदेश को साधना चाहती हैं ममता ?

प्रभुनाथ शुक्ल

आम चुनाव को लेकर देश में शोर की राजनीति है। जनपक्ष से जुड़े जमीनी मुद्दे गायब हैं सिर्फ जुबानी जंग की लड़ाई है। आधुनिक भारत में विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम में हम चाँद और सूरज को नाप रहे हैं जबकि राजनीति में हमारी सोच आरक्षण, दलित, सम्प्रदाय, जाति, अगड़ा-पिछड़ा, हिन्दू-मुस्लिम से आगे नहीं निकल पा रही। यह आधुनिक भारत और युवापीढ़ी के लिए शर्म की बात है। फिलहाल राजनीति भी प्रयोगवाद का विज्ञान है लिहाजा प्रयोग लाजमी है। चलिए हम उसी सियासी प्रयोगवाद के अध्ययन की तरफ ले चलते हैं। उत्तर प्रदेश राजनीतिक लिहाज से बड़ा प्रयोग क्षेत्र है।

**देश** का आम चुनाव जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जनविश्वास की चुनौती का बड़ा सवाल है। वहीं दूसरी तरफ विखरे विपक्ष की सियासी एकता की अग्निपरीक्षा भी है। आम चुनाव को लेकर देश में शोर की राजनीति है। जनपक्ष से जुड़े जमीनी मुद्दे गायब हैं सिर्फ जुबानी जंग की लड़ाई है। आधुनिक भारत में विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम में हम चाँद और सूरज को नाप रहे हैं जबकि राजनीति में हमारी सोच आरक्षण, दलित, सम्प्रदाय, जाति, अगड़ा -पिछड़ा, हिन्दू -मुस्लिम से आगे नहीं निकल पा रही। यह आधुनिक भारत और युवापीढ़ी के लिए शर्म की बात है। फिलहाल राजनीति भी प्रयोगवाद का विज्ञान है लिहाजा प्रयोग लाजमी है। चलिए हम उसी सियासी प्रयोगवाद के अध्ययन की तरफ ले चलते हैं। उत्तर प्रदेश राजनीतिक लिहाज से बड़ा प्रयोग क्षेत्र है। 'भाजपा का नारा अबकी बार 400 पार' की असली जमीन उत्तर प्रदेश ही है। इस बार पश्चिम बंगाल की कुशल राजनीतिज्ञ खिलाडी ममता बनर्जी इण्डिया गठबंधन के रास्ते नया प्रयोग करना चाहती हैं। वह भदोही लोकसभा सीट के जरिए उत्तर प्रदेश की राजनीति में घुसपैठ करना चाहती हैं। उनकी इस सोच को जमीन देने का काम किया है समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने। उन्होंने अपनी सियासी दोस्ती में भदोही जैसी अहम सीट तृणमूल की झोली में डाल दिया है। ममता दीदी इस प्रयोग में कितनी सफल होंगी यह वक्त बताएगा। ममता बनर्जी इस प्रयोगवाद के जरिए भाषाई राजनीति से अलग हटकर उत्तर भारत के सबसे बड़े हिंदी भाषी क्षेत्र में अपनी उपस्थित दर्ज करना चाहती हैं। अगर इण्डिया गठबंधन के जरिए यह प्रयोग सफल रहा तो वह इसी रास्ते हिंदी भूभाग पर राजनैतिक विस्तारवाद की फसल उगाएंगी। उनके इस सफ़र के सबसे अहम साथी यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव होंगे। मोदी बनाम विपक्ष की इस सियासी दोस्ती में दीदी को अखलेश यादव जैसा एक मजबूत सियासी दोस्त मिला है। दीदी के लिए उन्होंने बड़ा दिल दिखाया है। सपा यूपी में 63 जबकि कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।



ममता और अखिलेश यादव के बीच हुए इस समझौते में मीडिया में यह बात भी आयी थीं कि अखिलेश यादव पश्चिम बंगाल में समाजवादी पार्टी के उपाध्याय किरणमय नंदा के लिए दक्षिण कोलकाता की सीट चाहते थे। क्योंकि यहाँ पूर्वांचल के आजमगढ़, गाजीपुर और चंदौली जिले के मतदाता काफी संख्या में रहते हैं। जिससे सपा वहां अपनी पैठ जमा सकती है। अब यह समझौता हुआ या नहीं कहना मुश्किल है। किरणमय नंदा 35 साल तक विधायक रहे। वह वाममोर्चा सरकार में 30 साल तक मंत्री रहे। वे समाजवादी विचारधारा के पोषक रहे जिसकी वजह से वे मुलायम सिंह यादव के करीब आए और परिवार में सियासी उठापटक के दौरान वे अखिलेश यादव के साथ मजबूती से खड़े रहे। जिसकी वजह से वह अखिलेश यादव के करीबी बन गए। नंदा की वजह से ही समजवादी पार्टी का अधिवेशन कोलकाता में हुआ था। बंगाल में वह समाजवादी पार्टी को खड़ा करना चाहते हैं। फिरहाल अखिलेश यादव ने ममता दीदी के लिए बड़ा दिल दिखाया और उन्हें भदोही सीट मिल गई है। हालांकि अखलेश यादव के इस फैसले से पार्टी के बड़े नेता आंतरिक तौर पर खुश नहीं होंगे। लेकिन भदोही के समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद जमाल बेग बातचीत के दौरान इस बात से इनकार किया था।

फिलहाल बीमारी की वजह से वे अस्पताल में हैं। यहाँ से ममता ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे पंडित कमलापति के प्रपौत्र ललितेश पति त्रिपाठी को चुनावी मैदान में उतारा है। ललितेशपति का परिवार खानदानी तौर पर कांग्रेस कल्चर से रहा है। ललितेश भी कभी गाँधी परिवार के बेहद करीबी माने जाते रहे। वे कांग्रेस से मिर्जापुर की मडिहान विधानसभा से 2012 में विधायक चुने गए। मिर्जापुर उनके परिवार की सियासी कर्मस्थली रही है। उनके दादा लोकपति त्रिपाठी का यह कर्म क्षेत्र रहा है। ललितेश कभी प्रियंका गाँधी के बेहद खास रहे। लेकिन राजनीति में सबकुछ चलता है। किसी बात से नाराज होकर 2021 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल की शरण में चले गए। अब ममता ने उन्हें भदोही से उम्मीदवार बनाया है। पश्चिम बंगाल में इण्डिया गठबंधन का कोई मतलब नहीं है वहां कांग्रेस और ममता एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। ममता दीदी भदोही में ललितेश को चुनावी मैदान में उतार कर सोची समझी रणनीति का परिचय दिया है। उन्होंने कांग्रेस को जहाँ जमीन दिखाई है वहीं एक ब्राह्मण चेहरा उतार कर एक नई सियासत का आगाज किया है। ललितेश कभी कांग्रेस के वफादार सिपाही थे। उनका पूरा खानदान कांग्रेस कल्चर का है लेकिन कांग्रेस से जब ठुकराए गए तो दीदी ने गले लगाया। ममता का दांव कांग्रेस के लिए एक सबक भी है। दूसरी बात ललितेश एक ब्राह्मण चेहरा हैं। ममता भी ब्राह्मण हैं। भदोही में ब्राह्मण वोटर सबसे अधिक हैं। 2014 के बाद ब्राह्मण भाजपा की झोली में चला गया है। जबकि पश्चिम बंगाल में भाजपा यानी मोदी और ममता की सियासी दुश्मनी जगजाहिर है। इसलिए उन्होंने पूर्वांचल के सियासी दिग्गज परिवार के युवा उमीदवार को उतार कर भजपा के वोट में सेंधमार अपना सियासी दाँव को सफल करना चाहती हैं। क्योंकि भदोही प्रधानमंत्री मोदी की वाराणसी संसदीय सीट की पड़ोसी सीट है। ममता का चुनावी दाँव अगर सफल हो जाता है तो यह मोदी के लिए भी चुनौती होगी। दूसरी तरफ भदोही समाजवादी और भजपा की टककर वाली सीट है। यहाँ ब्राह्मण, बिंद के बाद मुस्लिम और यादव अच्छी तादात में हैं।

दृष्टि कोण

# अमेरिकी बैंक क्यों हो रहे दिवालिया ?

**अमेरिका** में वर्ष 2023 में 3 बैंक (सिलिकन वैली बैंक, सिगनेचर बैंक, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक) डूब गए थे एवं वर्ष 2024 में भी एक बैंक (रिपब्लिक फर्स्ट बैंक) डूब गया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अमेरिकी केंद्रीय बैंक, यूएस फेडरल रिजर्व, द्वारा ब्याज दरों में की गई वृद्धि के चलते बैंकों के असफल होने की यह परेशानी बहुत बढ़ गई है। लिकन वैली बैंक ने कई तकनीकी स्टार्ट अप एवं उद्यमी पूंजी फर्म को ऋण प्रदान किया था। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 20,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्तियां थी और यह अमेरिका के बड़े आकार के बैंकों में गिना जाता था और हाल ही के समय में डूबने वाले बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक माना जा रहा है। इसी प्रकार, सिगनेचर बैंक ने न्यूयॉर्क कानूनी फर्म एवं अचल सम्पत्ति कम्पनियों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर रखी थीं। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 11,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति थी और अमेरिका में हाल ही के समय में डूबने वाले बड़े बैंकों में चौथे स्थान पर आता है। 31 जनवरी 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल सम्पत्तियां 600 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं जमाराशि 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर थीं। न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक की 32 शाखाएं थीं जिन्हें अब फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में जाना जाएगा क्योंकि फुल्टन बैंक ने इस बैंक की सम्पत्तियों एवं जमाराशि को खरीद लिया है। पीयू रिसर्च संस्थान के अनुसार, चार शताब्दी पूर्व, वर्ष 1980 एवं वर्ष 1995 के बीच अमेरिका में 2,900 बैंक असफल हुए थे। इन बैंकों के पास संयुक्त रूप से 2.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्ति थी। इसी प्रकार, वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच अमेरिका में 500 बैंक, जिनकी कुल सम्पत्ति 95,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, असफल हो गए थे। ऐसा कहा जाता है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अमेरिका में सामान्यतः बैंक असफल नहीं होते हैं। परंतु, इस सम्बंध में अमेरिकी रिकार्ड कुछ और ही कहानी कह रहा




है। वर्ष 1941 से वर्ष 1979 के बीच, अमेरिका में औसतन 5.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 1996 से वर्ष 2006 के बीच औसतन 4.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं एवं वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के बीच औसतन 3.6 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 2022 में अमेरिकी बैंकों को 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ था। इसके पूर्व, वर्ष 1921 से वर्ष 1929 के बीच अमेरिका में औसतन 635 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। यह अधिकतर छोटे आकार के बैंक एवं ग्रामीण बैंक थे और यह एक ही शाखा वाले बैंक थे। अमेरिका में आई भारी मंदी के दौरान वर्ष 1930 से वर्ष 1933 के बीच 9,000 से अधिक बैंक असफल हुए थे। इनमें कई बड़े आकार के शहरों में कार्यरत बैंक भी शामिल थे और उस समय इन बैंकों में जमाकर्ताओं की भारी भरकम राशि डूब गई थी। वर्ष 1934 से वर्ष 1940 के बीच अमेरिका में औसतन 50.7 बैंक प्रतिवर्ष बंद किए गए थे। अमेरिका में इतनी भारी मात्रा में बैंकों के असफल होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल है कि वहां छोटे छोटे बैंकों की संख्या बहुत अधिक होना है। बैंकों के ग्राहक बहुत पढ़े लिखे और समझदार हैं। बैंक में आई छोटी से छोटी परेशानी में भी वे बैंक से तुरंत अपनी जमाराशि को निकालने पहुंच जाते हैं, जबकि बैंक द्वारा इस राशि से खड़ी की गई सम्पत्ति को रोकड़ में परिवर्तित करने में कुछ समय लगता है। इस बीच बैंक यदि जमाकर्ता को जमाराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है और इस प्रकार बैंक असफल हो जाता है। कई बार बैंकों द्वारा किए गए निवेश (सम्पत्ति) की बाजार में कीमत भी कम हो जाती है, इससे भी बैंकें अपने जमाकर्ताओं को जमाराशि का भुगतान करने में असफल हो जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी की गई है, जिससे इन बैंकों द्वारा अमेरिकी बांड में किये गए निवेश की बाजार में कीमत अत्यधिक कम हो गई है। अब इन बैंकों को बांड में निवेश की बाजार कीमत कम होने के स्तर तक प्रावधान करने को कहा गया है और यह राशि इन बैकों के पास उपलब्ध ही नहीं है, जिसके चलते भी यह बैंक असफल हो रहे हैं। एक सर्वे में यह बताया गया है कि आने वाले समय में अमेरिका में 190 अन्य बैंकों के असफल होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ब्याज दरों के बढ़ने से ऋण की मांग बहुत कम हो गई है। विभिन्न कम्पनियों ने अपने विस्तार की योजनाओं को रोक दिया है, इससे निर्माण की गतिविधियों में कमी आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व, का पूरा ध्यान केवल मुद्रा स्फीति को कम करने पर है एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विकास दर को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उत्पादों की मांग कम हो और मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाया जा सके।

कुछ अलग

# कठिन सच का धरना...

**आपको** कितने दिन हो गए, सडक़ पर धरना लगाए? उन्होंने हमें पूछा था। अब ऐसी बातों का भी भला कोई जवाब हो सकता है। बहुत कोंचोगे तो यही जवाब देंगे कि 'साब सडक़ पर तो हमारा हमेशा धरना दे रहा है, आप हमारे धरने के दिन न गिनिये। कोशिश कीजिए कि साम, दाम, दंड, भेद की कोई भी नीति अपनाकर यह धरना उठाना है।' हमारा यह धरना वैसे अभी नहीं बहुत दिन से है। होश संभाली तो पता चला कि यहां अक्ल और रुचि नहीं, सिफारिश और सिक्कों की चमक देखी जाती है। जब इसके धनुर्धारी इन सब सीटों को हथिया लेते हैं, तो हमारे लिए जो बचता हैस वह है सडक़ छाप पाठशाला और अर्थिक संकट में घिरे हुए विश्वविद्यालय, जिसके उपकुलपति आर्थिक तंगी से परेशान होकर इस्तीफा भी दे जाएं तो किसी के कानों पर जूं नहीं रेंगती। एक अनार है और सौ बीमार हैं। एक इस्तीफा देकर अनोखा कार्य करता है तो बाईस उसकी जगह लेने को तैयार बैठे हैं। लोग तो भई आजकल गद्दी छोड़ते कहां हैं? जाने की तैयारी कर भी लें तो अपना नाती-पोता वहां भिड़ा जाते हैं। ये साब बीते युग के आदर्शों का रोना रोते हुए इस्तीफा दे गए तो इनकी अक्ल का मातम ही मनाया जा सकता है। देखो न एक भी हाथ उनके समर्थन में नहीं उठाए किसी समूह ने उनके हक में धरना नहीं लगाया। वे लोग, जब से होश संभाली, अपने साथ होती ऊंच-नीच के विरोध में धरना लगाने की बस सोचते रहे हैं, लेकिन ऐसी बातों पर भी कोई धरना लगाता है कि आपको सही जगह पढने के लिए नहीं मिली। योग्यता अनुसार नौकरी नहीं मिली। मेहनत करके फसल की बिजाई की तो उसका सही मूल्य नहीं मिला। अनुदान बंटने लगा तो वंचितों से अधिक उसके दलाल प्रमुख हो गए? स्वनाम धन्य नेता इस जर्जर देश का बोझ उठाते-उठाते दोहरे हो गए। उनका दारुण दुख देखा नहीं जाता। उनके हक में भाषण दिए जा सकते हैं लेकिन उनके लिए धरने नहीं लगाए जा सकते। हां यह अवश्य किया जा सकता है अगर किसी समूह ने न्याय के लिए धरना लगा दिया, तो उसे तारपीडो करने के लिए उन्हें देशद्रोही, विपक्ष की कठपुतलियां या फर्जी करार दे दिया जाए। धरने वालों को इस प्रकार थका दिया जाए, बस वे घिघिया कर स्वयं ही नाममात्र शर्तों के साथ फैसला करने के लिए बढ़ आएंगे और समय की सरकार उदारता दिखाते हुए कह देगी कि लीजिए जनाब हमसे आपका दुख देखा नहीं जाता था, इसलिए हमने स्वयं ही आपकी समस्याओं का हल तलाश लिया। आपको समझ नहीं आई, अब आपको समझाने के लिए बुकलैट छापे जा रहे हैं। हर बात को नम्बर बार समझाया जा रहा है। बड़े-बड़े सिपहसालार मैदान में उतारे जा रहे हैं, जो आपकी समझ का मातम मनाते हुए आपको असली बात समझाएंगे कि देखो भई ये कदम अमीरों के हक में नहीं, उस बोसीदा जर्जर ढांचे को नष्ट करने के लिए उठाए जा रहे हैं। आपको यह बताना पड़ेगा कि सदियों से खेतीबाड़ी कर रहे हो, और महाजनी सभ्यता के बंधक हो। गैर हाजिर जमींदार आपको अपनी कूवत और पैसे के बल पर भागीदार कहते हुए भी आपकी मेहनत को किसी किनारे नहीं लगने देते थे। हमारा खेती प्रधान देश है। दो तिहाई जनता आज भी गांवों में छत तलाशती है, आधी आबादी खेती में लगी है, लेकिन जमींदार साहूकार और आढ़तियों की धौंस इस तरह कि आप आज भी धरना लगाए बैठे हो कि हमें तो अभी धनी किसान के साथ बटाई, साहूकार से कर्जा और आढ़तिए के साथ सौदा करना है। हमारे जाने पहचाने हैं, अपना मारेगा तो भी जगह देख कर मारेगा। वंचित रहे तो क्या?

देश दुनिया से

# आखिर किस दौड़ और होड़ में शामिल हो रहे हैं हमारे बच्चे ?

परीक्षाएं और इनके परिणाम महत्वपूर्ण होते हैं, खास इसलिए भी क्योंकि ये 10-12 वर्षों की लगातार मेहनत का फल माने जाते हैं। इस समय बच्चों सहित पूरे परिवार का ध्यान केवल बच्चों के अंकों के उतार-चढ़ाव पर ही रहता है जिसके 99 प्रतिशत अंक आते हैं उसे 1 प्रतिशत कम आने का गम घेरता है जिसकी तीसरी पोजीशन होती है उसको दूसरी पोजीशन और दूसरे वाले को पहली रैंक ज्यादा आकर्षित करती है इसलिए खुशियों के माहौल में संतुष्टि नदारद रहती है। हम सभी इस दौर से होकर गुजरे हैं पहले और आज के रिजल्ट आने की प्रक्रिया और परिणामों में बहुत परिवर्तन हो चुके है। पहले ज्यादातर माता-पिता, जो कम पढ़े लिखे होते थे और उन्हें मनोविज्ञान के विषय में जानकारी नहीं थी लेकिन वे बच्चों का मानसिक दबाव कम करने का काम बखूबी जानते थे।

**अभी** हाल ही में बच्चों के यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के नतीजे आए हैं। अब जल्द ही सी.बी.एस.ई.के परिणाम आ जाएंगे। ये परीक्षाएं और इनके परिणाम महत्वपूर्ण होते हैं, खास इसलिए भी क्योंकि ये 10-12 वर्षों की लगातार मेहनत का फल माने जाते हैं। इस समय बच्चों सहित पूरे परिवार का ध्यान केवल बच्चों के अंकों के उतार-चढ़ाव पर ही रहता है जिसके 99 प्रतिशत अंक आते हैं उसे 1 प्रतिशत कम आने का गम घेरता है जिसकी तीसरी पोजीशन होती है उसको दूसरी पोजीशन और दूसरे वाले को पहली रैंक ज्यादा आकर्षित करती है इसलिए खुशियों के माहौल में संतुष्टि नदारद रहती है। हम सभी इस दौर से होकर गुजरे हैं पहले और आज के रिजल्ट आने की प्रक्रिया और परिणामों में बहुत परिवर्तन हो चुके है। पहले ज्यादातर माता-पिता, जो कम पढ़े लिखे होते थे और उन्हें मनोविज्ञान के विषय में जानकारी नहीं थी लेकिन वे बच्चों का मानसिक दबाव कम करने का काम बखूबी जानते थे। वे 10वीं-12वीं की कक्षाएं प्रारंभ होने के साथ ही यह कहना आरंभ कर देते थे कि ₹पास होने भर के अंक आ जाएं बस, चाहे थर्ड क्लास ही क्यों न आए, बस पास हो जाना ₹ज्यादातर माता पिता सिलेबस और पढ़ाई के डेली रूटीन से भी अंजान रहते थे। उनकी प्रार्थना और दुआएं भी बच्चे के पास होने तक ही रहती थी। शायद उनका डर उनकी ख्वाहिश से बड़ा रहता था कि कहीं बच्चों को तनाव न हो जाए। हालांकि, पहले 60 प्रतिशत अंक आने में गांव में हफ्तों चर्चाएं हुआ करती थी, जिनके 60% अंक आते थे। उनके माता-पिता का सीना गर्व से महीनों तक फूला रहता था। इसके विपरीत अब तो 80 प्रतिशत अंक भी संतुष्टि के दायरे से बहार कर दिए गए हैं, जिसका परिणाम है की हम बच्चों में अनावश्यक दबाव बढ़ाते जा रहे हैं। हम समझ ही नहीं पा रहे कि हम अपने बच्चों को जीवन की किस दौड़ में शामिल करा रहे हैं। जहां मंजिल पर पहुंच कर नंबर वन बने रहने की भूख उन्हें खोखला बना रही है और जीवन के आनंद से वो वंचित हो रहे हैं। इधर, पहले भी सबसे संवेदनशील रिजल्ट के तौर पर 10-12 वीं का ही परिणाम था। हफ्तों पहले से परिवार वाले बच्चों पर नजर बनाए रखते थे। इतने पर भी बहुत सारे बच्चे परिणाम आने के पहले और बाद में आत्महत्या करने की कोशिश करते थे। कुछ के तो आत्महत्या के बाद आने वाले परीक्षा परिणाम में बहुत अच्छे नंबर भी होते थे जिन्हें देख उनके माता-पिता जीवन भर का दुःख सहन करने के लिए मजबूर हो जाते थे। आस-पड़ोस वाले उन बच्चों का उदाहरण देकर दूसरे बच्चों को मोटिवेट किया करते थे ताकि वो कोई गलत कदम न उठाए, जिसका परिणाम होता था कि बच्चे अंकों की दौड़ में जीवन में संतुलन बनाना सीख लेते थे और बड़ी परीक्षाओं में फेल होने पर भी जीवन की परीक्षा में वे पास हो जाते थे। तब कोटा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि विभिन्न स्थानों से इतनी बड़ी संख्या में हृदय विदारक खबरे कम ही आती थी तब सबसे संवेदनशील पड़ाव 10-12वीं ही हुआ करते थे। ऐसा नहीं है की आज के माता पिता बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखते हैं। बस नंबर और कैरियर की प्रतिस्पर्धा उनमें ठूस-ठूस कर भर रहे हैं जो बच्चों को खुद को समझने, समझाने का मौका नहीं देते। उन्हें यह समझाना बेहद जरूरी है कि नंबरों के इतर भी खूबसूरत दुनिया है। कम अंकों वाले भी दुनिया में बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं। अपने परिवार और देश का नाम रौशन करते हैं। तनाव का हल आत्महत्या नहीं बल्कि मजबूती से खुद को नई चुनौतियों के लिए तैयार करना होता है। खुद को तनाव से बाहर निकालना होता है। दुनिया के महान मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बच्चें जैसे-जैसे बड़े होते हैं उनके मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल और भी जरूरी हो जाती है। माता पिता को उन्हें समझना जरूरी हो जाता है। हर बच्चे में कोई ना कोई विशेष गुण होता है, कुछ बच्चे पढ़ने में अच्छा करते हैं तो कुछ का मन पढ़ने में बिल्कुल नहीं लगता उन्हें कुछ और करना होता है इस पर हम नंबरों का दबाव उनपर बनाते हैं जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि बच्चों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे- पढ़ाई से संबंधित समस्याएं, शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं, अकेलापन, एकाग्रता का कम होना, वर्तमान में सोशल मीडिया और मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग भी ज्यादातर समय तनाव में रहने के लिए जिम्मेवार हैं।




आप का नजरिया

# पैंतीस करोड़ का नौकर

**झारखंड** की बदकिस्मती है कि प्रकृति ने उसे खूब संसाधन दिए हैं, बेशकीमती खनिज दिए हैं, लेकिन फिर भी वह गरीब और भ्रष्ट है। दरअसल झारखंड का राजनीतिक नेतृत्व फितरत से ही भ्रष्ट रहा है। बेशक वह शिबू सोरेन हों, नरसिंह राव सरकार बचाने वाले सांसद हों, मुख्यमंत्री रहे मधु कौड़ा और कुछ माह पूर्व तक मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन हों, सभी दागदार और भ्रष्ट रहे हैं। जेल में भी रहे हैं। हेमंत सोरेन अब भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। कोई पर्यटन करने तो जेल में नहीं जाता ! राजनेताओं के अलावा, आईएएस या अन्य शीर्ष अधिकारियों के घरों से भी करोड़ों की नकदी बरामद की गई है। उनके पास अकूत संपत्तियां भी मिली हैं, लिहाजा उन्हें जब्त किया गया है। कई ऐसे सफेदपोश चेहरे जेल की सलाखों के पीछे हैं। झारखंड में धीरज साहू जैसे कांग्रेसी और ओबीसी सांसद भी हैं, जिनके घर और अन्य ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से अधिक के नकदी नोट बरामद किए गए। घर के कमरों में नोट ऐसे सजाए गए थे मानो नकदी का कोई शोरूम हो ! काली कमाई के ये पहाड़ कैसे संजो लिए जाते हैं, आम आदमी के लिए यह आश्चर्य की मीनारें हैं। साहू जी आज भी सांसद हैं। ईडी ने क्या कार्रवाई की, सब कुछ रहस्य है, क्योंकि हमने ऐसे काले धन्नासेठ को जेल जाते हुए भी नहीं देखा। देश में काले, भ्रष्ट नकदी पहाड़ों के गोदाम भरे हुए हैं, प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन कड़वा सच लगता है। देश के कई हिस्सों में ऐसे गोदामों को दबोचा गया है, अदालत में भी केस हैं, लेकिन आम आदमी न्याय का मारा है। बहरहाल ताजातरीन मामला झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से परोक्ष रूप से जुड़ा है। उनके निजी सचिव के घरेलू नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए से अधिक की 'काली कमाई' बरामद हुई है। आठवां आश्चर्य ! ! ! एक नौकर स्तर का व्यक्ति कितना भी भ्रष्टाचार करे, लेकिन उसके घर बैगों में भरे करोड़ों के नोट बरामद नहीं किए जा सकते। यकीनन इस संदर्भ में उसे 'बलि का बकरा' बनाया गया है। तो फिर सवाल है कि काली कमाई के नोट किसके हैं? क्या नौकर का घर 'कलेक्शन सेंटर' बना था? ईडी के अफसरों को मंत्री के निजी सचिव पर तो शक था, लिहाजा नौकर का पीछा भी किया गया। अक्सर उसके हाथ में एक बैग होता था, लेकिन घर से बाहर आते हुए उसके हाथ खाली होते थे। अंततः ईडी ने छापेमारी की, तो नोटों से भरे बैग मिले और उसी के साथ भ्रष्टाचार का एक रहस्य खुला। सवाल मंत्री के कारनामों पर भी है, क्योंकि ईडी ने जिन इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों की धरपकड़ की है, उनमें से कइयों ने मंत्री की संलिप्तता का भी खुलासा किया है। दलाली का एक खेल उस विभाग में खेला जा रहा था। ठेका देने के बदले 3 फीसदी की दलाली ली जाती थी। मंत्री और निजी सचिव की 'कटमनी' ज्यादा और अलग थी। अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर की बोलियां अलग से लगती थीं। यह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि आम आदमी से भ्रष्ट जमात ने जो भी लूटा है, उसकी पाई-पाई वापस वसूली जानी चाहिए।




# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुंबई, 10 मई (एजेंसियां) ।** घरेलू शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। इसी के साथ ही पिछले दिनों से जारी गिरावट पर भी अंकुश लग गया। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 260.30 अंक बढ़कर 72,664.47 पर बंद हुआ जबकि पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 97.70 अंकों की तेजी के साथ ही 22,055.20 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में 9 शेयरों में गिरावट आई जबकि बाकी के 21 शेयरों में बढ़त दर्ज की गयी। निफ्टी-50 में भी 38 शेयरों में तेजी और 12 शेयरों में गिरावट रही। निफ्टी एक बार फिर से 22 हजार से ऊपर निकल गया। वहीं गत कारोबारी दिन में यह 21,957.50 पर बंद हुआ था।

कारोबार के दौरान पेट्रोलियम (बीपीसीएल) के शेयर सबसे अधिक 4.50 फीसदी बढ़े, इसके अलावा पावरग्रिड, एनटीपीसी, हीरो मोटोकॉर्प और आयशर मोटर्स निफ्टी-50 के लाभ वाले शेयर रहे।

वहीं आईटी कंपनी टीसीएस के शेयर सबसे अधिक गिरे। टीसीएस के शेयरों में 1.65 फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावा सिप्ला , एलटीमाइंडट्री लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक और इंफोसिस के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गयी। वहीं ऑयल ऐंड गैस, मेटल और एफएमसीजी के शेयर उछले। फएमसीजी के शेयर 1.19 फीसदी ऊपर आये। निफ्टी मेटल में 1.54 फीसदी की तेजी रही। मेटल स्टॉक्स में हिंदुस्तान जिंक के शेयरों ने जबरदस्त 15.97 फीसदी की उछाल दर्ज की और 529 रुपये पर बंद हुआ। ऑयल ऐंड गैस के भी ज्यादातर शेयरों में भी बढ़त रही। इससे पहले वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 270 अंकों की तेजी के साथ 72,683 पर कारोबार करता देखा गया। वहीं निफ्टी 22,046 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। बीएसई पर एनटीपीसी, पावर ग्रिड शीर्ष लाभ पाने वालों में से थे, जबकि इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक नुकसान वाले शेयरों में रहे। इसी तरह एनएसई पर बीपीसीएल, बजाज ऑटो टॉप गेनर्स पाने वालों में से रहे, जबकि इंफोसिस, ब्रिटानिया शीर्ष पर थे। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो हांगकांग, शंघाई और बैंकॉक के बाजार लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि टोक्यो और सियोल के बाजारों में तेजी बनी हुई है। अमेरिकी बाजार तेजी के साथ बंद हुए थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सुप्रीम कोर्ट ने धनशोधन मामले में सोरेन की याचिका का किया निस्तारण, बताया यह कारण



**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका का निस्तारण कर दिया जिसमें उन्होंने उच्च न्यायालय को यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर वह फैसला सुनाए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि याचिका बेकार हो गई है क्योंकि उच्च न्यायालय तीन मई को अपना फैसला सुना चुका है और सोरेन पहले ही उसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे चुके हैं। सोरेन ने गिरफ्तारी के खिलाफ अपनी याचिका पर उच्च न्यायालय का निर्णय आने तक लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने का भी अनुरोध किया था। पीठ ने सोरेन की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल तथा अरुणाभ चौधरी से कहा, ''यह बेकार हो गई है। सिब्बल ने कहा कि उच्च न्यायालय के पिछले सप्ताह के फैसले को चुनौती देने वाली सोरेन की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) 13 मई को शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के लिए आ रही है। उन्होंने कहा कि दोनों याचिकाओं पर 13 मई को एक साथ सुनवाई की जाए। हालांकि, पीठ ने कहा कि सोरेन के वकील उस एसएलपी में समस्त दलील उठा सकते हैं जो 13 मई को सुनवाई के लिए आएगी। सिब्बल ने कहा, ''भूल जाइए कि वह एक पूर्व मुख्यमंत्री हैं। मुझे (सोरेन को) नागरिक के तौर पर अधिकार है कि उच्च न्यायालय निष्पक्षता बरते।'' पीठ ने सोरेन की याचिका का निस्तारण करते हुए कहा, ''आपने उच्च न्यायालय के आदेश को एक और याचिका में चुनौती दी है। आप वहीं दलील दीजिए।

### एसआईपी के जरिए रिकॉर्ड 20,371 करोड़ का निवेश, इक्विटी म्यूचुअल फंड में 16 फीसदी गिरावट




**नई दिल्ली।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश अप्रैल, 2024 में पहली बार 20,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इस अवधि में एसआईपी निवेश मार्च, 2024 के 19,271 करोड़ से बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 20,371 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालांकि, इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च के 22,633 करोड़ से 16 फीसदी घटकर 18,917 करोड़ रुपये रहा। लार्जकैप फंड में निवेश प्रवाह कम होने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में गिरावट आई है। यह लगातार 38वां महीना है जब इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह हुआ है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, पिछले महीने म्यूचुअल फंड उद्योग में 2.4 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ है। मार्च में 1.6 लाख करोड़ की निकासी हुई थी। उद्योग का एयूएम बढ़कर 57.26 लाख करोड़ रुपये म्यूचुअल फंड उद्योग में प्रबंधन के अधीन शुद्ध परिसंपत्तियां (एयूएम) अप्रैल में बढ़कर 57.26 लाख करोड़ रुपये पहुंच गईं। मार्च अंत में यह 53.54 लाख करोड़ थीं। लार्जकैप फंड में निवेश तेजी से घटकर 357 करोड़ रह गया। मार्च में यह 2,128 करोड़ था। ईएलएसएस में 144 करोड़ रुपये की निकासी हुई।

### सोना 72,100 और चांदी लगभग 85 हजार

**नई दिल्ली ।** सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेज रही। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 72,100 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 85 हजार रुपये से ऊपर कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 91 रुपये की तेजी के साथ 71,730 रुपये के भाव पर खुलने के बाद 490 रुपये की तेजी के साथ 72,129 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 262 रुपये की तेजी के साथ 84,761 रुपये पर खुलने के बाद 636 रुपये की तेजी के साथ 85,135 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,353.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,340.30 डॉलर था। फिलहाल यह 17 डॉलर की तेजी के साथ 2,357.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का आईपीओ 15 मई को खुलेगा

# 17 मई तक कर सकेंगे अप्लाय, इस कंपनी में विराट कोहली और अनुष्का शर्मा भी निवेशक




**मुंबई, 10 मई (एजेंसियां) ।** बेंगलुरु स्थित इंश्योरटेक स्टार्ट-अप गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 15 मई को ओपन होगा। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 17 मई तक बोली लगा सकेंगे। ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, इस इश्यू के जरिए कंपनी 2,614.65 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 1,125 करोड़ के नए शेयर जारी करेगी और 1,489.65 करोड़ के 5.47 करोड़ शेयर को कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी ओएफएस के जरिए बेचेंगे।


**विराट कोहली और अनुष्का शर्मा इसके निवेशक** - क्रिकेटर विराट कोहली ने 2020 में 2 करोड़ रुपए में कंपनी के 266,667 शेयर खरीदे थे। वहीं, उनकी पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने निजी प्लेसमेंट के जरिए 50 लाख का निवेश किया था। आईपीओ के जरिए प्रमोटर गो डिजिट इंफोवर्क्स और अन्य मौजूदा शेयरहोल्डर अपनी हिस्सेदारी बेच रहे हैं। हालांकि, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा निवेशक बने रहेंगे। रिटेल इनवेस्टर्स मिनिमम और मैक्सिमम कितना पैसा लगा सकते हैं इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 55 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 258-272 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 272 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,960 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 715 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 194,480 इन्वेस्ट करने होंगे। इश्यू का 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस ने इश्यू का 75 प्रतिशत हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व रखा गया है।

### गोल्ड लोन पर 20,000 से अधिक नहीं मिलेगा कैश : आरबीआई



**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गोल्ड लोने देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से कहा है कि इनकम टैक्स कानून के अनुसार गोल्ड लोन पर 20,000 रुपये से अधिक कैश का भुगतान न करें। आरबीआई ने इस हफ्ते की शुरुआत में गोल्ड लोन मुहैया कराने वाले फाइनेंसरों और माइक्रो फाइनांस को दी गई सलाह में इनकम टैक्स कानून की धारा 269 एसएस का पालन करने का निर्देश दिया है। मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार इनकम टैक्स एक्ट की धारा 269एसएस में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति पेमेंट के लिए बताए गए तरीकों के अलावा किसी दूसरे व्यक्ति की ओर से की गई डिपॉजिट या लोन स्वीकार नहीं कर सकता है. इस धारा में कैश की मंजूर की गई लिमिट 20,000 रुपये है। आरबीआई की ओर से दी गई सलाह से कुछ सप्ताह पहले केंद्रीय बैंक ने आईआईएफएल फाइनेंस के निरीक्षण के दौरान कुछ चिंताएं नजर आने के बाद उसे गोल्ड लोन मंजूर करने या डिस्ट्रीब्यूट करने से रोक दिया था। आरबीआई की इस सलाह पर टिप्पणी करते हुए मणप्पुरम फाइनेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसमें कैश लोन देने के लिए 20,000 रुपये की लिमिट दोहराई गई है।

# थिंक एंड लर्न ने पाठ्यक्रम सदस्यता शुल्क में 30-40 प्रतिशत कटौती की




**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां) ।** शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच बायजू का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने पाठ्यक्रम सदस्यता शुल्क में 30-40 प्रतिशत की कटौती करने के साथ बिक्री प्रोत्साहन को 50-100 प्रतिशत बढ़ा दिया है। बायजू के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी बायजू रवींद्रन ने 1,500 बिक्री सहयोगियों और प्रबंधकों के साथ एक बैठक में कारोबार विस्तार और लचीलेपन के लिए अपनी बिक्री रणनीति में बदलाव की घोषणा की है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि बायजू लिर्निंग ऐप की वार्षिक सदस्यता अब 12,000 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है, जबकि बायजू क्लासेस और बायजू ट्यूशन सेंटर की पूरी कीमत समूचे साल के लिए क्रमश 24,000 रुपये और 36,000 रुपये है। उन्होंने कहा कि इस तरह पाठ्यक्रम शुल्कों में लगभग 30-40 प्रतिशत की कटौती की गई है। कंपनी के मूल्यांकन में भारी गिरावट आने से पैदा हुए वित्तीय संकट से उबरने की कोशिश में लगे रवींद्रन ने पाठ्यक्रमों की बिक्री करने वाली टीम का प्रोत्साहन बढ़ाने के साथ उनका सारा बकाया चुकाने का भी वादा किया है। बायजू ने कहा कि औसत बिक्री वेतन 40,000 रुपये प्रति माह है। आप कुछ पाठ्यक्रमों की बिक्री करें और आप अपने वेतन के साथ बकाया वेतन भी निकाल सकते हैं। इस मॉडल से अपने सालाना वेतन पैकेज की कई गुना राशि कमा सकते हैं। उन्होंने घोषणा की कि बायजू के बिक्री सहयोगियों को बिक्री के अगले दिन ही पूरी प्रोत्साहन राशि सीधे उनके खातों में मिलेगी, जबकि प्रबंधकों को कंपनी से इसका 20 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। बायजू ने प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि वे बिक्री टीम को समर्थन और सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कोच के रूप में कार्य करें। बायजू ने कर्मचारियों से कहा है कि वे किसी भी तरह के दुर्व्यवहार, जबरन बिक्री या प्रबंधकों के अशिष्ट व्यवहार की शिकायत सीधे उन्हें करें। इस घटनाक्रम के बारे में टिप्पणी के लिए बायजू को भेजे गए ईमेल का अब तक कोई जवाब नहीं मिला है।

# चुनौतियों के बाद भी 115 देशों को बढ़ा भारत से निर्यात, शीर्ष-10 देशों में 13 फीसदी ज्यादा वृद्धि

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां) ।** वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद 2023-24 में कुल 238 देशों में से 115 में भारत से निर्यात बढ़ा है।

अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, चीन, ब्रिटेन, सऊदी अरब, सिंगापुर, बांग्लादेश, जर्मनी और इटली समेत 115 देशों को कुल निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 46.5 फीसदी है। वाणिज्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2023-24 में कुल 778.2 अरब डॉलर का निर्यात किया। यह आंकड़ा 2022-23 के 776.4 अरब डॉलर से 0.23 फीसदी ज्यादा है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद 2022-23 में कुल निर्यात उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

### 17 उत्पादों में मजबूत वृद्धि

कमोडिटी के मोर्चे पर बीते वित्त वर्ष के दौरान 17 उत्पादों के निर्यात में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। देश के कुल निर्यात में इनकी 48.4 फीसदी हिस्सेदारी है। जिन 17 उत्पादों का




निर्यात बढ़ा है, उनमें इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, कॉटन और हैंडलूम शामिल हैं।

### वैश्विक वस्तु निर्यात में बढ़ी देश की हिस्सेदारी

2023-24 में देश से सेवा निर्यात 4.8 फीसदी बढ़कर 341.1 अरब डॉलर पहुंच गया। वैश्विक वस्तु निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2014 के 1.70 फीसदी से बढ़कर 2023 में 1.82 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक माल निर्यातकों में भारत 19वें से 17वें स्थान पर आ गया है।

# कौन हैं जॉन टर्नस, जो टिम कुक की जगह बन सकते हैं एपल के नए सीईओ

**वॉशिंगटन, 10 मई (एजेंसियां) ।** दिग्गज टेक कंपनी एपल के सीईओ टिम कुक इस साल 64 साल के हो जाएंगे। टिम कुक की उम्र को देखते हुए माना जा रहा है कि वह जल्द ही रिटायरमेंट ले सकते हैं। ऐसे में मीडिया में इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि टिम कुक की जगह कौन ले सकता है मीडिया रिपोर्ट्स में जॉन टर्नस का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि कई और उम्मीदवार भी है, जिनमें एपल के मौजूदा चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर जेफ विलियम्स का नाम भी शामिल है। हालांकि सबसे ज्यादा संभावना जॉन टर्नस के नाम की है।



### कौन हैं जॉन टर्नस-

- 1. जॉन टर्नस एपल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं और कंपनी के विभिन्न उत्पादों जैसे आईफोन, आईपैड, एयरपॉड और अन्य उत्पादों को बनाने में जॉन टर्नस का अहम योगदान है।
- 2. जॉन टर्नस सीधे टिम कुक को रिपोर्ट करते हैं और साल 2001 से एपल से जुड़े हैं। जॉन टर्नस ने प्रोडक्ट डिजाइन टीम के सदस्य के तौर पर एपल में अपने करियर की शुरुआत की थी और अब साल 2013 से वे एपल की हार्डवेयर इंजीनियरिंग के उपाध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं
- 3. जॉन टर्नस के नेतृत्व में ही आईपैड के विभिन्न मॉडल्स , मौजूदा आईफोन सीरीज और एयरपॉड का उत्पादन हुआ है।
- 4. मैक से एपल सिलिकॉन के बदलाव में भी जॉन टर्नस ने ही अहम भूमिका निभाई है। जॉन एपल जॉइन करने से पहले वर्चुअल रिसर्च सिस्टम नामक कंपनी में बतौर मैकेनिकल इंजीनियर काम कर चुके हैं।
- 5. जॉन टर्नस की शिक्षा की बात करें तो उन्होंने पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया है।
- 6. जॉन टर्नस के अलावा जेफ विलियम्स को भी एपल का नया सीईओ बनाए जाने की चर्चा है। जेफ विलियम्स के अलावा एपल के सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के उपाध्यक्ष क्रेग फेडरीगी, रिटेल के उपाध्यक्ष डेरड्रे ओ ब्रायन, डैन रिकियो और फिल शीलर में से किसी एक को भी सीईओ पद की जिम्मेदारी मिल सकती है।
- 7. जॉन टर्नस का दावा सबसे मजबूत माना जा रहा है और इसकी वजह ये है कि वे लंबे समय से एपल के साथ जुड़े हैं और उन्हें टिम कुक का करीबी भी माना जाता है।

# त्रिपुरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा ग्रेच्युटी का लाभ, हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां) ।** उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने एक महत्वपूर्ण फैसले में राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य के सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिछली तारीख से ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के दायरे में आएं। न्यायमूर्ति एस दत्ता पुरकायस्थ की पीठ द्वारा दिए गए फैसले के अनुसार, आईसीडीएस योजना के तहत कार्यरत सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायक, जिनमें सेवा से सेवानिवृत्त हुए लोग भी शामिल हैं, सेवानिवृत्ति प्राप्त करने पर ग्रेच्युटी राशि प्राप्त करने के पात्र होंगे। अधिवक्ता पुरुषुत्तम रॉय बर्मन, जिन्होंने मामले में 22 याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व किया उन्होंने एएनआई इसकी जानकारी दी। अदालत ने 22 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों के पक्ष में फैसला पारित किया, जिन्होंने ग्रेच्युटी लाभ की मांग करते




हुए अदालत का रुख किया था। उन्होंने इस आधार पर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया कि वे ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 के तहत इस विशिष्ट लाभ के हकदार थे। इससे पहले, सभी याचिकाकर्ताओं ने अपने उच्च प्राधिकारी जो कि सामाजिक कल्याण और सामाजिक शिक्षा विभाग है से लाभ मांगने का आग्रह किया था, लेकिन विभाग ने उनकी दलीलों को ठुकरा दिया था। उच्च न्यायालय ने उस विभागीय आदेश को भी रद्द कर दिया है जिसके आधार पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों को ग्रेच्युटी लाभ से वंचित किया गया था। बर्मन ने बताया, माननीय उच्च न्यायालय ने विशेष रूप से कहा है कि ग्रेच्युटी की राशि सेवा से सेवानिवृत्ति के 30 दिनों के भीतर भुगतान की जानी चाहिए और यदि देरी होती है तो राशि एक निश्चित ब्याज दर से बढ़ेगी। विभागीय आदेश जिसमें कहा गया था कि याचिकाकर्ता ग्रेच्युटी के लिए पात्र नहीं थे, को भी रद्द कर दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों के लिए फैसले को जीत बताते हुए, बर्मन ने कहा, हम सभी जानते हैं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायक बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभाते हैं, लेकिन बदले में उन्हें जो भुगतान मिलता है वह एक सभ्य जीवन जीने के लिए पर्याप्त नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता के अनुसार, उच्च न्यायालय ने गुजरात राज्य से संबंधित इसी तरह के एक मामले पर पहले पारित सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लेख किया।

### एलन मस्क ने कहा- अब एक्स पर पोस्ट कर सकते हैं फिल्म



**नई दिल्ली ।** टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने ऐलान किया कि सोशल मीडिया एक्स यूजर्स फिल्म, टीवी सीरीज और पॉडकास्ट को प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर मोनेटाइजेशन के जरिए आय अर्जित कर सकते हैं। अपनी बहन टोस्का मस्क जो स्ट्रीमिंग सर्विस पेशनफ्लिक की सह-संस्थापक हैं, से मस्क ने कहा कि यूजर्स अब एक्स पर फिल्म, टीवी सीरीज और पॉडकास्ट को आसानी से पोस्ट कर सब्सक्रिप्शन के जरिए मोनेटाइजेशन का फायदा उठा सकते हैं। टोस्का ने अगले पोस्ट में लिखा कि लोग अब एक्स पर फिल्म देख रहे हैं। यह काफी अच्छा है। कुछ यूजर्स ने इस दौरान मस्क को सलाह दी कि बिना सब्सक्रिप्शन लिए फिल्म देखने के लिए उन्हें एक वन टाइम फीस भी रखनी चाहिए। इसके अलावा मस्क ने अपने फॉलोअर्स को बताया कि एआई ऑडियंस फीचर जल्द ही आने वाला है। उन्होंने इस नए फीचर के बारे में बताते हुए कहा कि इसकी मदद से आप ऐड के लिए अपनी टारगेट ऑडियंस तक जल्द ही पहुंच सकते हैं। हमारा एआई सिस्टम कुछ ही सेकंड्स में आपके ऐड के लिए उपयुक्त यूजर्स का एक पूल तैयार कर देगा। बता दें कि एलन मस्क ने एक्स (पूर्व ट्विटर) को अक्टूबर 2022 में खरीदा था। तब से लेकर अब तक मस्क कंपनी का नाम बदलकर एक्स कर चुके हैं। इसके साथ ही कंटेंट पोस्ट करने पर मोनेटाइजेशन जैसे कई फीचर्स को प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है।





# ओलंपिक के लिए इन नामी जोड़ियों के साथ तैयारी करेंगे सात्विक-चिराग, देश में ही करेंगे प्रैक्टिस

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां) ।** पेरिस ओलंपिक में पदक की दावेदार राष्ट्रमंडल और एशियाड स्वर्ण विजेता बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को ओलंपिक की तैयारियां दो नामी विदेशी जोड़ियां कराएंगी। ये दोनों जोड़ियां यूरोपियन चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता स्कॉटलैंड के अलेक्जेंडर डन-एडम हाल और थॉमस कप पदक विजेता इंडोनेशिया के रेन आगुंग-बेरी एंग्रियावान हैं। सात्विक-चिराग इन दोनों जोड़ियों के साथ पेरिस की तैयारियां मुंबई और हैदराबाद में अंजाम देंगे। दोनों ही जोड़ियों को सात्विक-चिराग और उनके डेनमार्क के कोच मथायस बोए की सिफारिश पर बुलाया जा रहा है। साई ने दोनों की तैयारियों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है, जिस पर तकरीबन साढ़े छह लाख रुपये का खर्च आएगा। जून और जुलाई आएंगी विदेशी जोड़ियां सात्विक और चिराग ने विदेश की बजाय देश में ओलंपिक की तैयारियां करने का फैसला लिया है। अलेक्जेंडर डन और एडम हाल के साथ सात्विक और चिराग 22 से 30 जून तक मुंबई में तैयारियां करेंगे, जबकि आगुंग और एंग्रियावान के साथ दोनों पांच से 20 जुलाई तक हैदराबाद में तैयारियां करेंगे। इसके बाद यहीं से दोनों पेरिस रवाना होंगे। मथायस बोए दोनों को कोरियाई जोड़ी के साथ तैयारियां कराना चाहते थे। कोरियाई जोड़ी ने 10 हजार अमेरिकी डॉलर की मांग की। इस पर बात नहीं बनी। इंडोनेशियाई जोड़ी चार हजार डॉलर में आ रही है। हैदराबाद में बैडमिंटन खिलाड़ियों की तैयारियों के लिए इंडोनेशिया के तीन स्पारिंग पार्टनर (तैयारी कराने वाले) अनुबंधित किए गए थे। सात्विक और चिराग भी इनके साथ तैयारी करते थे, लेकिन इनमें से दो वापस चले गए, जिसके चलते सात्विक-चिराग को तैयारियों के लिए नए सिरे से योजना बनानी पड़ी।

## न्यूज ब्रीफ

### ज्योति याराजी का बेहतरीन प्रदर्शन, करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर जीता स्वर्ण पदक




**नई दिल्ली ।** भारत की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ज्योति याराजी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नीदरलैंड के वुघ्ट में हैरी शुल्टिंग खेलों में सीजन की पहली आउटडोर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। ज्योति ने 100 मीटर बाधा दौड़ में यह उपलब्धि हासिल की। पिछले साल हांगझू एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली 24 वर्षीय याराजी ने विश्व एथलेटिक्स ई कैटेगरी की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लिए 12.87 सेकेंड का समय निकाला जो उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ समय है। रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के करीब ज्योति याराजी ने भले ही पेरिस ओलंपिक के लिए 2.77 सेकेंड के क्वालीफाइंग मानक को हासिल नहीं किया, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर अग्रसर हैं। विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में ज्योति फिलहाल 26वें स्थान पर मौजूद हैं। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 40 धावक प्रतिस्पर्धा करेंगे जिनमें से 15 विश्व रैंकिंग के आधार से क्वालीफाई करेंगी, जबकि 25 एथलीट का प्रवेश क्वालीफाइंग मानक से होगा। पिछले साल 60 मीटर में जीता था स्वर्ण पदक ज्योति याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड का है जो उन्होंने पिछले साल वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के दौरान हासिल किया था। उन्होंने फरवरी में तेहरान में एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में 60 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

### वेंगसरकर ने यशस्वी को प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया



**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे एक जुमीन से जुड़ा प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया है। वेंगसरकर ने कहा कि उन्होंने यशस्वी को अंडर 14 खेलने के दिनों से देखा है। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका ध्यान हमेशा अपने खेल पर ही रहता है। यशस्वी ने अपने पदार्पण के बाद से ही अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। वेंगसरकर ने कहा कि मैं उसे अपनी अकादमी के साथ इंग्लैंड ले गया था। वह काफी अच्छा खिलाड़ी है जिसका ध्यान अपने लक्ष्य पर रहता है। एक खिलाड़ी के रूप में वह बहुत भावुक और जमीन से जुड़ा हुआ है। आईपीएल के इस सत्र में यशस्वी शुरुआती मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद लय में आये और उन्होंने 11 मैचों में 32.00 की औसत और 157.63 की स्ट्राइक रेट से एक शतक और अर्धशतक के साथ ही 320 रन बनाये हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन रहा है। भारतीय टीम की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रयीय में इस बल्लेबजा ने 17 मैचों में 161.93 के स्ट्राइक रेट से एक शतक और चार अर्धशतक के साथ 502 रन बनाए हैं।

### बॉलीवुड का प्रशंसक नहीं पर मुझे भारत से प्यार : लारा

**मुम्बई ।** वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों को भारत काफी पसंद है। इन्हीं में दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा भी



शामिल हैं। लारा आजकल आईपीएम में कमेंट्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बॉलीवुड का प्रशंसक नहीं हूं। मेरे देश में काफी भारतीय हैं, इसलिए बॉलीवुड को लेकर काफी रुचि है। मैं अंग्रेजी फिल्मों का भी शौकीन नहीं हूं। मैने हैरी पॉटर जैसी सीरीज नहीं देखी है। उन्होंने कहा, ' मुझे भारत में मिलने वाला प्यार पसंद। उन्होंने कहा, 'जब भी आप भारत आते हैं तो जिस तरह से आप पर स्नेह बरसाया जाता है। आप किसी भी कोने में जाएं, आपको देखकर लोगों के चेहरों पर मुस्कान आ जाती है। यह बहुत अच्छा लगता है और बहुत सकारात्मक भी है। लारा ने कहा, 'भारत में आने से मुझ पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मियामी बीच पर टहलते हुए हर कोई आपको धक्का देकर आगे बढ़ना चाहेगा लेकिन भारत में हर कोई आपकी ओर खिंचा चला आएगा। सनराइजर्स हैदराबाद के साथ बतौर कोच उनका अनुभव अच्छा नहीं रहा पर उनकी नजर में यह टीम इस साल आईपीएल नॉकआउट में पहुंच सकती है। उन्होंने कहा, 'मैं साफ कर देना चाहता हूं क्योंकि आपको लगेगा कि सनराइजर्स के साथ मेरा संबंध इतना खराब रहा लेकिन मैं चाहता हूं कि यह टीम आईपीएल में अच्छा करे। उन्हे छोले भटूरे पसंद हैं।

# गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रनों से हराया



**अहमदाबाद, 10 मई (एजेंसियां)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुक्रवार को 59वें मुकाबले में साई सुदर्शन (103) और कप्तान शुभमन गिल (104) की आतिशी शतकीय पारियों तथा उसके बाद मोहित और राशिद द्वारा पांच महत्वपूर्ण विकेट झटकने की बदौलत गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर 35 रनों से जीत दर्ज की है।

232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 10 रन पर अपने तीन शीर्ष विकेट गवां दिये। अजिंक्य रहाणे (1), रचिन रविंद्र (1) और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद डैरिल मिचेल और मोइन अली ने पारी को संभाला। डैरिल मिचेल ने 34 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुये सर्वाधिक (63) रन बनाये। 15वें ओवर में मोईन अली आउट हुये। उन्होंने 36 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (56) रनों की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजो को मोहित शर्मा ने आउट किया। शिवम दुबे (21), रवींद्र जडेजा (18) और मिचेल सैंटनर (शून्य) पर आउट हुये। एमएस धोनी (26) और शार्दुल ठाकुर (3) रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम आठ विकेट पर 196 रन ही बना सकी और 35 रन से मुकाबला हार गई।

गुजरात की ओर से मोहित शर्मा ने तीन और राशिद खान ने दो विकेट लिये। उमेश यादव और संदीप वारियर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 232 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

गुजरात टाइटंस की साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत देते हुए मैदान के चारों शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये रिकार्ड अविजित 210 रनों की साझेदार की। 18वें ओवर में तुषार देशपांडे ने साई सुदर्शन को आउट कर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। साई सुदर्शन ने 51 गेंदों में पांच चौके और सात छक्के लगाते हुये (103) रन बनाये। शुभमन गिल ने 55 गेंदों में नौ चौके और छह छक्के लगाते हुये (104) रनों की पारी खेली। उन्हें भी तुषार देशपांडे ने आउट किया। जब तक दोनों बल्लेबाज खेल रहे थे स्टेडियम में चौके और छक्को की बारिश हो रही थी। शाहरुख खान आ-खिरी गेंद पर दो रन पर रनआउट हुये। डेविड मिलर ने 11 गेंदों में नाबाद 16 रनों की पारी खेली। गुजरात ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 231 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से तुषार देशपांडे ने दो विकेट लिये।

# टी20 विश्व कप में हसरंगा करेंगे श्रीलंकाई टीम की कप्तानी, पाथिराना शामिल




**कोलंबो, 10 मई (एजेंसियां) ।** श्रीलंका ने तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को अगले माह वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। इस टीम की कप्तान स्पिनर वानिंदु हसरंगा को बनाया गया है। पथिराना के चयन पर इसलिए भी सवाल उठे हैं क्योंकि आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते समय वह चोटिल हो गये थे। इसके बाद वह आईपीएल सत्र से भी बाहर हो गये थे। टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद यह पथिराना स्वदेश लौट गये थे। उन्होंने चेन्नई की तरफ से केवल 6 मैच में 13 विकेट लिए थे। उनका इकोनॉमी रेट 7.68 रहा। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका की भी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी हुई है। चोटिल होने के कारण वह आईपीएल में नहीं खेल पाए थे। इसके अलावा कप्तान हसरंगा भी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्हें भी चोटिल होने के कारण आईपीएल से हटना पड़ा था। टी20 विश्वकप में श्रीलंकाई टीम को दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल के साथ ग्रुप डी में शामिल किया गया है और वह 3 जून को न्यूयॉर्क में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

**श्रीलंकाई टीम इस प्रकार है :** वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चैरिथ असलांका (उप-कप्तान), कुसल मेंडिस, पथुम निसांका, कामिंदु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, धनंजय डी सिल्वा, महीश थीक्षाना, डुनिथ वेललागे, दुष्मंथा चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना, दिलशान मधुशंका।

**रिजर्व खिलाड़ी:** असिथा फर्नांडो, विजयकांत वियास्कंथ, भानुका राजपक्षे, जेनिथ लियानागे।

# पंजाब पर जीत से आरसीबी के प्लेऑफ की संभावनाएं बरकरार, हमने अपने को साबित किया : डु प्लेसिस

**धर्मशाला, 10 मई (एजेंसियां) ।**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने यहां हुए अहम मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर प्लेऑफ की रेस में अपने को बनाये रखा है। इस मैच में आरसीबी की जीत में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की अहम भूमिका रही। विराट के 92 रन की सहायता से टीम ने 241 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की टीम 181 रन ही बना पायी। इस प्रकार वह प्लेऑफ की दौड़ से तकरीबन बाहर हो गयी है। जीत से उत्साहित आरसीबी के कप्तान डु प्लेसिस ने मैच के बाद कहा कि यह एक अच्छा खेल था और हमने अपने को साबित किया है।**

हमने पिछले कुछ मैचों में लगातार 200 से अधिक का स्कोर बनाया है। हमारी रणनीति सफल रही। हमने पिछली गलतियों से सबक सीखा। आक्रामकता की जरूरत थी जो हमने अपनायी। गेंदबाजी करते हुए हमने सिर्फ विकेट लेने के बारे में बात की।

डुप्लेसिस ने कहा कि गेंदबाजी विभाग में हमारे पास 6 से 7 विकल्प हैं। हमें थोड़े से भाग्य का साथ भी जरूरी है। टूर्नामेंट की शुरुआत में हमारे पास कुछ लोग थे जो विकेट और रन की तलाश में थे। लड़कों ने इसे बदलने का काम किया है। हर कोई रन बना रहा है और गेंदबाज विकेट ले रहे हैं।

हमारे लिए अपने पर ध्यान केंद्रित करना अहम है। हम जिस शैली में खेलना चाहते हैं, उसी पर बरकरार रहना चाहते हैं, अगर हम ऐसा करते हैं तो यह साबित होगा कि हम वास्तव में एक अच्छी टीम हैं।

# नए कोच के लिए जल्द विज्ञापन जारी करेगा बीसीसीआई : जय शाह ने कहा द्रविड़ चाहें तो अप्लाई कर सकते हैं; जून में खत्म होगा उनका कार्यकाल

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां) ।**

**टीम इंडिया को जल्द ही नया हेड कोच मिल सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड जल्द ही नए कोच के लिए आवेदन मंगाएगा। इसका खुलासा बीसीसीआई सचिव जय शाह ने किया है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जय शाह ने मुंबई में कहा कि बोर्ड जल्द ही टीम इंडिया के हेड कोच के पद के लिए विज्ञापन जारी करने जा रहा है। मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में पूरा होने जा रहा है।**

जय शाह ने कहा, राहुल का कार्यकाल केवल जून तक है। इसलिए यदि वह अप्लाई करना चाहते हैं, तो वह ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं।

### लंबे कार्यकाल के लिए नियुक्त होगा नया कोच

शाह ने आगे कहा, कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य, जैसे बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग कोच



का सिलेक्शन नए कोच के परामर्श के बाद किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम यह तय नहीं कर सकते कि नया कोच भारतीय होगा या विदेशी। शाह ने पुष्टि की कि नए कोच को लंबे कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाएगा और वह शुरुआती तीन साल की अवधि के लिए काम करेगा।

### द्रविड़ नवंबर 2021 में टीम इंडिया के चीफ कोच अपॉइंट हुए

फिलहाल टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ हैं। बीसीसीआई ने पिछले साल नवंबर में उनका कार्यकाल बढ़ा दिया था। वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के साथ ही द्रविड़ का दो साल का कार्यकाल खत्म हो गया था। इसके बाद बोर्ड और द्रविड़ की बातचीत हुई और यह तय हुआ कि द्रविड़ कम से कम टी-20 वर्ल्ड कप तक टीम से जुड़े रहेंगे। टी-20 वर्ल्ड कप इसी साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिकी की मेजबानी में होना है। राहुल द्रविड़ नवंबर 2021 में टीम इंडिया के चीफ कोच अपॉइंट हुए थे।

द्रविड़ सहित पूरे भारतीय कोचिंग स्टाफ का कार्यकाल बढ़ाया गया था। जिसमें बैटिंग कोच विक्रम राठौड़, फील्डिंग कोच टी दिलीप और बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे शामिल हैं।

### द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया ने एशिया कप जीता

द्रविड़ के दो साल के कार्यकाल में टीम इंडिया वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार को छोड़ दिया जाए तो टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप के अपने सभी मैच जीते। वहीं, वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया ने एशिया कप अपने नाम किया। वहीं पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया सेमीफाइनल खेली थी।

# वैश्विक कुश्ती संस्था ने बजरंग को किया निलंबित, डोप परीक्षण कराने से इनकार करने पर हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां) ।**

**कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थायी तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है। हालांकि, हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बजरंग की विदेश में ट्रेनिंग के लिए लगभग नौ लाख रुपये की राशि स्वीकृत की।**



देश के सबसे सफल पहलवानों में से एक बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया था।

अपने बचाव में टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताए। बजरंग ने बताया कि उन्हें यूडब्ल्यूडब्ल्यू से निलंबन के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है लेकिन वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी आंतरिक प्रणाली में अपडेट करते हुए स्पष्ट तौर पर जिक्र किया है कि वह निलंबित हैं।

बजरंग के नवीनतम परिचय के अनुसार, 'उपरोक्त कारण से 31 दिसंबर 2024 तक निलंबित।' इसमें कहा गया है, 'कथित एडीआरवी (डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन) के लिए नाडा भारत द्वारा अस्थायी तौर पर निलंबित।' दिलचस्प बात यह है कि मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) को 25 अप्रैल की उसकी बैठक में सूचित किया गया कि बजरंग को रूस के दागेस्तान में 28 मई से ट्रेनिंग के उनके प्रस्ताव के लिए उड़ान किराए (वास्तविक) के अलावा आठ लाख 82 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

एमओसी बैठक की जानकारी के अनुसार बजरंग का शुरुआती प्रस्ताव 24 अप्रैल से 35 दिवसीय ट्रेनिंग का था लेकिन रहने के स्थान संबंधी नियम में विफलता के कारण विरोधाभासी यात्रा तारीखों को देखते हुए उन्होंने अपनी यात्रा को 24 अप्रैल 2024 से 28 मई 2024 तक टालने का फैसला किया। इस प्रस्ताव में उनके स्ट्रैंथ एवं अनुकूलन कोच काजी किरोन मुस्तफा हसन और उन्हें ट्रेनिंग कराने वाले जोड़ीदार जितेंदर की यात्रा भी शामिल थी।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




# नेपाल की तीन प्रदेश सरकारों का भविष्य सुप्रीम कोर्ट के हाथ में, आज हो सकती है सुनवाई

**काठमांडू, 10 मई (एजेंसियां) ।**

नेपाल की राजनीति में उथलपुथल जारी है। केन्द्र से लेकर प्रदेश तक की सरकारों का भविष्य अनिश्चितता की ओर बढ़ रहा है। तीन प्रदेश सरकारों के भविष्य के बारे में सुप्रीम कोर्ट आज से सुनवाई करने जा रहा है।

कोशी प्रदेश में एक साथ दो मुख्यमंत्री होने के कारण संवैधानिक संकट पैदा हो गया है। एक मुख्यमंत्री के इस्तीफा के बिना दूसरे मुख्यमंत्री को शपथग्रहण कराए जाने के बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है, जहां आज सुनवाई होने की संभावना है। पूर्व मुख्यमंत्री केदार कार्की ने नए मुख्यमंत्री हिक्मत कार्की सहित प्रदेश के राज्यपाल के खिलाफ याचिका दायर की है।

इसी तरह गण्डकी में नई सरकार गठन के खिलाफ विपक्षी नेपाली कांग्रेस ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रिट दायर की थी। दरअसल, गण्डकी में सदन में बहुमत के दौरान स्पीकर का भी वोट मिलाकर बहुमत साबित किया गया है, जबकि सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले के मुताबिक स्पीकर का वोट बहुमत साबित करने के दौरान नहीं गिना चाहिए था। इस मामले पर भी आज सुनवाई होनी है। गण्डकी में कांग्रेस की सरकार को हटाकर एमाले के मुख्यमंत्री ने बहुमत साबित कर लिया है।

कोशी और गण्डकी के अलावा सुदूर पश्चिम प्रदेश में भी नए मुख्यमंत्री नियुक्ति का मामला सुप्रीम कोर्ट में है। इस प्रदेश में किसी और नेता ने मुख्यमंत्री पद पर अपनी दावेदारी पेश की थी लेकिन राज्यपाल ने किसी और नेता को ही मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया था। इस मामले की सुनवाई भी आज कोर्ट में होने की संभावना है।

## नेपाल के गृहमंत्री ने 'सूर्यदर्शन' से लिए कर्ज के एक करोड़ रुपए को गैलेक्सी टीवी में किया निवेश, जांच में पुष्टि

**काठमांडू।** नेपाल के उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रवि लामिछाने ने सूर्यदर्शन सहकारी संस्था से कर्ज के रूप में लिए एक करोड़ रुपये गैलेक्सी टीवी में निवेश किए। इसकी



पुष्टि हो गई है। इससे लामिछाने की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल यह संस्था 150 करोड़ रुपये की हेराफेरी उजागर होने के बाद विवादों में है। पोखरा महानगरपालिका ने इसकी जांच के लिए समिति का गठन किया था। इस जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट महानगरपालिका को सौंप दी है। महानगरपालिका ने कार्रवाई के लिए रिपोर्ट पुलिस को सौंपी है। इस जांच समिति में जुड़े दीपक प्रसाद आचार्य के मुताबिक, जांच के दौरान कुछ ऐसे कागजात मिले जिससे यह प्रमाणित होता है कि रवि लामिछाने ने गोरखा मीडिया के संचालक और प्रबंध निदेशक की हैसियत से यह कर्ज लिया और इसे गैलेक्सी टीवी में निवेश कर दिया। दस्तावेजों में इसकी पुष्टि हुई है। आचार्य का कहना है कि नेपाल के सहकारी नियमों के मुताबिक ऐसा करना गलत है। साथ ही सहकारी संस्था अपने सदस्यों को ही ऋण दे सकती है। रवि लामिछाने तो इसके सदस्य भी नहीं हैं। उधर, विपक्ष ने इसके लिए संसदीय जांच समिति के गठन की मांग की है।

### न्यूज ब्रीफ

## नेतन्याहू ने कहा, हमास के खिलाफ इजराइल अकेला भी खड़ा रहेगा अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की चेतावनी पर दिया जवाब



**यरुशलम।** इजराइली सेना ने सैन्य कार्रवाई के लिए जरूरी हथियार होने का किया दावा इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को कहा है कि हमास के खिलाफ युद्ध में यदि जरूरत पड़ी तो उनका देश 'अकेला भी खड़ा' रहेगा। वहीं इजराइली सेना ने दावा किया कि गाजा के दक्षिणी शहर रफह में सैन्य कार्रवाई करने के लिए जरूरी हथियार उसके पास हैं। नेतन्याहू का यह बयान, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की उस चेतावनी के बाद आया, जिसमें बाइडनन ने कहा कि अमेरिका, इजराइल को दक्षिणी गाजा शहर रफह पर हमले के लिए हथियार मुहैया नहीं करेगा। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा, यदि हमें अकेला खड़ा रहना होगा तो हम अकेले ही खड़े रहेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हैगरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, सेना के पास उन अभियानों के लिए हथियार हैं जिनकी वह योजना बना रही है और रफह में अभियान के लिए भी हमारे पास वह है जो हमें चाहिए।डेनियल की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, वहां हमले की चपेट में नागरिकों के आने की आशंका के मद्देनजर हमास के आखिरी गढ़ रफह में सैन्य कार्रवाई के लिए इजराइल को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के साथ इजराइल के घनिष्ठ संबंध है और असहमति को बंद दरवाजों के पीछे सुलझाया जाना चाहिए।

## जिन्टैक से कैंसर होने के 10 हजार दावों पर फाइजर समझौते को राजी एसिडिटी-गैस के लिए इस्तेमाल हो रही थी दवा




**वाशिंगटन।** अमेरिकी दवा निर्माता कंपनी फाइजर जिन्टैक (रेनिटिडिन) से कैंसर और अल्सर होने के 10 हजार से ज्यादा दावों पर समझौते को राजी हो गई है। हालांकि, समझौते की शर्तों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि यह समझौता पूरे अमेरिका में दायर मुकदमों को निपटाने के लिए किया जा रहा है। हालांकि, इसके वित्तीय विवरण कंपनी ने उपलब्ध नहीं कराए हैं। इस मामले में अमेरिका में फाइजर के अलावा जीएसके, सनोफी और बोहरिंगर इंगेलहेम के खिलाफ संघीय और राज्य अदालतों में 70 हजार मुकदमे दायर हैं। एसिडिटी, सीने में जलन और गैस के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली इस दवा से कैंसर और अल्सर होने की जानकारी 2019 में सामने आई। जिन्टैक में इस्तेमाल होने वाले रेनिटिडिन को 1977 में एलन एंड हनबरी लैब में बनाया गया। 1983 में ग्लैक्सो स्मिथ क्लाइन (जीएसके) ने इसे जेनटैक के तौर पर बाजार में उतारा। 1997 में रेनिटिडिन पर जीएसके का पेटेंट खत्म हो गया। इस बीच फाइजर और सनोफी जैसी कंपनियों ने भी इसका उत्पादन किया। 2019 में जीएसके के पूर्व कर्मचारियों सहित कुछ स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने दावा किया कि रेनिटिडिन में कैंसर कारक एन-नाइट्रोसोडिमिथाइलमाइन (एनडीएमए) की भारी मात्रा पाई जाती है। इसके बाद 2020 में अमेरिकी नियामक संघीय दवा प्रशासक (एफडीए) ने दवा के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया और इसे बाजार से बाहर कर दिया। भारत में बेचने पर प्रतिबंध नहीं जीएसके ने दुनियाभर के बाजारों से जिन्टैक ब्रांड नाम से बेची जाने वाली इस दवा को हटा दिया है। हालांकि, भारत में इस दवा की बिक्री पर अब भी कोई प्रतिबंध नहीं है। भारत में रेनिटिडिन का इस्तेमाल कर बनने वाली सैकड़ों जेनरिक दवाएं बेची जा रही हैं।

### यूक्रेन ने रूसी तेल संयंत्र को बनाया निशाना

# ड्रोन हमले में रूस के सबसे बड़े तेल संयंत्र की इमारत क्षतिग्रस्त

**कीवे, 10 मई (एजेंसियां) ।**

यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के बश्किरिया क्षेत्र में एक प्रमुख तेल प्रसंस्करण संयंत्र पर करीब 1,500 किलोमीटर की दूरी से हमला किया। युद्ध की शुरुआत के बाद से यह सबसे लंबी दूरी का हमाल है। यूक्रेन ने दक्षिणी रूस में दो तेल डिपो को भी निशाना बनाया। वह महत्वपूर्ण उर्जा प्रतिष्ठानों पर हमला करके अग्रिम पंक्ति के रूसी बलों को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। कीव के एक खुफिया सूत्र ने यह जानकारी दी।



रूस की आपातकालीन सेवा के अधिकारियों ने कहा, ड्रोन हमले में रूस के सबसे बड़े तेल संयंत्र, पेट्रोकेमिकल और उर्वरक परिसर में एक पंपिंग स्टेशन की इमारत क्षतिग्रस्त हुई। क्षेत्र के गवर्नर ने कहा, हमले के बावजूद संयंत्र सामान्य रूप से काम कर रहा है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं की गई है कि ड्रोन कहां से लॉन्च किया गया था और यह किस तरह का उपकरण था। यूक्रेन का नजदीकी सरकारी हिस्सा करीब 1,400 किलोमीटर दूर है।


कीव के सूत्र ने कहा कि ड्रोन ने 1,500 किलोमीटर की उड़ान भरी और रूस के सैन्य परिसर में लगाई गई रिफाइनरियां और तेल डिपो को निशाना बनाया गया। वहीं, मॉस्को का कहना है कि इस तरह के हमले आतंकवाद का कृत्या है। उसने मार्च के मध्य से यूक्रेन के उर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने वाली बदले की कार्रवाई की है।

नाटो के एक अधिकारी ने अप्रैल के शुरुआत में कहा था कि कीव ने साल की शुरुआत से ही रूस में तेल प्रसंस्करण सुविधाओं पर अपने ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है, जिससे रूस की तेल शोधन क्षमता का 15 फीसदी बाधित हो रहा है।

यूक्रेनी सूत्र ने कहा कि कीव के ड्रोन ने रूस के दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में अनापा शहर के पास दो तेल डिपो पर भी हमला किया। जिससे रात में बड़े पैमाने पर आग लग गई। सूत्र ने कहा कि दोनों हमले यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) द्वारा किए गए थे।

## राष्ट्रपति जेलेंस्की ने स्टेट गार्ड के प्रमुख को किया बर्खास्त हत्या की साजिश रचने का लगा आरोप

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने स्टेट गार्ड के प्रमुख को बर्खास्त कर दिया। दरअसल, उनपर जेलेंस्की की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। जेलेंस्की ने



गुरुवार को पूर्व स्टेट गार्ड के लीडर शेरही रड को बर्खास्त किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने बताया कि यह निर्णय तब लिया गया, जब इस सप्ताह के शुरुआत में जेलेंस्की और अन्य अधिकारियों की हत्या की साजिश का खुलासा हुआ। हालांकि, रड के उत्तराधिकारी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। एसबीयू के अनुसार, स्टेट गार्ड के कर्नल के पद पर तैनात दो सदस्यों ने पहले जेलेंस्की का अपहरण करने और बाद में उनकी हत्या की साजिश रची। अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों में एसबीयू के प्रमुख वेसिल मेलियुक और सैन्य खुफिया एजेंसी के प्रमुख किरिलो बुदानोव को भी निशाना बनाया जाना था। मीडिया के अनुसार, दो यूक्रेनी अधिकारियों को हत्या की साजिश रचने के आरोप में पकड़ लिया गया है। यूक्रेनी सरकार के दो कर्नलों पर वित्तीय मुआवजे के बदले यूक्रेन के खिलाफ गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। दोनों पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। उनमें से एक के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप है। संदिग्धों में से एक को रूस की राज्य सुरक्षा सेवा (एफएसबी) की तरफ से दो ड्रोन और गोला-बारूद दिए गए थे, जिसे उन्हें अपने अन्य साथी को देना था। एसबीयू ने आरोप लगाया कि उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और अन्य अधिकारियों की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया है। हालांकि, इस पर रूस ने आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## लाहौर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगी भीषण आग, कई उड़ानें प्रभावित, आव्रजन प्रणाली क्षतिग्रस्त



**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को आग लगने से पूरी आव्रजन प्रणाली क्षतिग्रस्त हो गई और विमानों का संचालन ठप हो गया। नागर विमानन प्राधिकरण (सीएए) के मुताबिक, आव्रजन काउंटर की छत में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। सीएए ने कहा, दमकल कर्मी और बचाव दल तुरंत के पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया और जनहानि की खबर नहीं है। सीएए ने कहा कि आव्रजन क्षेत्र में मौजूद यात्रियों को वहां से निकाल लिया गया और घरेलू लाउंज में भेज दिया गया। बचाव दल से जुड़े कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। इमिग्रेशन क्षेत्र में मौजूद यात्रियों को दूसरे जगह स्थानांतरित कर दिया गया। सिविल एविएशन अथॉरिटी ने कहा कि आग की घटना के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों में देरी हुई। हवाई अड्डे के कर्मचारी को मैन्युअल तरीके से कार्य करना पड़ा। इस बीच, आग की घटना पर संज्ञान लेते हुए गृह मंत्रालय ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और घटना की गहन जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने यात्रियों की सुविधा के लिए इमिग्रेशन काउंटर को जल्द से जल्द चालू करने का भी निर्देश दिया है। संघीय गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

# जीवन के अधिकार का उल्लंघन हुआ हाईकोर्ट ने इमरान खान की पत्नी को अडियाला जेल भेजने का दिया आदेश





**इस्लामाबाद, 10 मई (एजेंसियां) ।**

पाकिस्तान के एक हाईकोर्ट ने कहा कि इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को उप-जेल में रखने से उनके जीवन के अधिकार का उल्लंघन हुआ है। हाईकोर्ट ने कहा बुशरा बीबी को अन्य कैदियों से बात करने की अनुमति नहीं थी, जिसके चलते उनकी सजा सामान्य कैद से कहीं ज्यादा कठोर बन गई। हाईकोर्ट ने बुशरा बीबी को रावलपिंडी की अडियाला जेल में शिफ्ट करने का आदेश दिया।

### हाईकोर्ट ने बुशरा बीबी को अडियाला जेल भेजने का दिया आदेश

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में 14 साल जेल की सजा हुई थी। हालांकि बाद में यह सजा रद्द हो गई। वहीं गैर इस्लामिक विवाह के मामले में भी बुशरा बीबी और इमरान खान दोषी हैं। इन मामलों में इमरान खान जहां रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं, वहीं उनकी पत्नी बुशरा बीबी इस्लामाबाद में उनके घर बनी गाला में बनी अस्थायी जेल में बंद थी। बुशरा बीबी ने बीते दिनों हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उन्हें भी अडियाला जेल में बंद करने की मांग की थी। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को अपने आदेश में बुशरा बीबी को उप-जेल से अडियाला जेल भेजने का आदेश दिया।

### मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ

अपने आदेश में हाईकोर्ट ने कहा कि उपजेल में बुशरा बीबी का मौलिक अधिकार यानी जीवन के अधिकार का उल्लंघन हो रहा था। अपने 15 पेज के आदेश में हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार ने सामान्य जेल की सजा को कठोर सजा बना दिया और बुशरा बीबी के जीवन के अधिकार का उल्लंघन भी किया, जिसकी गारंटी संविधान का अनुच्छेद 9 देता है। हाईकोर्ट ने कहा उप-जेल में बुशरा बीबी को एकांतवास में रखा गया और उन्हें अन्य कैदियों से बात नहीं करने दी गई। साथ ही पूरे बनी गाला को उपजेल घोषित कर दिया गया और न बुशरा बीबी और न ही उनके पति के बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य भी आजादी से घर में नहीं घूम सकते थे।

कोर्ट ने कहा बनी गाला को उप-जेल बनाने से पहले संपत्ति के मालिक की भी मंजूरी नहीं ली गई। इस तरह सरकार ने घर के मालिक के मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया।

## तीस्ता जल परियोजनाः बांग्लादेश की मदद करेगा भारत विदेश सचिव क्वात्रा ने पीएम हसीना के सामने रखा प्रस्ताव

**ढाका, 10 मई (एजेंसियां) ।**



भारत ने बांग्लादेश को इसकी महत्वाकांक्षी तीस्ता जल परियोजना में मदद का प्रस्ताव दिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना और से मुलाकात के दौरान यह प्रस्ताव रखा। बांग्लादेश तीस्ता नदी पर एक जलाशय का निर्माण कर रहा है। तीस्ता जल का बंटवारा भारत और बांग्लादेश के बीच एक विवादास्पद मुद्दा है। इसी वजह से बांग्लादेश ने जलाशय के निर्माण की पहल की और चीन इस परियोजना का समर्थन कर रहा है।

हसीना के बाद क्वात्रा ने महमूद से भी मुलाकात की। इसकी जानकारी देते हुए महमूद ने बताया कि क्वात्रा ने तीस्ता से जुड़ी परियोजना के लिए भारत की तरफ से वित्त-पोषण का प्रस्ताव रखा है। परियोजना बांग्लादेश की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई जाएगी। हालांकि, भारत की तरफ से इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, क्वात्रा ने शेख हसीना को दिल्ली आने के लिए आमंत्रित किया है। हसीना हाल ही में चौथी बार बांग्लादेश की सत्ता में आई हैं। नए कार्यकाल में वे अभी तक किसी विदेश दौरे पर नहीं गई हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही वे पहले विदेश दौरे पर भारत आएंगी।

### सुरक्षा, व्यापार समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा

इस दौरे के संबंध में विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि बांग्लादेश हमारा एक अग्रणी विकास भागीदार है। इसके अलावा क्षेत्र में इसका सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। विदेश सचिव की यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों के और मजबूत होने तथा विविध क्षेत्रों में सहयोग को गति मिलने की उम्मीद है।

# भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत, ईरान ने जब्त इस्राइली जहाज से रिहा किए पांच भारतीय नाविक

**तेहरान, 10 मई (एजेंसियां) ।**

भारत को एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी मिली है। दरअसल ईरान ने बीते दिनों इस्राइल से संबंधित जो जहाज जब्त किया था, उसके क्रू के सदस्यों में शामिल पांच भारतीय नाविकों को रिहा कर दिया है। पांचों भारतीय नाविक ईरान से आज शाम को रवाना भी हो जाएंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने रिहा किए गए भारतीय नाविकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और साथ ही ईरान की सरकार को नाविकों की रिहाई के लिए धन्यवाद भी दिया।



### ईरान ने 13 अप्रैल को जब्त किया था इस्राइली जहाज

ईरान ने बीती 13 अप्रैल को इस्राइल से संबंधित एक कार्गो जहाज को जब्त किया था। उस जहाज के क्रू में 17 भारतीय नागरिक शामिल थे। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य के नजदीक इस्राइल से संबंधित जहाज एमएसएसी एरीज को जब्त किया। यह जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से दुबई की तरफ जा रहा था। ईरान का आरोप था कि जहाज उनके इलाके से बिना इजाजत गुजर रहा था। जहाज पर सवार भारतीय दल में केरल की एक महिला नाविक एन टेसा जोसेफ भी थी, जिसे ईरान की सरकार ने पहले ही रिहा कर दिया था और वह 18 अप्रैल को भारत पहुंच गई थी। ईरान ने जब जहाज को जब्त किया, तब उस पर क्रू के 25 सदस्य सवार थे, जिनमें 17 भारतीय और दो पाकिस्तानी भी शामिल थे। यह जहाज इस्राइली कारोबारी का है, लेकिन पुर्तगाल द्वारा इसका संचालन किया जा रहा था। अभी भी 11 भारतीय नाविक ईरान में ही हैं।

### ईरान-इस्राइल में बीते दिनों बढ़ा था तनाव

ईरान, इस्राइल-हमास युद्ध में हमास का समर्थन कर रहा है। यही वजह है कि लाल सागर में ईरान के समर्थन से हूती विद्रोही अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर लगातार हमले कर रहे हैं। बीते दिनों इस्राइल पर आरोप लगे कि उसने सीरिया में ईरान के दूतावास को निशाना बनाया, जिसमें ईरानी सेना के दो शीर्ष कमांडर मारे गए थे।

# रूस के बयान के बाद बैकफुट पर अमेरिका, राजदूत गार्सेटी बोले- पन्नू मामले में भारत की जवाबदेही से संतुष्ट

**वॉशिंगटन, 10 मई (एजेंसियां) ।**

अमेरिका के भारत में राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि बाइडन प्रशासन, गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में भारत की जवाबदेही से संतुष्ट है। एरिक गार्सेटी का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब हाल ही में रूस के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाए कि अमेरिका बिना किसी विश्वसनीय सबूत के भारत पर आरोप लगा रहे हैं। रूस ने ये भी कहा कि अमेरिका एक राज्य के रूप में भारत का अनादर कर रहा है। रूस के बयान के बाद ही अमेरिका के राजदूत का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने भारत की जांच से संतुष्ट होने की बात कही।

### जानिए क्या बोले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी

अमेरिका में थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए एरिक गार्सेटी ने कहा कि जब मैं रिश्तों में उतार-चढ़ाव की बात करता हूं तो ये हमारे रिश्तों की पहली बड़ी लड़ाई है। मुझे कहना पड़ेगा कि अभी तक हमने जो मांग की थी, उसमें भारत की जवाबदेही से बाइडन सरकार संतुष्ट है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिकी धरती पर किसी अमेरिकी नागरिक को मारने की कोशिश यूएस के लिए रेड लाइन है।

### अमेरिकी विदेश विभाग ने टिप्पणी से किया इनकार

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से जब प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले की जांच के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने भी इस



पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी जांच चल रही है और जब तक आरोप साबित नहीं हो जाते, वे इस पर कुछ नहीं बोलेंगे। मिलर ने कहा कि %मामले में जो आरोप और तथ्य हैं, वह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, जब तक वे ज्यूरी के सामने सिद्ध नहीं हो जाते, हम इस पर बात नहीं करेंगे। यह मामला अभी अदालत में है। गौरतलब है कि हाल ही में अमेरिका ने कहा था कि हम भारत की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन जैसे ही रूस के विदेश विभाग ने पन्नू मामले में अमेरिका पर आरोप लगाए तो ऐसा लग रहा है कि अमेरिका दबाव में आया है और अब वह संभलकर पन्नू मामले में बयानबाजी कर रहा है।

### क्या है पूरा मामला

उल्लेखनीय है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। वह अक्सर भारत के खिलाफ आग उगलता रहता है। बीते दिनों अमेरिका ने दावा किया कि पन्नू को अमेरिका में मारने की साजिश रची जा रही थी, जिसका भंडाफोड़ हो गया है। इस मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया। अमेरिका ने दावा किया कि निखिल गुप्ता को भारत सरकार के एक अधिकारी ने पन्नू को मारने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके लिए निखिल गुप्ता अमेरिका में किराए के हत्यारों से पन्नू को मारने की साजिश रच रहा था। हालांकि अमेरिका के दस्तावेजों में भारत सरकार के अधिकारी के नाम का खुलासा नहीं किया गया। वहीं वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि वह भारतीय अधिकारी भारत की खुफिया एजेंसी रॉ का एक अधिकारी है। हालांकि भारत के विदेश मंत्रालय ने इन मीडिया रिपोर्ट्स को आधारहीन बताकर खारिज कर दिया था।

## तुर्किये में लैंडिंग के समय फटा विमान का टायर चालक दल और यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया


**अंकारा।** तुर्किये के एक दक्षिणी हवाई अड्डे पर लैंडिंग के समय गुरुवार को एक विमान का टायर फट गया, हालांकि घटना के बाद 184 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 190 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। तुर्किये के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार तुर्किये स्थित कोरेंडन एयरलाइन का बोइंग 737 अलान्या शहर के पास गाजीपासा हवाई अड्डे पर उतरा। यह विमान जर्मनी के कोलोन से यहां आया था। विमान के उतरते समय इसका एक टायर फट गया, लेकिन 184 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 190 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

# हाथ की लकीरें देती हैं बीमारी के संकेत

हस्तरेखा से केवल व्यक्ति के भविष्य का संकेत नहीं मिलता बल्कि बीमारियों का पता भी लगाया जा सकता है। पर्वत और उन पर बनने वाली रेखाएं व्यक्ति के स्वास्थ्य का संकेत देती हैं। हस्तरेखा विज्ञान के अनुसार यदि चंद्र पर्वत पर नक्षत्र मिलता है तो यह पेट रोग का संकेत है। इस तरह के लोग जीवनभर उदर रोग से पीड़ित रहते हैं। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा। अनीष व्यास ने बताया कि हृदय रेखा पर गोल द्वीप, शनि पर्वत के नीचे मस्तिष्क रेखा का पीला पड़ना, आयु रेखा के पास मंगल क्षेत्र पर काला चिह्न, हृदय रेखा पर काला तिल या द्वीप व्यक्ति के जीवन अचानक बेहोशी और हृदयाघात का संकेत देता है। हाथ और नाखून का पीला पड़ना, नाखूनों पर धब्बे दिखना और बुध रेखा कटी-फटी होना आंत्र रोग का इशारा करता है। हस्तरेखा विज्ञान के अनुसार शनि पर्वत के नीचे द्वीप व्यक्ति में रीढ़ की हड्डी से जुड़ी बीमारी का संकेत देते हैं। शनि क्षेत्र उभरा हुआ और अधिक रेखाओं से भरा हो, शनि रेखा लहरदार और लंबी हो, साथ ही उंगलियों के बीच का हिस्सा भी लंबा रहे तो दंत रोग होने के आसार हैं। मस्तिष्क रेखा पर मंगल पर्वत के पास सफेद दाग होने और दोनों हाथों में हृदय रेखा का खंडित होना गुर्दा रोग का संकेत है। बुध रेखा पर काले निशान, नक्षत्र एवं द्वीप की मौजूदगी पीलिया होने का संकेत है। मस्तिष्क रेखा पर शनि क्षेत्र के नीचे हिस्से पर जंजीर जैसा निशान होना फेफड़े और गले के रोगों का संकेत देता है।

## सेहत के राज खोलती हैं रेखाएं

जिन जातकों की हृदय रेखा पर गोल द्वीप बने या शनि पर्वत के नीचे मस्तिष्क रेखा पीली पड़ जाए तो उसे अचानक बेहोशी होने जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। वहीं मंगल क्षेत्र पर काला चिह्न होना या हृदय रेखा पर काला तिल या द्वीप होना हार्ट अटैक होने का संकेत देता है। जिन जातकों के चंद्र पर्वत पर नक्षत्र का निशान हो वे लोग जीवन भर पेट से जुड़ी किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त रहते हैं। जिन लोगों के हाथ और नाखून पीलें हों, साथ ही नाखूनों पर धब्बे दिखें उनको आंतों से जुड़ी समस्या होने की आशंका रहती है। यदि इसके साथ बुध रेखा भी कटी-फटी हो तो इसे ठीक नहीं कहा जा सकता है।




## हथेली में सुख-समृद्धि ही नहीं सेहत भी

हथेली में सुख-समृद्धि ही नहीं बल्कि सेहत का भी राज छिपा होता है। जी हां इसकी भी एक रेखा होती है जिसे स्वास्थ्य रेखा के नाम से जानते हैं। यह रेखा किसी भी स्थान से निकल सकती है लेकिन इसका अंत बुध पर्वत पर ही होता है। मान्यता है कि यह रेखा जितनी अधिक सुस्पष्टए निर्दोष होगी व्यक्ति का स्वास्थ्य उतना ही उत्तम होगा। लेकिन रेखा अगर कटी-फटी या लहरदार हो तो सेहत प्रतिकूल हो सकती है।

## पेट की दिक्कतें

स्वास्थ्य रेखा यदि जंजीरदार तो यह शुभ संकेत नहीं है। ऐसी रेखा का अर्थ होता है कि व्यक्ति पूरी जिंदगी पेट संबंधी रोगों से परेशान रहेगा। इसके अलावा अगर स्वास्थ्य रेखा पर अगर बिंदु हो तो जितने बिंदु हों उनमें से प्रत्येक बिंदु को पांच वर्ष की अवधि मानकर गणना करनी चाहिए। इससे व्यक्ति उतने वर्ष रोगी रहता है।

## फेफड़े रोग की सूचक

अगर स्वास्थ्य रेखा द्वीप के रूप में समाप्त हो तो फेफड़े संबंधी रोग होता है। इसके अलावा अगर यह रेखा शुरू में अधिक लाल रंग की हो जाये तो हार्ट संबंधी रोग की दिक्कत होती है। अगर यह रेखा अंत में लाल रंग की हो तो सिरदर्द संबंधी रोग होता है। वहीं यह रेखा यदि बुध पर्वत पर आकर कट जाए तो पित्त संबंधी रोग होता है।

## गुप्त रोग की सूचना

यदि स्वास्थ्य रेखा के अंतिम छोर पर चतुर्भुज हो तो दमा का रोग होता है। यह रेखा यदि पीले रंग की हो तो गुप्त रोग की संभावना बनती है। लेकिन अगर यह रेखा हाथ में कई रंगों की हो जाए तो यह लकवा रोग की सूचक है। वहीं यह रेखा यदि हृदय रेखा को काट दे तो मिर्गी का रोग हो सकता है।

## अच्छे स्वास्थ्य का सूचक

यदि स्वास्थ्य रेखा एवं जीवन रेखा अलग।अलग हों तो व्यक्ति सेहतमंद होता है। साथ ही अगर कभी कोई बीमारी हो भी जाएं तो वह जल्दी ही सही भी हो जाती है। इसके अलावा अगर यह रेखा पतली और बिल्कुल स्पष्ट हो। साथ ही मस्तिष्क रेखा भी अच्छी हो तो स्मरण शक्ति और सोचने-समझने की क्षमता अच्छी होती है।


डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809


# सीता नवमी 16 को

## इस मुहूर्त में पूजा करने से घर में आएगी सुख-समृद्धि!

हिंदू धर्म में सीता नवमी का खास महत्व होता है । सीता नवमी भगवान राम की पत्नी और आदर्श भारतीय नारी, माता सीता के जन्म दिवस के रूप में मनाई जाती है। यह हिन्दू पंचांग के अनुसार वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। सीता नवमी को जानकी नवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मां सीता की विशेष रूप से उपासना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन की उपासना करने से व्यक्ति को विशेष लाभ मिलता है साथ ही जीवन में आ रही सभी समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। तो चलिए फिर जानते हैं कब मनाई जाएगी सीता नवमी। साथ ही जानिए शुभ मुहूर्त और महत्व के बारे में।

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल सीता नवमी 16 मई को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन माता सीता धरती से प्रकट हुई थीं।

व्रत प्रारंभ का समय: 16 मई ,गुरुवार को सुबह 6 बजकर 22 मिनट से

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि का समापन: 17 मई दिन शुक्रवार को सुबह 08 बजकर 48 मिनट पर

सीता नवमी का मध्याह्न मुहूर्त: सुबह 11 बजकर 04 मिनट से दोपहर 01 बजकर 43 मिनट तक



सीता नवमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र पहनें। पूजा स्थान को साफ करके गंगाजल से धो लें। भगवान राम और माता सीता की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित करें। रोली, चंदन, अक्षत, फूल, फल, मिठाई, दीप आदि अर्पित करें। धूप और दीप जलाएं। अब माता सीता और भगवान राम की आरती गाएं। उसके बाद सीता नवमी व्रत कथा का पाठ करें। फिर व्रत रखें और पूरे दिन भगवान का ध्यान करें। शाम को फिर से पूजा करें और प्रसाद वितरित करें।

सीता नवमी माता सीता के जन्म दिवस के रूप में मनाई जाती है। माता सीता को आदर्श पतिव्रता और त्याग की प्रतिमूर्ति माना जाता है।

इस दिन मां सीता की पूजा करने से पति-पत्नी के बीच प्रेम और स्नेह बढ़ता है। सीता नवमी के दिन माता सीता और भगवान राम की पूजा करने से सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन में खुशहाली प्राप्त होती है। इस दिन व्रत रखने वाले लोग केवल एक बार भोजन ग्रहण करते हैं। भोजन में सात्विक भोजन ग्रहण करें। दिन भर भगवान राम और माता सीता का ध्यान करें। गरीबों और जरूरतमंदों को दान दें। सीता नवमी एक महत्वपूर्ण हिन्दू त्योहार है जो हमें माता सीता के आदर्शों और त्याग की याद दिलाता है। इस दिन उनकी पूजा करने से हमें जीवन में सुख, समृद्धि और सदाचार प्राप्त होता है।

# दिन के अनुसार लगाएं माथे पर तिलक





सनातन परंपरा में ईश्वर की साधना-आराधना बगैर तिलक के अधूरी मानी जाती है। यही कारण है कि प्रत्येक साधक अपनी परंपरा और देवता के अनुसार पूजा के दौरान उन्हें तिलक अवश्य अर्पित करता है। बाद में उनका आशीर्वाद मानकर अपने दोनों भौहों के बीच यानि आज्ञाचक्र पर प्रसाद के रूप में लगाता है।मान्यता है कि माथे के बीचों बीच वाले इस स्थान पर तिलक लगाने से व्यक्ति को सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि धर्म की दृष्टि से प्रत्येक दिन के देवता और ज्योतिष की दृष्टि से प्रत्येक ग्रह लिए के अलग-अलग तिलक लगाई जाती है। आइए जानते हैं उज्जैन के ज्योतिषाचार्य रवि शुक्ला से किस दिन कौन सा तिलक लगाना चाहिए।

### दिन के अनुसार लगाएं इस रंग का तिलक।

**सोमवार का दिन :-** भगवान शंकर का दिन होता है तथा इस वार का स्वामी ग्रह चंद्रमा हैं। चंद्रमा मन का कारक ग्रह माना गया है। मन को काबू में रखकर मस्तिष्क को शीतल और शांत बनाए रखने के लिए आप सफेद चंदन का तिलक लगाएं।

**मंगलवार का दिन :-** भगवान हनुमान और मंगल ग्रह का दिन है। मंगल ग्रह को साहस और पराक्रम का कारक माना गया है। हनुमान जी भी बल के देवता हैं। इस दिन लाल चंदन या चमेली के तेल में घुला हुआ सिंदूर का तिलक लगाने की परंपरा है। ऐसा करने से जीवन में सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामना पूर्ण होती है।

**बुधवार का दिन :-** गणेश जी का दिन होता है। इस दिन के ग्रह स्वामी बुध हैं। इस दिन सूखे सिंदूर का तिलक किया जाता है। ऐसा करने से जातकों की कार्य क्षमता बढती है।

गुरुवार का दिन जगत के पालनकर्ता भगवान श्री हरि विष्णु और दत्तात्रेय भगवान को समर्पित किया जाता है। इस दिन सफेद चंदन की लकड़ी को पत्थर पर घिसकर उसमें केसर मिलाकर तिलक लगाया जाता है। मान्यता है कि इससे धन संबंधी समस्या दूर होती है।

**शुक्रवार यह दिन :-** धन की देवी मां महालक्ष्मी को समर्पित किया जाता है। इस दिन के ग्रह स्वामी शुक्र हैं। इस दिन लाल चंदन का तिलक लगाया जाता है। इससे घर में सुख सुविधाओं का वास होता है। इस दिन सिंदूर का भी तिलक लगाने से लक्ष्मी जी की कृपा बरसती है।

**शनिवार यह दिन :-** हनुमान जी, भगवान भैरव और यमराज का माना जाता है। इस दिन के ग्रह स्वामी शनि हैं। इस दिन विभूती, भस्म या लाल चंदन लगाने से भैरव प्रसन्न होते हैं और जीवन लाभ मिलता है।

**रविवार का दिन :-** विशेष रूप से भगवान सूर्य नारायण को समर्पित किया जाता है। यह दिन विष्णु जी का भी माना जाता है। इस दिन के ग्रह स्वामी सूर्य हैं, जो ग्रहों के राजा भी हैं। इस दिन लाल चंदन या रोली का तिलक लगाना चाहिए। ऐसा करने से मान-सम्मान बढ़ता है और डर खत्म होता है।

# शनिवार के दिन करें ये खास उपाय खुल जाएंगे बंद किस्मत के ताले



शनिवार का दिन न्याय के देवता शनिदेव को समर्पित है। इनकी आराधना के लिए शनिवार का दिन सबसे उत्तम माना जाता है। इस दिन विधि-विधान से शनि महाराज की पूजा अर्चना करने से जीवन की तमाम परेशानियां दूर होती हैं। शनिदेव कर्मफल दाता कहे जाते हैं। कहा जाता है कि ये जातक को उसके कर्मों के अनुसार फल देते हैं। यही वजह है कि शनिदेव को न्यायाधीश की उपाधि प्राप्त है। जिस जातक के अच्छे कर्म होते हैं, उन पर शनिदेव की अच्छी कृपा बनी रहती है। वहीं जो व्यक्ति बुरे कर्मों में लिप्त रहता है, उन पर शनिदेव का प्रकोप बरसता है। वहीं यदि आप आर्थिक तंगी से परेशान हैं तो शनिवार के दिन कुछ उपाय जरूर करें। चलिए जानते हैं उन उपायों के बारे में..

### पीपल के पेड़ पूजा

शनिवार के दिन सूर्योदय से पहले पीपल के पेड़ की पूजा करें, जल अर्पित करें और तेल का दीपक जलाएं। इससे शनिदेव प्रसन्न होते हैं और कृपा हमेशा मिलती है।

### शनिवार के दिन करें इन चीजों का दान

शनिदेव की कृपा पाने के लिए शनिवार के दिन काला तिल, काला छाता, सरसों का तेल, काली उड़द और जूते-चप्पल का दान करें। इससे जीवन की समस्याएं कम होती हैं।

### लोहे का दीपक जलाएं

कहा जाता है कि लोहा धातु में शनि देव का वास होता है। ऐसे में शनिवार और मंगलवार के दिन लोहे के दीपक में सरसों का तेल डालकर जलाएं। ऐसा करने से व्यक्ति का दुर्घटना से बचाव होता है।

### दीपक में डालें एक लौंग

शनिवार के दिन दीपक जलाते समय उसमें एक लौंग डाल दें।

ऐसा करने से शनिदेव की कृपा प्राप्त होती है। ये उपाय आपकी आर्थिक लाभ कराता है। अगर ये उपाय निरंतर करते हैं, तो धन की कभी कमी नहीं हो पाएगी।

# वैशाख विनायक चतुर्थी, जानें पूजा का शुभ मुहूर्त

सनातन धर्म में चतुर्थी तिथि का विशेष महत्व है। यह तिथि विघ्नहर्ता भगवान गणेश को समर्पित है। धार्मिक मान्यता है की इस दिन इनका विधि-विधान से पूजन किया जाता है। कहते हैं कि इस व्रत रखने वाले जातक के जीवन में आ रहे सभी कष्ट और संकट दूर होते हैं। इस दिन किए गए पूजा अनुष्ठान का दोगुना फल प्राप्त होता है। यही वजह है की इस चतुर्थी तिथि को जीवन के सारे विघ्न दूर करने के लिए लोग भगवान गणेश की पूजा करते हैं।

हिन्दू पंचांग के अनुसार हर माह में दो बार चतुर्थी तिथि होती हैं। शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक चतुर्थी के नाम से जानते हैं । काशी के ज्योतिषाचार्य पंडित संजय उपाध्याय ने बताया कि वैशाख विनायक चतुर्थी तिथि का शास्त्रों में विशेष महत्व है। इस दिन पूजा, व्रत और मंत्र-जप से भगवान गणेश को प्रसन्न किया जा सकता है।



### कब है वैशाख विनायक चतुर्थी का व्रत?

पंडित संजय उपाध्याय ने बताया कि पंचांग के मुताबिक वैशाख शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 11 मई को दोपहर 2 बजकर 50 मिनट से हो रही जो अगले दिन दोपहर 2 बजकर 5 मिनट तक रहेगा। गणेश चतुर्थी पर पूरे दिन व्रत के बाद रात्रि में चंद्रोदय के समय चंद्रमा को अर्घ्य देकर उनकी पूजा होती है।

ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, विनायक चतुर्थी 11 मई, शनिवार के दिन मनाई जाएगी और इसी दिन विनायक चतुर्थी का व्रत भी रखा जाएगा।


11 मई को शाम 7 बजकर 20 मिनट से 9 बजकर 17 मिनट का समय गणपति की पूजा के लिए श्रेष्ठ है। इस समय में गणेश भगवान को लाल वस्त्र अर्पण कर उन्हें दूर्वा घास, लड्डू का भोग लगाकर उनके सामने घी का दीपक जलाना चाहिए और उनसे जीवन के सारे संकट हरने की प्रार्थना करनी चाहिए।

### 108 बार करें इस मंत्र का जाप

पंडित संजय उपाध्याय ने बताया कि पूजा के दौरान आपको भगवान गणेश के बीज मंत्र,फ ॐ गं गणपतये नमो नमः मंत्र का 108 बार जरूर जप करना चाहिए।

## वेब सीरीज हीरामंडी का नया गाना

# साइयां हटो जाओ जारी



टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर इस वक्त दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की शानदार सीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार धमाका कर रही है । हीरामंडी नेटफ्लिक्स पर अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज बन गई है। हीरामंडी संजय लीला भंसाली की डेब्यू सीरीज है। सीरीज दर्शकों को खूब भा रही है। फिल्म देश ही नहीं बल्कि विदेशी दर्शकों को भी अपनी ओर खींच रही है। इस बीच फिल्म का एक और गाना सैयां हटो जाओ रिलीज हो गया है।सैयां हटो जाओ को संजय लीला भंसाली ने खुद कंपोज किया है। इस गाने के बोल और मुखड़ा संजय लीला भंसाली, अंत्रा और एएम तुराज ने लिखे हैं। सैयां हटो जाओ को बर्नाली चटोपाध्याय ने अपनी बेहतरीन आवाज दी है। फिल्म में यह गाना खासतौर पर वली मोहम्मद के किरदार में दिख रहे एक्टर फरदीन खान और अदिति राव हैदरी के ऊपर फिल्माया गया है। गाने में अदिति राव अपने किरदार में वली मोहम्मद के सामने मुजरा करती दिख रही हैं।बता दें, फरदीन खान ने 14 साल बाद पर्दे पर वापसी की है। वहीं, संजय लीला भंसाली हीरामंडी की कहानी पिछले 18 साल से तैयार कर रहे थे।

## हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा कोइराला



बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला वेबसीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं।

संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार में मनीषा को-इराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा ,संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमम जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी: द डायमंड बाजार हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुयी है।'हीरामंडी द डायमंड बाजार' में मनीषा कोईराला ने मल्लिका जान का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं।

मनीषा कोईराला ने बताया है कि वह हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं ।शूटिंग के दौरान उन्हें बस यही लग रहा था कि कैसे भी करके यह वक्त निकल जाए और इसके बाद अपनी सेहत पर ध्यान दिया जाए।

# श्वेता तिवारी ने सेक्सी क्रॉप टॉप पहन समंदर किनारे दिए किलर पोज

## एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया पारा



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। 43 की उम्र में भी एक्ट्रेस अपने ग्लैमरस लुक्स से कायल करती हैं। श्वेता का स्टाइलिश अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने हॉलिडे से फोटोज शेयर की थी, जो कि सोशल मीडिया पर वायरल रहती हैं। श्वेता तिवारी अपने बोल्ड अंदाज से सरप्राइज करने का मौका नहीं छोड़ती हैं। एक बार तो एक्ट्रेस को नेशनल टीवी पर बिकिनी में नहाते हुए भी देखा गया था। श्वेता को 2009 में रियलिटी शो इस जंगल से मुझे बचाओ में देखा गया था। इस शो में स्टार्स को जंगल में रहना था। उस वक्त एक्ट्रेस को बिकिनी पहने नहाते हुए देखा गया था। उन्हें पर्पल कलर की बिकिनी में देखा गया था। हालांकि, श्वेता को अपने इस एक्ट की वजह से काफी ट्रोलिंग झेलनी पड़ी थी। श्वेता विवादों में पड़ गई थीं।बता दें कि हाल ही में श्वेता ने अपने हॉलिडे से कई फोटोज शेयर किए थे। फोटोज में वो समंदर किनारे खड़े होकर पोज देती नजर आईं। उन्होंने व्हाइट ब्रालेट और ब्लैक शॉर्ट्स पहना हुआ था। ब्लैक शेड्स और ओपन हेयर में श्वेता काफी ग्लैमरस लग रही थीं।

उनका अंदाज फैंस को काफी पसंद आया था।श्वेता इन दिनों अपनी फिटनेस पर फोकस कर रही हैं। उन्होंने काफी वजन भी कम किया है। श्वेता ने बताया था कि फिटनेस को लेकर उनकी बेटी पलक ने उन्हें इंस्पायर किया था। वर्क फ्रंट पर श्वेता तिवारी को शो कसौटी जिंदगी से नेम-फेम मिला था। इस शो ने उन्हें रातोरात स्टार बना दिया था।


श्वेता को रियलिटी शो बिग बॉस और इस जंगल से बचाओ, खतरों के खिलाड़ी जैसे शोज में भी देखा गया। वो बिग बॉस की विनर भी बनी थीं। वो बालवीर, मेरे डैड की दुल्हन, मैं हूं अपराजिता, परवरिश, नागिन जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं। उनकी बेटी पलक तिवारी भी ग्लैमर वर्ल्ड में एंट्री ले चुकी है। वो सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी जान में नजर आई थीं।

# खतरों के खिलाड़ी में भाग लेती नजर आएंगी कृष्णा श्रॉफ खुद किया खुलासा



रोहित शेट्टी का स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी इस वक्त चर्चा में बना हुआ है। खतरों के खिलाड़ी एक्शन और रोमांच से भरपूर होता है। इस शो के लिए नए-नए प्रतियोगियों के नाम सामने आ रहे हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ अब फिल्मों और ओटीटी की बजाय सीधा टीवी से डेब्यू करने जा रही है। खबर है कि कृष्णा श्रॉफ खतरों के खिलाड़ी 14 में खतरों से खेलती हुई दिखाई देंगी। हमेशा की तरह इस बार भी यह शो रोमांच का पूरा वादा करता है और दर्शकों को सीट से बांधे रखेगा।कृष्णा श्रॉफ की बात करें तो भाई टाइगर श्रॉफ की तरह वह भी फिटनेस की दीवानी हैं। कृष्णा श्रॉफ ने हाल ही में इस शो में आने की पुष्टि की है। कृष्णा ने एक बयान में कहा है, वह रोहित शेट्टी के स्टंट-आधारित रियलिटी शो में हिस्सा लेंगी। टाइगर श्रॉफ की बहन ने उल्लेख किया कि उन्हें हमेशा खुद को चुनौती देना पसंद है और खतरों के खिलाड़ी 14 से बेहतर अवसर क्या हो सकता है, जहां मैं अपनी मानसिक और शारीरिक ताकत बढ़ा पाऊंगीळ। कृष्णा की प्रोफाइल पर एक नजर डालें तो वह भी अपने भाई की तरह फिटनेस फ्रीक हैं, ऐसे में वह निश्चित रूप से खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए एक परफेक्ट ऑप्शन हैं। कृष्णा इस शो में सभी के लिए एक कठिन प्रतियोगी साबित हो सकती हैं। इस बार शो में सभी फीमेल कंटेस्टेंट की नजर कृष्णा पर जरूर होगी। कृष्णा के साथ-साथ इस शो में आसिम रियाज की भी एंट्री होने वाली है। यह भी कहा जा रहा है कि आसिम ने इस शो के लिए पूरी तरह से तैयारी शुरू कर दी है। रिपोर्ट की मानें तो रोहित शेट्टी के टीवी शो खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग रोमानिया में होगी। इससे पहले शूट लोकेशन को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, जबकि कुछ रिपोर्टों ने सुझाव दिया कि शूटिंग या तो बुल्गारिया या

# करण जौहर ने सोशल मीडिया पर शेयर की कभी अलविदा ना कहना की अनदेखी झलक




बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म कभी अलविदा ना कहना की अनदेखी झलक शेयर की है।

करण जौहर के निर्देशन में बनीं वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म कभी अलविदा ना कहना में अमिताभ बच्चन, शाहरूख खान, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन,रानी मुखर्जी ने मुख्य भूमिका निभायी थी। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर शाहरुख खान और रानी मुखर्जी के साथ कभी अलविदा ना कहना के सेट से थ्रोबैक फोटो पोस्ट की है। करण ने इस फोटो को पोस्ट करते हुए आदित्य चोपड़ा और शाहरुख को धन्यवाद बोला है।

करण जौहर ने कभी अलविदा ना कहना के सेट से थ्रोबैक फोटो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इस फोटो को किसी शॉट्स के बीच से लिया गया है। पोस्ट की गई फोटो में एक बेंच पर करण जौहर, शाहरुख खान और रानी मुखर्जी बैठे हुए हैं। बेंच पर बैठ कर तीनों लोग किसी गहरी सोच में डूबे दिखाई दे रहे हैं। करण जौहर ने फोटो को शेयर करते लिखा है की इन लोगों ने मुझे कहानीकार बनने के लिए प्रोत्साहित किया। ऐसी अविश्वसनीय प्रतिभा का दर्शक बनना मेरे लिए सबसे बड़ी सीख रही है। मैं अमिट यादों और कृतज्ञता के साथ पीछे मुड़कर देखता हूं। ऐसा एक भी दिन नहीं गया जब मैंने अपने ब्रह्मांड, आदित्य चोपड़ा और शाहरुख खान को यह विश्वास दिलाने के लिए धन्यवाद नहीं दिया कि मैं एक कहानीकार बन सकता हूं और अपने बचपन के सपनों को सेल्युलाइड पर निर्देशित करने का प्रयास कर सकता हूं।

### विजय देवरकोंडा के बर्थडे पर नई फिल्म का ऐलान

## सामने आया खौफनाक फर्स्ट लुक पोस्टर





विजय देवरकोंडा देश के सबसे पॉपुलर एक्टर में से एक हैं। साउथ इंडस्ट्री में तो एक्टर बेहद फेमस हैं ही वहीं बॉलीवुड में भी वे डेब्यू कर चुके हैं।

फिलहाल 35वां बर्थडे के मौके पर एक्टर के फैंस को बड़ा तोहफा देते हुए निर्माता दिल राजू ने विजय की अपकमिंग पैन-इंडियन प्रोजेक्ट की भी अनाउंसमेंट कर दी है।बता दें कि विजय देवरकोंडा के बर्थडे पर मेकर्स ने एक दिलचस्प पोस्टर शेयर कर उनके पैन-इंडियन प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट की है। विजय की इस अपकमिंग फिल्म का टेंपरेरी नाम एसवीसी 59 है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

दूसरों के साथ ख़ुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। दफ़्तर के कामकाज में ज़्यादा व्यस्तता के चलते अपने जीवनसाथी के साथ आपका रिश्ता तनावपूर्ण हो सकता है। आपको प्यार में ग़म का सामना करना पड़ सकता है। आप ऐसी योजनाओं को अमली जामा पहनाने की स्थिति में होंगे, जो कई लोगों को प्रभावित करेगी। आप चाहें तो परेशानियों को मुस्कुराकर दरकिनार कर सकते हैं या उनमें फँसकर परेशान हो सकते हैं। चुनाव आपको करना है। जीवनसाथी का बिगड़ता स्वास्थ्य आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करने के लिए अपनी बात खुल कर कहें और परेशानियों का सामना होठों पर मुस्कुराहट के साथ करें। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फ़ायदा होगा। आज का दिन ख़ुशियों से भरा रहेगा, क्योंकि आपका जीवन-साथी आपको ख़ुशी देने का हर प्रयास करेगा। आज किए गए निवेश काफ़ी फ़ायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है। रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी न होने से आपके वैवाहिक जीवन में तनाव संभव है। खाना, साफ़-सफ़ाई या कोई और घरेलू चीज़ इसका कारण हो सकती है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आपको आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे, जिसके चलते आपको तनाव और बेचैनी का सामना करना पड़ सकता है। जो लोग टैक्स चोरी करते हैं आज वो बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं। घर का कुछ समय से टलता आ रहा काम-काज आपका थोड़ा वक़्त ले सकता है। तब तक कोई वादा न करें, जब तक आप ख़ुद यह न जानते हों कि आप उसे हर क़ीमत पर पूरा करेंगे। घर मे हवन का आयोजन नयी लेकर आएगा

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

कोई अच्छी ख़बर मिल सकती है। नया आर्थिक क़रार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ़ आएगा। आपके माता-पिता की सेहत पर ज़्यादा ध्यान दिए जाने की ज़रूरत है। प्रेम के नज़रिए से आज का दिन आपके लिए ख़ुशियों से भरा रहेगा। खुदरा और थोक व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है। वक्त पर चलने के साथ-साथ अपनों को वक्त देना भी आवश्यक है। यह बात आज आप समझेंगे लेकिन इसके बावजूद भी आप अपने घरवालों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

अपनी सेहत का खयाल करें। आपके घर से जुड़ा निवेश फ़ायदेमंद रहेगा। दोस्त और रिश्तेदार आपकी मदद करेंगे और आप उनके साथ काफ़ी ख़ुशी महसूस करेंगे। सावधान रहें, क्योंकि प्यार में पड़ना आज के दिन आपके लिए दूसरी कठिनाइयाँ खड़ी कर सकता है। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आप न चाहते हुए भी कोई गलती कर बैठेंगे जिसकी वजह से आपको अपने सीनियर्स की डांट सहनी पड़ सकती है। कारोबारियों के लिए दिन सामान्य रहने की उम्मीद है। सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

जीवन-साथी ख़ुशी की वजह साबित होगा। जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें। किसी बुजुर्ग रिश्तेदार की निजी समस्याओं में मदद करके आप उनका आशीर्वाद पा सकते हैं। अपने प्रिय को समझने की कोशिश करें, नहीं तो मुश्किल में फंस सकते हैं। कार्यक्षेत्र के किसी काम में खराबी की वजह से आज आप परेशान रह सकते हैं और इस बारे में सोचकर अपना कीमती वक्त बर्बाद कर सकते हैं।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

किसी भी तरह के द्वन्द्व या विरोध से बचें, क्योंकि आपकी सेहत पर इसका बुरा असर होगा। आज आपको भूमि, रिअल-एस्टेट परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित करने की ज़रूरत है। घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल-मोल कर ही बोलें। जो लोग अब तक सिंगल हैं उनकी मुलाकात आज किसी खास से होने की संभावना है लेकिन बात को आगे बढ़ाने से पहले यह जरूर जान लें कि कहीं वो शख्स किसी के साथ रिश्ते में न हो। यात्रा आपके लिए आनन्ददायक और बहुत फ़ायदेमंद होगी।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज मुमकिन है कि आपको धन से जुड़ी कोई समस्या हो लेकिन अपनी सूझबूझ से आप हानि को भी मुनाफे में बदल सकते हैं। आपको बच्चों के साथ कुछ समय बिताने, उन्हें अच्छे संस्कार देने और उनकी ज़िम्मेदारी समझाने की ज़रूरत है। आपका प्रिय आपसे वादे की मांग करेगा, लेकिन ऐसा वादा न करें जिसे आप पूरा न कर सकें। आप लम्बे समय से दफ़्तर में किसी से बात करना चाह रहे थे। आज ऐसा होना मुमकिन है। बढ़िया खाने, महक और ख़ुशी के साथ आप अपने हमदम के साथ बेहतरीन समय बिता सकते हैं।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. घर वालों के साथ समय बिताना ख़ुशनुमा अनुभव रहेगा। अगर आप हुक़्म चलाने की कोशिश करेंगे, तो आपके और आपके प्रिय के बीच काफ़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। आज आपका मन ऑफिस के काम में नहीं लगेगा। आज आपके मन में कोई दुविधा होगी जो आपको एकाग्र नहीं होने देगी। घर में पड़ी कोई पुरानी वस्तु आज आपको मिल सकती है जिससे आपको अपने बचपन के दिनों की याद सता सकती है और आप उदासी के साथ अपने दिन का काफी समय अकेले बिता सकते हैं। लेकिन अन्ततः सब ठीक हो जाएगा।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है। वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा। परिवार के सदस्य सहयोगी होंगे, लेकिन उनकी काफ़ी सारी मांगें होंगी। आपका प्रेमी आज आपकी बातों को सुनने से ज्यादा अपनी बातें कहना पसंद करेगा जिसकी वजह से आप थोड़े खिन्न हो सकते हैं। किसी ऐसे नए उद्योग से जुड़ने से बचें जिसमें कई भगीदार हों- और अगर ज़रूर पड़े तो उन लोगों की राय लेने से न कतराएँ, जो आपके क़रीबी है। आप एक बेहतरीन जीवनसाथी होने की ख़ुशक़िस्मती को शिद्दत से महसूस कर पाएंगे।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। आपका बचाया धन आज आपके काम आ सकता लेकिन इसके साथ ही इसके जाने का आपको दुख भी होगा। जिन्हें आप चाहते हैं, उनके साथ उपहारों का लेन-देन करने के लिए अच्छा दिन है। किसी की प्यार में क़ामयाबी मिलने की कल्पना को सच कराने में मदद करें। किसी लघु या मध्यावधि पाठ्यक्रम में दाखिला लेकर अपनी तकनीकी क्षमताओं में निखार लाएँ। आपका जीवनसाथी आपको ज़्यादा ख़ास वक़्त देने वाला है।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी ख़ासी तारीफ़ कर सकते हैं। बोलते समय और वित्तीय लेन-देन करते समय सावधानी बरतने की ज़रूरत है। आप अनुभव करेंगे कि आपका जीवन अधिक अर्थपूर्ण हो रहा है। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं। आपका व्यक्तित्व ऐसा है कि ज्यादा लोगों से मिलकर आप परेशान हो जाते हैं और फिर अपने लिए वक्त निकालने की कोशिश करने लग जाते हैं। इस लिहाज से आज का दिन आपके लिए बहुत उम्दा रहने वाला है।

## शनिवार का पंचांग

दिनांक : 11 मई 2024 , शनिवार
विक्रम संवत : 2081
मास : वैशाख , शुक्ल पक्ष
तिथि : चतुर्थी रात्रि 02:06 तक
नक्षत्र : मृगशिरा प्रातः 10:16 तक
योग : सुकर्मा प्रातः 10:02 तक
करण : वणिज दोपहर 02:23 तक
चन्द्रराशि : मिथुन
सूर्योदय : 05:45 , सूर्यास्त 06:39 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:55 , सूर्यास्त 06:36 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:47 , सूर्यास्त 06:30 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:38 , सूर्यास्त 06:29 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
शुभ : 07:30 से 09:00
चल : 12:00 से 01:30
लाभ : 01:30 से 03:00
अमृत : 03:00 से 04:30
राहुकाल : प्रातः 09:00 से 10:30
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : उडद खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : विनायक चतुर्थी , कृतिका में रवि , भद्रा दोपहर 02:22 से रात्रि 02:03 तक

पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# मांड लोक गायक अली-गनी मोहम्मद की जोड़ी पद्मश्री से सम्मानित



**बीकानेर, 10 मई (एजेंसियां)।** राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को आयोजित भव्य पद्मश्री सम्मान समारोह में बीकानेर निवासी मांड लोक गायक बंधुओं की जोड़ी अली मोहम्मद और गनी मोहम्मद को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया। मोहम्मद बंधुओं की ओर से मांड गायकी का प्रदर्शन दुनिया भर में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ फिल्म उद्योग में भी काफी सजीवता के साथ किया गया है। मांड गायकी में मोहम्मद बंधुओं को पद्मश्री सम्मान, इस लोक कला को दुनिया भर में विशेष स्थान दिलाने के साथ-साथ राजस्थान के लिए भी गौरव की बात है।

बीकानेर के छोटे से गांव तेजरासर में जन्मे मोहम्मद बंधुओं ने मांड गायकी की संगीत कला को राजस्थान से निकालकर फिल्मी संगीत और विदेशी मंचों तक पहुंचाने का बेहतरीन काम किया है। विरासत में मिली संगीत की बुनियादी तालीम हासिल करने वाले मोहम्मद बंधु शास्त्रीय संगीत में भी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। फिल्म संगीतकार और राजस्थानी मांड गायकी के सरताज मोहम्मद बंधु आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

बता दें कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वर्ष 2024 के पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 132 हस्तियों को पद्म पुरस्कार देने की घोषणा की थी। इनमें पांच लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, और 110 को पद्म श्री पुरस्कार दिया गया। इस वर्ष के लिए पद्म पुरस्कार के लिए चुनी गईं हस्तियों में राजस्थान से बहरूपिया कलाकार जानकीलाल, माया टंडन, ध्रुपद गायक लक्ष्मण भट्ट तैलंग सहित पांच लोग शामिल हैं।

# अधिक शुल्क वसूलने वाले ओला-उबेर टैक्सी चालकों पर होगी कार्रवाई

**उदयपुर, 10 मई (एजेंसियां)।** झीलों की नगरी उदयपुर आने वाले पर्यटकों और अन्य यात्रियों से निर्धारित सीमा से अधिक राशि वसूलने वाले ओला-उबेर टैक्सी चालकों पर पुलिस तथा परिवहन विभाग की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित ओला-उबेर टेक्सी चालकों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कलक्टर ने बताया कि कुछ दिनों से शिकायतें मिल रहीं है कि हवाई अड्डे एवं शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों के साथ कई स्थालों पर ओला-उबेर टेक्सी संचालकों द्वारा मनमानी के साथ तय सीमा से अधिक शुल्क वसूला जा रहा है, जो उचित नहीं है।

उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि आने वाले पर्यटक हमारे मेहमान है और उनके यहां आने से आपको रोजगार मिलता है। ऐसे में आप सभी का दायित्व बनता है कि उन्हें पूर्ण ईमानदारी एवं सेवाभाव के साथ गंतव्य तक पहुंचाए। कलक्टर ने यह भी कहा कि आने वाले पर्यटकों व यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और पर्यटन सिटी की साख बनी रहे। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा कि सभी वाहन चालक पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें और आपसी समन्वय से पर्यटकों एवं यात्रियों को तय शुल्क में सेवाएं दे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मनमानी करने वालों एवं नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# देश के लोगों ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की ठानी : अशोक तंवर



**सिरसा, 10 मई (एजेंसियां)।** सिरसा लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने दावा किया कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है वहीं सिरसा से भी लोग कमल का बटन दबाकर सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। डॉ. तंवर शुक्रवार को ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव बकरियांवाली में आयोजित एक सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने डा. तंवर के समर्थन में जय श्रीराम, भारत माता की जय के नारे लगाए।

डॉ. तंवर ने कहा कि आज जो इंडिया समूह के लोग देश में एक झूठ फैलाने में जुटे हुए हैं कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद आम आदमी के अधिकार खत्म हो जाएंगे, असल में इन लोगों को इसी बात की चिंता सताई जा रही है कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद श्री मोदी की जनहितैषी नीतियों से इस इंडिया समूह के लोगों का वजूद ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के लिए चुनावी मैदान में हैं तो विपक्षी दल अपने अस्तित्व को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। डॉ. तंवर ने गुडियाखेड़ा, ढूकड़ा, जमाल, बरासरी, हंजीरा, रामपुरा ढिल्लो, गुसाईआना, खेड़ी, कुम्हारिया, कागदाना, जोगीवाला, चाहरवाला, शक्कमंदौरी, शाहपुरिया, तरकांवाली, नाथूसरीकलां, माखोसरानी व दड़बाकलां में आयोजित जनसभाओं को भी संबोधित किया।

# पत्नी ने पति का गला दबाकर की हत्या, शव को सीवर टैंक में फेंका



**जयपुर, 10 मई (एजेंसियां)।** पत्नी के दूसरे शख्स के साथ अवैध संबंध का विरोध करना एक पति को इस कदर भारी पड़ा कि उसे अपनी जिंदगी से हाथ धोना पड़ा। जिसके साथ शादी कर साथ जीने-मरने की कसमें खाई थीं, उसी पत्नी ने उसकी जान ले ली। महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पहले तो पति का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद मकान में ही बने 15 फीट गहरे सीवरेज टैंक में शव को फेंक कर अपने प्रेमी के संग सो गई। सीवरेज टैंक में कुछ दिनों दिन बाद बदबू उठी तो अन्य किराएदारों ने टैंक का ढक्कन खोला। सीवरेज में सड़ी-गली लाश देखकर सबके होश उड़ गए।घटना राजस्थान में जयपुर के करधनी इलाके की है। यहां सात मई को देर शाम सरना डूंगर में जान मोहम्मद नाम के एक व्यक्ति का शव उसी के घर में बने सीवरेज टैंक में मिला। सूचना मिलते ही करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं, मृतक की पत्नी शाहजहां खातून ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो शाहजहां खातून ने बताया कि उसके पति दो मई को नौकरी के लिए उदयपुर जाने को बोलकर निकले थे, लेकिन उसके बाद से उनका कॉल नहीं लगा। पत्नी के इस तर्क के बाद पुलिस को उस पर संदेह हुआ तो सामने आया कि अक्सर पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता था। पुलिस को झगड़े की वजह पता चली तो उन्होंने मृतक की पत्नी शाहजहां खातून से सख्ती से पूछताछ की। तब उसने राज से पर्दा उठाते हुए प्रेमी धर्मेंद्र के साथ मिलकर पति जान मोहम्मद की हत्या की बात खुलासा किया। जयपुर पश्चिम पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने बताया कि आरोपी पत्नी शाहजहां खातून के उसके प्रेमी आरोपी धर्मेंद्र पासवान के साथ अवैध संबंध थे। जब पति मृतक जान मोहम्मद को इसका पता चला तो उसने इसका विरोध किया। इसके बाद पति और पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होने लगा। यही नहीं शाहजहां खातून अपने प्रेमी धर्मेंद्र के साथ शादी भी करने वाली थी, लेकिन उसका पति उनके आड़े आ रहा था। ऐसे में दो मई की रात जब पति जान मोहम्मद घर आया तो शराब के नशे का फायदा उठाते हुए पत्नी ने पहले दुपट्टे से पति के हाथ पैर बांध दिए और फिर प्रेमी के साथ मिलकर मुंह तकिए से दबाया और फिर मौत की पुष्टि करने के लिए गला दबा दिया। इसके बाद देर रात ही अंधेरे में शव को ठिकाने लगाते हुए उसे सीवरेज टैंक में डालकर ढक्कन लगाकर छिपा दिया। पुलिस ने हत्या के आरोपी शाहजहां खातून और उसके प्रेमी धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला के दो बच्चें भी हैं।

# पुलिस और डकैत गिरोह के बीच फायरिंग, एक डकैत गिरफ्तार

**भरतपुर, 10 मई (एजेंसियां)।** धौलपुर के दिहोली थाना क्षेत्र में पुलिस एवं डीएसटी टीम की लुक्का डकैत गिरोह के साथ बीहड़ों में अंधाधुंध हुई फायरिंग में एक डकैत को गिरफ्तार कर लिये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मुठभेड़ गत देर रात सिद्ध बाबा मन्दिर के पास जुगईपुरा के बीहडों में हुई। इस मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से 100 से भी अधिक राउंड फायरिंग हुई। गिरफ्तार आरोपी का नाम सतीश बताया गया है। मुठभेड़ के दौरान अन्धेरे एवं बीहड का फायदा उठाकर लुक्का गिरोह का सरगना धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का अपने पांच साथियों सहित फरार हो जाने में कामयाब रहा, जिसके लिये पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है।

Rajasthan Police

पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया कि सूचना पर थानाधिकारी परमजीत सिंह ने डीएसटी टीम के साथ सिद्ध बाबा मन्दिर के पास जुगईपुरा के बीहडों में गिरोह की घेराबंदी की गयी, तभी बदमाशों की तरफ से करीब 50-60 राउण्ड फायर किये गये। जबाब में थाना दिहौली एवं डीएसटी टीम द्वारा 45 राउण्ड फायर करते कांस्टेबल सुरेश कुमार द्वारा लुक्का गैंग के एक सदस्य बदमाश सतीश को धर दबोचा गया। साथ ही डीएसटी टीम द्वारा लुक्का गिरोह द्वारा भागने के उपयोग में ली जा रही एक अपाची मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया गया।

मुठभेड़ के दौरान गिरोह का सरगना धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का, विष्णु उर्फ भगत निवासी करका खेरली, तहसीला निवासी मौरोली, हनुमानदास निवासी तिघरा, सोनू निवासी अतिराजका पुरा एवं सोनू पंडित निवासी सादिकपुर भागने में सफल रहे। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान फरार बदमाशों की सूचना देने वाले के नाम गोपनीय रख पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की है।

# सहायक रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 10 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने शुक्रवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के हिसार स्थित कार्यालय में तैनात सहायक सुरेंद्र सिंह को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो के हिसार पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करते हुये कार्रवाई की गयी है।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एसीबी की टीम को इस बारे में शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें तथ्यों की जांच-पड़ताल करते हुये ब्यूरो की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिये योजना बनाई। आरोपी सुरेंद्र सिंह द्वारा शिकायतकर्ता के दोस्त को भूखंड का री-अलॉटमेंट पत्र जारी करने के बदले में रिश्वत की मांग की गयी थी। ब्यूरो के प्रवक्ता ने आमजन से अपील करते हुये कहा कि यदि कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी काम करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है, तो तुरंत इसकी जानकारी एसीबी के टोल फ्री नंबर -1800-180-2022 तथा 1064 पर देना सुनिश्चित करें।

# राज्यपाल सरकार बर्खास्त करें या बहुमत सिद्ध करने का निर्देश दें : हुड्डा



**चंडीगढ़, 10 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मांग की कि तीन निर्दलीय विधायकों के प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार से समर्थन वापस लेने से अल्पमत में आ गयी सरकार को या तो तुरंत बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगायें या फिर सरकार को सदन में बहुमत साबित करने का निर्देश दें।

श्री हुड्डा के हस्ताक्षरित कांग्रेस के ज्ञापन में यह मांग की गयी है। ज्ञापन के अनुसार सोमवीर सांगवान (चरखी दादरी), रणधीर सिंह गोलन (पुण्डरी) और धर्मपाल गोंदर (नीलोखेड़ी) ने हाल में नायब सिंह सैनी सरकार से समर्थन वापस ले लिया, जिसके बाद सरकार अल्पमत में आ गयी है और सरकार के बने रहने का कोई नैतिक, संवैधानिक औचित्य नहीं रह गया।

ज्ञापन में बताया गया है कि जननायक जनता पार्टी (जजपा) भी स्पष्ट कर चुकी है कि वह इस सरकार को समर्थन नहीं देती।

इसके अलावा इंडियन नेशनल लोकदल ने भी मांग की है कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया जाये। एक निर्दलीय विधायक बलराज कुंडु दो वर्ष पहले ही सरकार से समर्थन वापस ले चुके हैं। दो विधायक मनोहर लाल खट्टर और रंजीत सिंह चौटाला विधायक पद से इस्तीफा दे चुके हैं, अर्थात इस समय सदन में 88 सदस्य हैं और बहुमत का आंकड़ा 45 है जबकि सरकार को 43 विधायकों का ही समर्थन है।

श्री हुड्डा के अनुसार आदर्श स्थिति तो यही होती कि सरकार खुद नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो राज्यपाल को सरकार को जोड़तोड़ का मौका न देते हुये तुरंत सरकार बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिये और नये सिरे से विधानसभा चुनाव करवाने चाहिये या फिर सरकार से सदन में बहुमत साबित करवाने का निर्देश देना चाहिये।

# व्यापारी के घर में लगी आग, गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक



**अलवर, 10 मई (एजेंसियां)।** एनईबी थाना क्षेत्र के 5/48 इलाके में एक व्यापारी के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसमें घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग से करीब 10 से 12 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। हालांकि, अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पा लिया, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।घटना के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पीड़ित हिमांशु गोयल ने बताया कि घटना के वक्त वह नहा रहा था। अचानक आग की लपटें देखकर उनके छोटे भाई ने शोरगुल मचाया, जिससे उनका उनका पूरा परिवार बाहर निकल कर पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाने लगा। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। आग इतनी तेज थी कि मोहल्ले के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था।परिवार व पड़ोसियों के लोग पानी लेकर आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। चंद समय में ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, जिसकी मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से घर में रखे आभूषण, नकदी, दस्तावेज, फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक आइटम कपड़े सहित घर गृहस्थी का पूरा समान जलकर राख हो गया। हिमांशु द्वारा करीब 12 लाख से अधिक का नुकसान होना बताया गया है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**भागलपुर (एजेंसियां)।**

भागलपुर के नवगछिया में भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना गोपालपुर थाना क्षेत्र के कटिहार-बेगूसराय एनएच 31 पर हुई। बताया जा रहा है कि कटिहार के तरफ से आ रही कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार तीनों लोग गाड़ी में ही फंस गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत कर तीनों शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

# हिंदूवादी नेता और भाजपा नेत्री को धमकाने वाला बिहार से पकड़ा गया, पाकिस्तान से जुड़े तार

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।**

हिंदूवादी नेता और भाजपा नेत्री को धमकाने वाले आरोपी को गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तानी संगठन से जुड़े होने का भी आरोप है। यह गिरफ्तारी बिहार के मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत सकरा थाना क्षेत्र से हुई है। पुलिस का कहना है कि गुजरात के सूरत के स्पेशल ब्रांच की टीम ने आरोपी को मुजफ्फरपुर जिला के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चक अब्दुल्ला गांव से गिरफ्तार किया है। चक अब्दुल्ला गांव आरोपी मोहम्मद अली का ननिहाल है। पुलिस का कहना है कि मोहम्मद अली ने भाजपा की प्रवक्ता और नेत्री नूपुर शर्मा और हिंदूवादी नेता उमेश्वर राणा को जान से मारने की धमकी दी थी, जिसको लेकर गुजरात की पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया था।



पुलिस का यह भी कहना है कि आरोपी मोहम्मद अली लगातार पाक संगठनों के संपर्क में था और कई हिंदू नेताओं को जान से मारने की धमकी और साजिश रच रहा था। यही नहीं बल्कि इसका नेटवर्क गुजरात राज्य के सूरत में रहने वाले एक मौलाना और पाकिस्तान के कट्टरपंथी सदस्यों से भी था। उपदेश राणा की हत्या की साजिश में मौलाना सोहैल अबुबक्र तिमोल की गिरफ्तारी के बाद इस मामले का खुलासा हुआ था। और मो सोहैल का संबंध पाकिस्तानी आतंकी संगठन से जुड़ने के बाद से गुजरात पुलिस ने इसकी और कड़ियों जोड़ीं। और फिर उसके बाद आरोपी को पकड़ा गया है।

इस मामले में स्पेशल पुलिस ने आरोपी के पास से जब्त मोबाइल फ़ोन से कई अहम जानकारी को जुटाया है। इसके साथ ही आरोपी मोहम्मद अली पाकिस्तान के कई कट्टरपंथी संगठन के संपर्क में था और इसके लिए वाट्सएप चैटिंग और अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से कनेक्ट रहता था, जिसके बाद सूरत की स्पेशल सेल की टीम ने आरोपी मोहम्मद अली को गिरफ्तार कर लिया और मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट में पेश किया। अब कोर्ट का आदेश मिलने के बाद पुलिस मो अली को सूरत लेकर जायेगी। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## जिंदल स्टील प्लांट में हादसे में तीन कर्मचारियों की मौत

**बल्लारी/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जिले के तोरानागल्लू में जिंदल स्टील प्लांट में पानी की पाइपलाइन के रखरखाव का काम करते समय एक दुर्घटना में तीन श्रमिकों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान भुवनहल्ली के जेडप्पा, चेन्नई के महादेवन और बेंगलूरु के सुशांत के रूप में की गई।

यह दुखद घटना तब घटी जब तीन लोग पानी की आपूर्ति बंद किए बिना पानी की टंकी से जुड़ी पाइपलाइन की मरम्मत कर रहे थे। महादेवन, जो पाइपलाइन की मरम्मत कर रहे थे, पानी के जेट के उच्च दबाव के कारण फिसलकर पानी की टंकी में गिर गए। उसे बचाने के लिए सुशांत और जेडप्पा भी पानी की टंकी में कूद गए, जिससे तीनों की मौत हो गई।

### मतगणना से पहले ही सोशल मीडिया में मतदान का एक्सरे

# मत प्रतिशत-आंकड़ा निकाल हो रहा जीत-हार का दावा



**खगड़िया (एजेंसियां)।**

चार जून को मतगणना से पहले खगड़िया में मतदान का एक्सरे सोशल मीडिया में हो रहा है। हालांकि सभी प्रत्याशी के भाग्य का फ़ैसला ईवीएम में बंद है। बावजूद इसके एनडीए और महागठबंधन समर्थक अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। मतलब चुनाव के बाद और मतगणना से पहले आंकड़ों के आधार पर वोटिंग प्रतिशत का एक्सरे किया जा रहा है। ऐसे में मतदान हो जाने के बाद भी जिले का राजनीति पारा हाई है। चाहे राजनेता हों या समर्थक, सभी अपनी सुविधा अनुसार निकाले इन आंकड़ों के जरिए अपनी जीत होने की बात कह रहे हैं।

सोशल मीडिया में एनडीए और महागठबंधन के नेता और समर्थक जिन आंकड़ों को अपनी जीत बता रहे हैं। उनमें जाति अनुसार वोट प्रतिशत शामिल है। एक तरफ महागठबंधन द्वारा जातिवार आंकड़ा निकाल खुद के उम्मीदवार को 85 हजार वोट से जीत दिलाई जा रही है। वहीं, दूसरी ओर एनडीए की तरफ़ से करीब एक लाख से ऊपर वोट से जीत का दावा किया जा रहा है।

वहीं, राजनीतिक पार्टियों द्वारा जारी इन आंकड़ों के उलट चुनावी विशेषज्ञ खगड़िया में टांके की टक्कर होने की बात कह रहे हैं। उनके दावों की अगर बात करें तो उसके अनुसार, एनडीए और महागठबंधन दोनों में जीत-हार का फ़ासला काफ़ी कम देखने को मिल सकता है। हालांकि किसकी जीत किसकी हार होगी, यह चार जून को मालूम होगा। मगर खगड़िया के सोशल मीडिया में चुनाव परिणाम की जबरदस्त चर्चा की जा रही है।

बहरहाल, इन जीत-हार के दावों के बीच खगड़िया में 10 मई को दो मतदान केंद्रों पर पुनः मतदान कराया जा रहा है। गौरतलब है कि वोट बहिष्कार को लेकर बीते सात मई को पोलिंग बूथ संख्या 182 और 183 पर झड़प हुई थी। जहां लोगों ने वोट का बहिष्कार किया था।

### जदयू विधायक गोपाल मंडल ने पूर्व सांसद पर कसा तंज, कहा

# सठिया गए हैं वह, मैं हूं राजनीतिक ज्योतिषी

**भागलपुर (एजेंसियां)।**

भागलपुर के गोपालपुर से जदयू विधायक नरेन्द्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बुलो मंडल सठिया गए हैं। उनकी स्थिति एक जिंदा लाश की तरह है। राजद से जदयू में आने के बाद वह डेड हो गए हैं, उनका वैल्यू घट गया है। चुनाव प्रचार के दौरान कहीं जाने पर लोग उन्हें कुर्सी नहीं देते हैं। गोपाल मंडल ने कहा कि बुलो मंडल कोई राष्ट्रीय प्रवक्ता थोड़ी है, जो उनके पार्टी बदलने से कुछ प्रभाव पड़ेगा? राजद से जदयू में आने से जदयू पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



राष्ट्रीय जनता दल से जनता दल यूनाइटेड में शामिल होने वाले भागलपुर के पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को विधानसभा में गोपालपुर से टिकट मिलने की बात पूछने पर गोपाल मंडल असहज हो गये और अपने बड़बोलेपन वाले रवैये में कहा कि गोपालपुर में सिर्फ गोपाल मंडल का ही रजिस्टर्ड टिकट है, हम ही लड़ेंगे। इसी दौरान गोपाल मंडल ने कहा कि राजद से जदयू में आने के बाद वह डेड हो गए हैं। उसके आ जाने से जदयू में ना कुछ बढ़ेगा ना कुछ घटेगा। फ़ील्ड में कोई उनको वैल्यू नहीं देता है, उनका वैल्यू घट गया है। गोपाल मंडल ने कहा कि बुलो मंडल कोई राष्ट्रीय प्रवक्ता थोड़ी है, जो उनके पार्टी बदलने से कुछ प्रभाव पड़ेगा ? राजद से जदयू में आने से जदयू पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि स्थिति ऐसी है कि चुनाव प्रचार के दौरान कहीं जाने पर लोग उन्हें कुर्सी नहीं देते हैं।

जदयू विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ़ गोपाल मंडल ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी अजय मंडल ने कहा था कि गोपाल मंडल कोई ज्योतिषी हैं जो यह बात कह रहे हैं ? इस सवाल के पूछने पर गोपाल मंडल ने कहा कि हां मैं राजनीतिक ज्योतिषी हूं। भागलपुर में पढ़े लिखे हैं, भागलपुर में रहते हैं, भागलपुर की जनता को अच्छे से जानते हैं। तभी हम बता पा रहे हैं कि भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में केवल गोपालपुर ही लीड करेगा।

चुनाव में वोटिंग के दौरान गोपालपुर विधानसभा के जपतेली गांव में वोट बहिष्कार पर बयान देते हुए कहा कि इसमें सांसद की गलती है। गांव जाकर ग्रामीणों से आग्रह करना चाहिए, अगर वह जाते और लोगों को समझाते तो लोग वोटिंग जरूर करते।

### एआईएमआईएम ने राजद नेता पर लगाया बड़ा आरोप, कहा-

# सत्ता के लिए तेजस्वी भाजपा से भी मिला लेंगे हाथ

**औरंगाबाद (एजेंसियां)।**

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। औरंगाबाद में एआईएमआईएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता आदिल हसन ने आरोप लगाया कि तेजस्वी सत्ता के लोभी हैं। वह सत्ता पाने के लिए किसी से भी हाथ मिला सकते हैं। वह सत्ता पाने के लिए भाजपा से भी हाथ मिला सकते हैं, क्योंकि किसी तरह से सत्ता पाना ही उनका मकसद है।

एआईएमआईएम ने आदिल हसन ने पूर्णिया का उदाहरण देते हुए कहा कि पप्पू यादव के आगे अपने उम्मीदवार की संभावित हार को देखते हुए जब तेजस्वी खुले मंच से एनडीए को वोट देने की अपील कर सकते हैं तो उन्हें सत्ता पाने के लिए भाजपा से भी गुरेज नहीं हो सकता है। आने वाले दिनों में तेजस्वी अगर भाजपा के साथ दिखे तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम मुसलमान उनके जैसे छल करने वाले नहीं हैं। हम ईमान वाले हैं, हम पक्की जुबान वाले हैं। हम जो कहते है, उसे करते हैं। किसी से डरते नहीं, किसी के आगे झुकते नहीं। हम सिर्फ अल्लाह से डरते हैं और उन्हीं के आगे झुकते भी हैं।

उन्होंने कहा कि पॉलिटिकल ड्रामा बहुत हो चुका। मुसलमान रोजे रखे और हमारी टोपी-गमछा पहन कर इफ्तार नीतीश और तेजस्वी करें, हमारा खजूर खाएं और फोटो भी खिंचवाएं, यह अब नहीं चलने वाला। इसे हम चलने नहीं देंगे। ऐसा कर ये सोचते हैं कि उनसे मुसलमान खुश हो जाएगा। यह कतई नहीं होगा। मुसलमान को खुश रखना है तो बिहार का मुस्लिम बजट बढ़ाना होगा। तेलंगाना में मुसलमान आबादी 50 लाख है और वहां का मुस्लिम बजट 2,200 करोड़ है जबकि बिहार में 2.25 करोड़ मुस्लिम आबादी यानी 18 प्रतिशत है और मुस्लिम बजट 650 करोड़ है। यह हाल तब है जब बिहार में 22 और तेलंगाना में सात मुस्लिम एमएलए हैं। इतना ही नहीं 18 प्रतिशत मुस्लिम आबादी को राजद महज दो टिकट देता है। यह सब कहां का इंसाफ है, यह हमारे साथ नाइंसाफी है। इसे मुसलमान बर्दाश्त नहीं करने वाले हैं।

# छात्रावास की कई लड़कियां फूड प्वाइजनिंग से बीमार, प्राचार्य ने दिया अजीब बयान

**जहानाबाद (एजेंसियां)।**

जहानाबाद के छात्राओं के एक छात्रावास में फ़ूड पाइजनिंग से होस्टल की 12 छात्राएं को बीमार हो गयी।

बीमार सभी छात्राओं को आननफानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां दो छात्राओं की हालत गंभीर बनी हुई है।

अचानक सभी छात्राओं को एक साथ बीमार होने से होस्टल में हड़कंप मच गया है। मामला काको प्रखंड के डॉ भीम राव अम्बेडकर छात्रावास की है।

इस संबंध में छात्राओं का कहना है कि है सभी छात्राओं को नाश्ते में समोसा और रात के खाने में पूड़ी-सब्जी दिया गया था। इसके बाद इन्हें उल्टियां और पेट दर्द शुरू हो गये। जिसके बाद प्रिंसिपल ने बीमार छात्राओं को गैस और उल्टी की दवा दी। धीरे-धीरे कई छात्राओं को पेट दर्द और उल्टी होने लगी। आननफानन में सभी बीमार छात्राओं को सदर अस्पताल लाया गया, जहां दो छात्राओं को भर्ती कराया गया जबकि अन्य छात्राओं को उपचार कर उन्हें होस्टल भेज दिया गया।

स्कूल के प्रिंसिपल राजकुमार का कहना है कि गुरुवार की शाम मेनू के अनुसार उन्हें दो समोसा दिया गया था रात के खाने में उन्हें पूड़ी सब्जी दिया गया था।



प्रिंसिपल वंदना झा ने बताया कि खाना खाने के बाद भोजन सही से नहीं पचने के कारण गैस बन गया। प्रिंसिपल ने कहा कि हड़बड़ाने की वजह से उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैंने एम्बुलेंस को कॉल किया था लेकिन इन लोगों ने ध्यान नहीं दिया। तब गोद में उठाकर टेम्पू से इनको अस्पताल ले कर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि फिलहाल सभी छात्राओं की स्थिति ठीक है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाना छात्रावास के अंदर ही बनता है इसलिए खाना पीना को लेकर लापरवाही बरतने के कारण ऐसी घटना हुई है, लेकिन प्रिंसिपल ने यह नहीं बताया कि खाना खाने के बाद तबीयत खराब हुई है।

इधर इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ कुंदन शर्मा का कहना है कि 10-12 छात्राएं डिहाइड्रेशन की शिकार हो गयी थी, जिसमें दो छात्राओं को स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य छात्राओं को इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है। फिलहाल सभी छात्राएं ठीक है।

### मल्लिकार्जुन खरगे पर चिराग पासवान का हमला

## पहले इंसानों को बांटते थे, अब भगवान में लड़ाई लगा रहे'

**पटना (एजेंसियां)।**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 'शिव की राम से लड़ाई' को लेकर विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। चिराग पासवान ने कहा कि कुछ लोग इंसानों को बांटने से संतुष्ट नहीं हैं, तो वे अब देवताओं के बीच लड़ाई भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए एक सभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस बार भगवान शिव और राम के बीच लड़ाई छिड़ने वाली है। उन्होंने खुद को शिव का भक्त बताया और कहा कि शिव में सबसे अधिक शक्ति है। शिव के खिलाफ कोई भी विजयी नहीं हो सकता। चिराग पासवान ने बुधवार को खरगे के बयान पर प्रतिक्रिया दी। चिराग पासवान ने पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कुछ लोग राजनीति में धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं, और एनडीए पर धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाते हैं।

# पीएम मोदी ने ऐसा किया फिर भी हनुमान बने हुए हैं चिराग, अपने पिता के भाषणों को सुनें : तेजस्वी

**पटना (एजेंसियां)।**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फ़िर से पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। चिराग पासवान द्वारा आरक्षण पर दिए गए बयान के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि इस पर ज्यादा टीका-टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है। चिराग पासवान खुद ही कहते थे कि वह संपन्न दलित हैं। उनको आरक्षण वापस लौटा देना चाहिए। पीएम मोदी ने तो चिराग पासवान के साथ अन्याय किया है। उनके पिताजी की मूर्ति को फेंकवाया। उनके घर को खाली करवाया। उनके पार्टी को तुड़वाया। उनकी पार्टी सिंबल जो बांग्ला था, उसको छीनने का काम किया। घर में चाचा भतीजे में लड़ाई लगवाए फिर भी चिराग पासवान मोदी जी के हनुमान बने हुए हैं। कोई भी खुदगर्ज आदमी होता मोदी जी के साथ नहीं रहता। लेकिन, पता नहीं चिराग पासवान की अपनी सोच है। वह स्वतंत्र हैं किसी के साथ भी रहने के लिए।



तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा कि आरक्षण के बारे में चिराग पासवान को थोड़ी भी जानकारी नहीं है। ना ही आरएसएस के इतिहास की उनको जानकारी है। थोड़ा आरक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त करें और जानकारी तभी उनको प्राप्ति हो सकती है जब अपने पिताजी रामविलास पासवान के भाषणों को वह सुनेंगे। रामविलास जी कई बार कह चुके थे कि भाजपा दंगाई पार्टी है। आरक्षण विरोधी है। आरक्षण समाप्त करना चाहती है। इस कारण उन्होंने मंत्रीमंडल से इस्तीफा भी दिया था।

तेजस्वी यादव ने कहा कि चिराग पासवान नादान हैं। इधर-उधर कोई भटका देता है तो भटक जाते हैं। मोदी जी हैं तो आरक्षण पर खतरा है। मोदी जी हैं तो लोकतंत्र और संविधान पर खतरा है। आंख बंद करके नहीं रहना चाहिए आंख खोल कर रहना चाहिए। भाजपा के नेता और सांसद बार-बार इस बात को कह रहे हैं 400 पार लाओ और हम संविधान को खत्म करेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com